
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 200 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 30 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान

**समाज जागरण**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में ऐतिहासिक मतदान दर्ज किया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ, जो स्वतंत्रता के बाद राज्य में अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत माना जा रहा है। चुनाव आयोग ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता की बढ़ती आस्था, जागरूकता और सक्रिय भागीदारी का प्रतीक बताया है।

दूसरे चरण का मतदान सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ और शांतिपूर्ण वातावरण में देर शाम तक जारी रहा। आयोग द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार शाम 7:45 बजे तक मतदान प्रतिशत 91.66 तक पहुंच गया था। इससे पहले पहले चरण में भी 93.19 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

# श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत विस्तार से जम्मू-कश्मीर को मिलेगी नई रफ्तार

**समाज जागरण**

जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा का विस्तार करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह सेवा 2 मई 2026 से नियमित रूप से शुरू होगी, जिससे जम्मू-कश्मीर के लोगों को तेज, सुरक्षित और निर्बाध रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी।

इस नई व्यवस्था के तहत अब यात्रियों को कटरा में ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पहले श्रीनगर से जम्मू या अन्य क्षेत्रों की यात्रा करने वाले लोगों को कटरा स्टेशन पर उतरकर दूसरी ट्रेन पकड़नी पड़ती थी, जिससे समय और असुविधा दोनों बढ़ते थे। वंदे भारत सेवा के विस्तार के बाद अब श्रीनगर, जम्मू, कटरा और रियासी के बीच सीधी और सहज रेल यात्रा संभव हो सकेगी। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।




यात्रियों के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए ट्रेन में कोचों की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले जहां यह ट्रेन 8 कोच के साथ संचालित हो रही थी, वहीं अब इसे बढ़ाकर 20 कोच कर दिया गया है। इससे अधिक संख्या में यात्री आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस ट्रेन में सफर कर सकेंगे।

यह रेल सेवा विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में जम्मू-कश्मीर के लिए जीवनरेखा साबित हो सकती है। कठोर बर्फबारी और खराब मौसम के कारण जब जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो जाता है, तब लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में वंदे भारत ट्रेन घाटी और देश के अन्य हिस्सों के बीच संपर्क बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ट्रेन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह माइनस 20 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी सुचारु रूप से चल सके।

रेल संपर्क मजबूत होने से जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। कश्मीर के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, पश्मीना शॉल, कालीन, लकड़ी की नक्काशी और केसर जैसे उत्पाद अब देश के अन्य हिस्सों तक तेजी से पहुंच सकेंगे। इससे व्यापार को गति मिलेगी और स्थानीय कारोबारियों को नए अवसर प्राप्त होंगे। इसके अलावा पर्यटन उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता देखने आने वाले पर्यटकों के लिए अब यात्रा और अधिक आरामदायक और सुविधाजनक हो जाएगी।

अपने दौरे के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव अंजी खड़ पुल और चिनाब रेल पुल का निरीक्षण भी करेंगे। अंजी खड़ पुल भारत का पहला केबल-स्टे रेलवे पुल है, जबकि चिनाब रेल पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज माना जाता है। ये दोनों परियोजनाएं भारतीय इंजीनियरिंग क्षमता और आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

यह विस्तार उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना यानी USBRL परियोजना का हिस्सा है। लगभग 272 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं। हिमालयी क्षेत्र की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद इस परियोजना को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया गया है, जो भारतीय रेलवे की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

पिछले एक दशक में जम्मू-कश्मीर में रेल विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। वर्ष 2014 में उधमपुर-कटरा रेल खंड शुरू हुआ, 2024 में कश्मीर घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली और 2025 में जम्मू रेलवे डिवीजन का गठन किया गया। अब श्रीनगरझ्रजम्मू वंदे भारत सेवा का विस्तार इस विकास यात्रा की एक और महत्वपूर्ण कड़ी बन गया है।

इस नई सेवा से छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और पर्यटकों सभी को लाभ मिलेगा। तेज, सुरक्षित और किफायती यात्रा सुविधा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई दिशा देने का काम करेगी। जम्मू-कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने में यह रेल सेवा आने वाले समय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है।

# तमिलनाडु में बड़ा राजनीतिक उलटफेर ! विजय की TVK ने एग्जिट पोल में चौंकाया

**समाज जागरण**

तमिलनाडु की राजनीति में इस बार अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लंबे समय से राज्य की राजनीति द्रविड़ दलों–द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके)–के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है, किंतु इस बार एक नई राजनीतिक शक्ति ने राजनीतिक समीकरण बदल दिए हैं। प्रसिद्ध अभिनेता विजय द्वारा स्थापित राजनीतिक दल तमिलगा वेट्री कझगम (TVK) ने चुनावी परिदृश्य में अप्रत्याशित रूप से मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।




एक्सिस माई इंडिया द्वारा जारी एग्जिट पोल के अनुसार तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा में विजय की पार्टी सत्ता प्राप्ति के अत्यंत निकट दिखाई दे रही है। एग्जिट पोल के अनुमान बताते हैं कि टीवीके को 98 से 120 सीटें प्राप्त हो सकती हैं, जबकि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (DMK) गठबंधन को 92 से 110 सीटों तक सीमित रहना पड़ सकता है। बहुमत के लिए 118 सीटों की आवश्यकता होती है और टीवीके इस आंकड़े को प्राप्त करती हुई प्रतीत हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति में नए युग का संकेत है। राज्य की जनता, विशेष रूप से युवा वर्ग, पारंपरिक राजनीतिक दलों से निराश दिखाई दिया और उसने परिवर्तन के विकल्प के रूप में विजय की पार्टी को समर्थन दिया। विजय ने चुनाव प्रचार के दौरान अत्यधिक राजनीतिक भाषणों के बजाय आम नागरिकों की समस्याओं–रोजगार, शिक्षा, भ्रष्टाचार, महंगाई और आधारभूत सुविधाओं–को प्रमुखता से उठाया। यही कारण रहा कि जनता का एक बड़ा वर्ग उनसे जुड़ता चला गया।

तमिलनाडु में सिनेमा और राजनीति का संबंध बहुत पुराना रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन, जयललिता और करुणानिधि जैसे नेताओं ने फिल्म जगत से राजनीति में प्रवेश कर राज्य की राजनीति को दशकों तक प्रभावित किया। विजय ने भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाया है, किंतु उनकी शैली अपेक्षाकृत अलग रही। उन्होंने स्वयं को केवल एक लोकप्रिय अभिनेता के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जो व्यवस्था परिवर्तन की बात करता है।

विजय की तुलना अब अरविंद केजरीवाल से भी की जा रही है। जिस प्रकार आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में पारंपरिक राजनीति को चुनौती देते हुए अचानक सत्ता प्राप्त की थी, उसी प्रकार तमिलगा वेट्री कझगम भी तमिलनाडु में नया राजनीतिक विकल्प बनकर उभरी है। कुछ ही महीनों पहले गठित इस पार्टी का सीधे सत्ता के समीप पहुंच जाना भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटना माना जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर, एआईएडीएमके और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाया। एग्जिट पोल के अनुसार गठबंधन को केवल 22 से 32 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई है। इससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि राज्य की जनता अब पारंपरिक राजनीतिक गठबंधनों से आगे बढ़कर नए विकल्पों को अवसर देना चाहती है।

यदि एग्जिट पोल के अनुमान वास्तविक परिणामों में परिवर्तित होते हैं, तो यह तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन सिद्ध होगा। इससे न केवल डीएमके और एआईएडीएमके का दशकों पुराना वर्चस्व कमजोर होगा, बल्कि राज्य की राजनीति में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व का प्रभाव भी बढ़ेगा।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि विजय की सफलता केवल उनके फिल्मी करिश्मे का परिणाम नहीं है, बल्कि यह जनता की उस इच्छा का प्रतीक है जिसमें वह पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन चाहती है। अब सभी की निगाहें अंतिम चुनाव परिणामों पर टिकी हैं, जो यह तय करेंगे कि तमिलनाडु की राजनीति वास्तव में परिवर्तन के नए दौर में प्रवेश कर रही है या नहीं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन

**समाज जागरण**

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वाराणसी पहुंचकर काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में लगभग 20 मिनट तक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

मंदिर परिसर में पांच विद्वान पंडितों ने प्रधानमंत्री से विशेष पूजन कराया। पूजा के दौरान उन्हें माला पहनाई गई तथा माथे पर त्रिपुंड लगाया गया।

दर्शन-पूजन के बाद मंदिर से बाहर निकलने पर भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री को त्रिशूल और डमरू भेंट किया। प्रधानमंत्री ने श्रद्धाभाव के साथ त्रिशूल को हाथ में उठाकर लहराया, जिसका उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

प्रधानमंत्री मोदी लगभग 14 किलोमीटर लंबे भव्य रोड शो के माध्यम से मंदिर पहुंचे। रोड शो के दौरान मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई तथा भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की धुन पर उत्साहपूर्वक नृत्य करते दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



मंदिर के प्रवेश द्वार पर 108 बटुकों ने शंखनाद कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री बच्चों से भी मिले और उनसे आत्मीय बातचीत की।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर वाराणसी में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर क्षेत्र सहित पूरे रोड शो मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

काशी प्रवास के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरदोई के लिए रवाना हो गए, जहां वह गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। लगभग 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा और उत्तर प्रदेश में यातायात एवं औद्योगिक विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## आईएन-एसएलएन डाइवेक्स 2026 से भारत-श्रीलंका समुद्री सहयोग को मिली नई मजबूती



भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री सुरक्षा एवं रक्षा सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में आईएन-एसएलएन डाइवेक्स 2026 का सफल आयोजन किया गया। 21 से 28 अप्रैल 2026 तक कोलंबो में आयोजित इस द्विपक्षीय गोताखोरी अभ्यास के चौथे संस्करण में भारतीय नौसेना और श्रीलंकाई नौसेना की विशेष गोताखोरी टीमों ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच समन्वय, तकनीकी दक्षता और संयुक्त अभियान क्षमता को बढ़ाना था। अभ्यास के दौरान दोनों देशों के गोताखोरों ने गहरे समुद्र में उन्नत स्तर की गोताखोरी गतिविधियों में हिस्सा लिया। विशेष रूप से मिश्रित गैस गोताखोरी तकनीक पर जोर दिया गया, जिसे अत्यधिक गहराई वाले अभियानों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। बंदरगाह क्षेत्रों तथा खुले समुद्र दोनों स्थानों पर व्यापक अभ्यास किए गए, जिससे दोनों नौसेनाओं की पेशेवर क्षमता और तकनीकी कौशल का प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला।

# एक्सप्रेसवे से ज्यादा रफ्तार यूपी के विकास की: पीएम मोदी

### गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण पर पीएम मोदी ने की सीएम योगी के नेतृत्व में हो रहे विकास की सराहना

**समाज जागरण**

हरदोई, 29 अप्रैल। गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में केवल एक्सप्रेसवे ही नहीं बन रहे, बल्कि इनसे भी तेज गति से प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने इसे "नए उत्तर प्रदेश" की पहचान बताते हुए कहा कि यह एक्सप्रेसवे प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और रोजगार के लिए नई लाइफलाइन साबित होगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि गंगा एक्सप्रेसवे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक परिवर्तन का आधार है, जहां प्रदेश का विकास एक्सप्रेसवे की रफ्तार से भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**हरिद्वार तक विस्तार की योजना पर काम शुरू**

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे का यह वरदान मां गंगा के आशीर्वाद से मिला है। अब लोग कुछ ही घंटों में संगम पहुंच सकते हैं और काशी में बाबा के दर्शन कर सकते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि एक्सप्रेसवे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा गया है, जो प्रदेश की विरासत और विकास दोनों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले किसानों की फसलें समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पाती थीं, लेकिन अब एक्सप्रेसवे के माध्यम से कम समय में उत्पाद बाजारों तक पहुंचेंगे, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स, हरदोई का हैंडलूम, उन्नाव का लेदर और प्रतापगढ़ का आंवला जैसे उत्पादों को नई बाजार पहुंच मिलेगी। यह एक्सप्रेसवे 12 जिलों में उद्योगों को आकर्षित करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। गंगा एक्सप्रेसवे केवल पांच वर्षों में बनकर तैयार हुआ है और इसके विस्तार की योजना पर भी काम शुरू हो गया है, जिससे यह मेरठ से आगे हरिद्वार तक पहुंचेगा। साथ ही इसे अन्य एक्सप्रेसवे से जोड़कर एक व्यापक नेटवर्क तैयार किया जाएगा।



**इंफ्रास्ट्रक्चर से बदल रही यूपी की तस्वीर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो रहा है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। राज्य में 21 एयरपोर्ट विकसित हो रहे हैं, जिनमें 5 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे बड़े प्रोजेक्ट यूपी की औद्योगिक शक्ति को नई पहचान दे रहे हैं। एक समय उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्य कहा जाता था, लेकिन आज वही राज्य 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के साथ प्रदेश की छवि पूरी तरह बदल रही है और अब यूपी निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

**पिछली सरकारों ने अपराध-जंगलराज को यूपी की पहचान बना दिया था**

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्या पुरानी सरकारों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की कल्पना भी की जा सकती थी? पहले पलायन होता था, आज यहां इन्वेस्टर समिट हो रहे हैं। भारत में जितने मोबाइल फोन बनाए जा रहे हैं, उनमें से आधे से अधिक केवल उत्तर प्रदेश में ही बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने पुरानी सियासत को बदल दिया है। हमारा उत्तर प्रदेश भगवान राम और कृष्ण की पावन धरती है। पिछली सरकारों ने अपराध और जंगलराज को यूपी की पहचान बना दिया था। जिनके हाथ से सत्ता गई है, वे आज फिर यूपी और समाज को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वे महिला विरोधी हैं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम का भी उन्होंने विरोध किया। लेकिन इन विपक्षी दलों को यूपी की सीटें बढ़ने से आपत्ति है। वे आपके वोट से संसद पहुंचते हैं और फिर यूपी को गाली देने वालों के साथ खड़े हो जाते हैं।

# कुपोषित बचपन, कमजोर भविष्य और समाधान की दिशा

देश का भविष्य उसके बच्चे होते हैं, यह केवल भावनात्मक कथन नहीं बल्कि एक कठोर सामाजिक सत्य है। यदि यही भविष्य कुपोषण की गिरफ्त में हो, तो सशक्त राष्ट्र का सपना अधूरा ही रह जाता है। भारत में बाल कुपोषण आज एक गंभीर और बहुआयामी चुनौती के रूप में उभर रहा है। विभिन्न सरकारी और स्वतंत्र आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 34झ35 लाख बच्चे कुपोषण से प्रभावित हैं, जिनमें करीब 50 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी में आते हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं बल्कि सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न है। देश में हर वर्ष बाल दिवस जैसे आयोजनों पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय जैसी संस्थाएं सक्रिय हैं, फिर भी जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। यह विरोधाभास सोचने पर मजबूर करता है कि संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद उनका समुचित उपयोग क्यों नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय मलेरिया, टीबी और अन्य संक्रामक रोगों पर अरबों रुपये खर्च करता है, जो आवश्यक भी है, परंतु बच्चों के पोषण जैसे मूलभूत मुद्दे पर उतनी ही गंभीरता और निरंतरता का अभाव स्पष्ट दिखता है। यदि देश के बच्चे ही शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होंगे, तो वे भविष्य में राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका कैसे निभा पाएंगे। आंकड़े बताते हैं कि लगभग 18 लाख बच्चे गंभीर कुपोषण से पीड़ित हैं, जबकि शेष 16 लाख बच्चे मध्यम कुपोषण की स्थिति में हैं। राज्यों के स्तर पर देखें तो महाराष्ट्र में लगभग 6 लाख कुपोषित बच्चे दर्ज किए गए हैं, जिनमें 4.5 लाख से अधिक गंभीर रूप से प्रभावित हैं; बिहार में करीब 5 लाख, गुजरात में लगभग 3.5 लाख, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, असम और तेलंगाना जैसे बड़े राज्यों में भी लाखों बच्चे कुपोषण की चपेट में हैं। यहां तक कि देश की राजधानी दिल्ली में भी करीब 2 लाख बच्चों का कुपोषित होना यह दशार्ता है कि समस्या केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि प्रबंधन और क्रियान्वयन की कमजोरी भी है। वैश्विक स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है, जब हम वैश्विक भूख सूचकांक की ओर देखते हैं, जहां 2021 में भारत 116 देशों में 101वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि 2020 में यह 94वें स्थान पर था। इसका सीधा अर्थ है कि स्थिति में सुधार के बजाय गिरावट आई है, और भारत अपने पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और भूटान से भी पीछे खड़ा है इसके पीछे भारत की 141 करोड़ की जनसंख्या भी हो सकती है। कुपोषण का प्रभाव केवल तत्काल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक विकास, मानसिक क्षमता और भविष्य की उत्पादकता पर भी गहरा असर डालता है। आंकड़ों के अनुसार लगभग 34 प्रतिशत कुपोषित बच्चों का कद औसत से कम रह जाता है जबकि करीब 21 प्रतिशत बच्चों का वजन अत्यंत कम हो जाता है ।ऐसे बच्चे बड़े होकर भी कई बीमारियों के प्रति संवेदनशील रहते हैं और उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिससे देश की समग्र उत्पादकता और विकास दर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कोविड-19 महामारी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है, क्योंकि लॉकडाउन और आर्थिक संकट के कारण लाखों परिवारों की आय प्रभावित हुई, जिससे बच्चों के पोषण स्तर में गिरावट आई। आंगनबाड़ी सेवाओं, मिड-डे मील योजनाओं और अन्य पोषण कार्यक्रमों के बाधित होने से स्थिति और विकट हुई। यह समय है कि सरकारें और समाज दोनों मिलकर इस चुनौती का समाधान खोजें। केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देना होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना, पोषण ट्रैकर जैसी तकनीकों का सही उपयोग करना, मातृ शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना, और सबसे महत्वपूर्ण गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना,ये सभी कदम मिलकर ही कुपोषण के खिलाफ प्रभावी लड़ाई लड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस दिशा में समन्वित प्रयासों पर जोर देता है, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और पोषण को एक साथ जोड़कर देखा जाए। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस दिशा में योगदान दे। यदि आज हम अपने बच्चों को स्वस्थ और पोषित नहीं बना पाए, तो आने वाला कल कमजोर और असंतुलित होगा। इसलिए आवश्यक है कि कुपोषण को एक राष्ट्रीय आपात समस्या के रूप में लिया जाए और मिशन मोड में ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि देश का भविष्य सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध बन सके।

**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार,स्तंभकार, चिंतक, लेखक,रायपुर**

# दस्तावेज और नियम.. ?

दस्तावेजों के बिना, एक दिल रोता खड़ा था,
रुपयों की कीमत में रिश्ता तोला जा रहा था।
बैंक दरवाजे सख़्त, नियमों की ऊँची दीवार,
सवाल 'सबूत' का और सामने टूटा परिवार।

बहन की यादों का बोझ, भाई चला अकेला,
कंधों पे सिर्फ. 'ढांचा' नहीं, दर्द का पूरा मेला।
कासे कहे अपनी मजबूरी, किसे सुनाए हाल,
यूं इंसानियत हार गई जीत गया बस सवाल।

क्या? कागज ही सच? दिल की कीमत नहीं?
'रिश्ते' साबित करना पड़ें, इंसानियत हैं कहीं?
उस दिन बैंक के बाहर, 'आईना' भी टूट गया,
इसमें समाज का चेहरा, खुद से ही रूठ गया।

चलो आज यह सोचें हम, 'नियम' जरूरी सही,
पर इंसानियत से बढ़कर कोई भी सबूत नहीं।
सख्त नियमों में शिथिलता की वकालत करो,
आवश्यक है सबूत बस थोड़ा-सा धीरज धरों।
(संदर्भ - बहन का कंकाल निकाल बैंक पहुंचा भाई!)

**संजय एम तराणेकर**

# मोदी की त्रिस्तरीय रणनीति से 2027 में यूपी फतह की तैयारी

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा आलाकमान का फोकस उत्तर प्रदेश में शिफ्ट हो गया है। एक तरफ 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में अंतिम चरण की वोटिंग चल रही थी तो दूसरी ओर उसी समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से राज्य विधान सभा चुनाव के लिये मुद्दे तय कर रहे थे। बीजेपी अबकी बार हिन्दुत्व, महिला आरक्षण और विकास के सहारे यूपी फतह करना चाहेगी, वहीं प्रदेश की मजबूत कानून व्यवस्था और भयमुक्त समाज की स्थापना को भी हाईलाइट किया जायेगा। इसकी बानगी वाराणसी में तब देखने को मिली जब 28 अप्रैल को पीएम मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन, उससे एक दिन पहले 50000 महिलाओं के साथ नारी शक्ति वंदना अधिनियम यानी महिला आरक्षण पर चर्चा और महिला आरक्षण न लागू हो पाने के लिए कांग्रेस और सपा को जिम्मेदार ठहराना बताता है कि प्रदेश की आधी आबादी पर बीजेपी को काफी भरोसा है। इसी के साथ 28 अप्रैल को ही पीएम ने प्रयागराज से मेरठ तक करीब 600 किलोमीटर लम्बे एक्सप्रेस-वे का हरदोई से उद्घाटन करके इसे जनता को सौंप दिया, जो बताता है कि बीजेपी मंदिर के रास्ते सनातन प्रेमियों, एक्सप्रेस-वे के नाम पर युवाओं और पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को लुभाना चाहती है, वहीं महिला आरक्षण की बात करके आधी आबादी को अपने पक्ष में करने की कोशिश में लगी है।

प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान खास बात यह रही कि इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो स्वाभाविक रूप से मोदी जी के साथ मौजूद थे, लेकिन वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का मोदी के साथ मौजूद रहना काफी कुछ कहा गया। इस पूरे घटनाक्रम का गहन विश्लेषण करने से साफ होता है कि बीजेपी उत्तर प्रदेश की जटिल राजनीति में धार्मिक आस्था, विकास के प्रतीक और महिला सशक्तिकरण को हथियार बनाकर मैदान में उतरेगी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी का काशी विश्वनाथ मंदिर दौरा महज एक धार्मिक यात्रा नहीं था, बल्कि यह बीजेपी की कोर रणनीति का प्रतीक था। काशी को बीजेपी हमेशा से अपना गढ़ मानती रही है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में वाराणसी से मोदी की भारी जीत इसका प्रमाण है। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद से यह स्थान हिंदू राष्ट्रवाद का केंद्र बन गया है। दो दिवसीय दौरे में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के साथ प्रधानमंत्री ने सनातन धर्म के प्रेमियों को संदेश दिया कि भाजपा ही उनकी आस्था की रक्षा करेगी। याद कीजिए, अयोध्या राम मंदिर का उद्घाटन भी इसी रणनीति का हिस्सा था, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को अपार लाभ पहुंचाया।

उत्तर प्रदेश में जहां हिंदू वोटरों की संख्या भारी है, वहां मंदिर का मुद्दा हमेशा प्रभावी रहा है। विपक्षी दल जैसे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इसे सांप्रदायिक बताकर खारिज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जनता की भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस दौरे से बीजेपी ने फिर साबित कर दिया कि वह सनातन संस्कृति की प्रहरी है। खासकर पूर्वांचल के जिलों में जहां राम भक्त और शिव भक्तों की संख्या लाखों में है, यह दौरा 2027 चुनावों का बिगुल बजा चुका है। योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी ने इसे और मजबूत किया। योगी स्वयं एक सनातन संत के रूप में स्थापित हैं, उनकी गोरखपुर से वाराणसी तक की यात्रा हमेशा धार्मिक मुद्दों पर केंद्रित रहती है। इस बार मोदी के साथ बीजेपी अध्यक्ष का होना पार्टी की एकजुटता दिखाने का प्रयास था, जो संगठन स्तर पर संदेश देता है कि केंद्र और राज्य की भाजपा एक ही धुन पर नाच रही है।

प्रधानमंत्री के दौरे का दूसरा बड़ा आकर्षण पचास हजार महिलाओं के बीच नारी शक्ति वंदना अधिनियम की चर्चा रही। प्रधानमंत्री ने संसद में पारित महिला आरक्षण विधेयक को महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। लेकिन उन्होंने साफ कहा कि यह विधेयक लागू क्यों नहीं हो पा रहा, इसके लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जिम्मेदार हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिलाओं को एक तिहाई सीटें देने का वादा अब कानून बन चुका है, मगर जातिगत जनगणना और परिसीमन के बिना इसे लागू नहीं किया जा सकता। मोदी ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ये दल जानबूझकर इसे लटका रहे हैं ताकि महिलाओं को उनका हक न मिले। यह रणनीति चतुराई भरी है, लेकिन मोदी भी लगातार दम भरते हुए कह रहे हैं कि वह महिला आरक्षण लागू करा कर रहेंगे।

उत्तर प्रदेश में महिलाएं वोटरों की लगभग आधी हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं ने भाजपा को भारी समर्थन दिया था, खासकर लखनऊ, कानपुर और सहारनपुर जैसे शहरों में। अब 2027 में पार्टी आधी आबादी को सीधे लक्षित कर रही है। नारी शक्ति वंदना कार्यक्रम में पचास हजार महिलाओं की मौजूदगी इसका प्रमाण है। मोदी ने महिलाओं से अपील की कि वे विपक्ष को सबक सिखाएं। यह मुद्दा इसलिए प्रभावी है क्योंकि समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद का आरोप लगता रहा है, जबकि कांग्रेस को भी महिलाओं के प्रति उदासीन माना जाता है। भाजपा ने उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और ट्रिपल तलाक बंदी जैसे कदमों से पहले ही महिलाओं का विश्वास जीत लिया है। अब महिला आरक्षण को हथियार बनाकर वह इसे मजबूत करेगी। योगी सरकार की महिला हेल्पलाइन और सखी केंद्र जैसी योजनाएं भी इसी दिशा में हैं। मोदी ने बीजेपी अध्यक्ष की मौजूदगी में संगठन को महिला मोर्चा के माध्यम से सक्रिय करने का संकेत दिया। कुल मिलाकर, यह बीजेपी की महिला केंद्रित रणनीति का प्रारंभिक बिंदु है।

उधर, प्रयागराज से मेरठ तक एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करके मोदी इसे यूपी में विकास के मुद्दे से जोड़कर जोरदार तरीके से उठा रहे हैं। यह एक्सप्रेसवे लगभग छह सौ किलोमीटर लंबा है, जो हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर होते हुए मेरठ तक जाता है। प्रधानमंत्री ने इसका लोकार्पण करते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए बाजार लाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश बीजेपी के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। यहां जाट, मुस्लिम और दलित वोटर निर्णायक हैं। 2022 चुनावों में भाजपा को यहां झटका लगा था, लेकिन 2024 लोकसभा में रिकवरी हुई। एक्सप्रेसवे इसी क्षेत्र को जोड़ने का माध्यम बनेगा। इससे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिससे ट्रक और कार्गो का आवागमन तेज होगा। युवा वर्ग जो नौकरी और व्यापार की तलाश में है, उसके लिए यह स्वर्णिम अवसर है। भाजपा जानती है कि विकास के ठोस प्रतीक ही वोट दिलाते हैं। पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, गंगा एक्सप्रेसवे और अब यह एक्सप्रेसवे, ये सभी उत्तर प्रदेश को विकास का हब बनाने की दिशा में कदम हैं। विपक्ष इसे जुमला कह सकता है, लेकिन जमीन पर काम दिख रहा है। हरदोई से उद्घाटन इसलिए महत्वपूर्ण क्योंकि यह क्षेत्र अखिलेश यादव का गढ़ रहा है। यहां से मैसेज देकर बीजेपी समाजवादी पार्टी को चुनौती दे रही है। योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन के दौरान कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर मोदी के साथ माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक आदि नेता मौजूद थे। यह एक्सप्रेस वे न केवल पश्चिमी यूपी को लुभाएगा, बल्कि पूरे राज्य में विकास का मॉडल बनेगा।


अजय कुमार

# राजा रघुवंशी हत्याकांड प्रकरण और न्याय की चुनौतियां

राजा रघुवंशी का प्रकरण आधुनिक समय की उन सबसे हृदयविदारक घटनाओं में से एक है जिसने भारतीय समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। यह मात्र एक आपराधिक घटना नहीं है बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं, अटूट विश्वास और विश्वासघात की पराकाष्ठा का एक ऐसा दस्तावेज है जो हमारी न्याय प्रणाली की सूक्ष्मताओं को भी कटघरे में खड़ा करता है। वर्ष 2025 में आरंभ हुई यह दुखद कथा 2026 में भी जनमानस के बीच गहन विमर्श का केंद्र बनी हुई है, विशेषकर उस समय जब इस संपूर्ण प्रकरण की मुख्य अभियुक्त को न्यायालय से सशर्त मुक्ति प्राप्त हुई है। इस घटना ने यह सिद्ध कर दिया है कि कभी-कभी वास्तविकता किसी भी काल्पनिक कथा से अधिक भयावह और विचलित करने वाली हो सकती है।

इस संपूर्ण घटनाक्रम की जड़ें इंदौर के एक सामान्य परिवार से जुड़ी हैं। इंदौर के निवासी राजा रघुवंशी का विवाह 11 मई 2025 को सोनम के साथ अत्यंत हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ था। परिवार के सदस्यों और मित्रों के अनुसार यह एक अत्यंत सुखी और सामान्य विवाह प्रतीत होता था, जिसमें किसी भी प्रकार के तनाव या विवाद की कोई सुगबुगाहट नहीं थी। विवाह के पश्चात के रीति-रिवाजों को पूर्ण करने के बाद, अपनी नई जीवन यात्रा को स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से यह दंपति 20 मई 2025 के आसपास मेघालय की प्राकृतिक छटाओं का आनंद लेने के लिए प्रस्थान कर गया। उस समय किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि खुशियों की यह खोज एक भयानक त्रासदी में परिवर्तित होने वाली है।

मेघालय की वादियों में भ्रमण के दौरान 23 मई 2025 वह अंतिम तिथि थी जब राजा और सोनम को अंतिम बार एक साथ देखा गया था। इसके पश्चात अचानक उनका अपने परिवार से संपर्क विच्छेद हो गया। कई घंटों तक कोई सूचना न मिलने और संचार के सभी साधन बंद होने के कारण परिवार की चिंता बढ़ती गई। अंततः स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इस संदर्भ में सूचित किया गया। इसके पश्चात एक व्यापक खोज अभियान का सूत्रपात हुआ जिसमें स्थानीय पुलिस बल के साथ-साथ आपदा प्रबंधन दल और अन्य जांच एजेंसियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कई दिनों की निरंतर खोज और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का सामना करने के पश्चात 2 जून 2025 को राजा का निष्प्राण शरीर एक अत्यंत गहरी खाई से बरामद किया गया। इस समाचार ने न केवल रघुवंशी परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुँचाई बल्कि संपूर्ण देश में सनसनी फैला दी।

प्रारंभिक स्तर पर यह मामला एक रहस्यमय दुर्घटना प्रतीत हो रहा था क्योंकि राजा की पत्नी सोनम उस स्थान से लापता थी। पुलिस ने अपनी जांच की दिशा बदली और विभिन्न राज्यों में तलाशी अभियान चलाया। अंततः 8 जून 2025 को पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली जब सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले से बंदी बना लिया गया। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, वैसे-वैसे इस घटना के पीछे छिपे काले सत्यों की परतें खुलने लगीं। जांच अधिकारियों ने उद्भेदन किया कि राजा की मृत्यु कोई संयोग या दुर्घटना नहीं थी, अपितु यह एक अत्यंत सुव्यवस्थित और क्रूर षड्यंत्र का परिणाम थी। पुलिस के दावों के अनुसार, सोनम ने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा और 3 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस जघन्य अपराध की रूपरेखा तैयार की थी।

जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हत्या की इस वारदात को मेघालय के सोहरा क्षेत्र के अत्यंत दुर्गम और एकांत स्थान पर अंजाम दिया गया था। वहां अपराधी पूर्व से ही घात लगाकर बैठे थे। आरोप है कि सोनम सुनियोजित तरीके से राजा को उस एकांत स्थान पर ले गई, जहां पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार हमलावरों ने उस पर प्रहार किया और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शरीर को खाई में फेंक दिया। यह विवरण किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को विचलित करने के लिए पर्याप्त था क्योंकि यह उस पवित्र बंधन के विरुद्ध था जिसमें दो व्यक्ति एक-दूसरे की सुरक्षा का वचन लेते हैं।

आरक्षी विभाग ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए साक्ष्यों का संकलन किया और सितंबर 2025 में न्यायालय के समक्ष लगभग 790 पृष्ठों का एक विशाल आरोप पत्र प्रस्तुत किया। इस दस्तावेज में सोनम, राज कुशवाहा और अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध वैज्ञानिक साक्ष्य, परिस्थितिजन्य प्रमाण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों को विस्तृत रूप से सम्मिलित किया गया था। इस आरोप पत्र की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट था कि यह मामला कानूनी रूप से अत्यंत सुदृढ़ है। इस अवधि के दौरान अभियुक्तों की ओर से कई बार जमानत के लिए आवेदन किया गया, परंतु अपराध की प्रकृति और साक्ष्यों की प्रबलता को देखते हुए आरंभिक 3 प्रयासों में सोनम को कोई राहत नहीं मिली। वह लगभग 10 महीनों तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल की सलाखों के पीछे रही।

वर्ष 2026 के अप्रैल माह में इस प्रकरण ने एक अप्रत्याशित मोड़ लिया। शिलांग की एक अदालत ने सोनम की जमानत याचिका पर विचार करते हुए उसे मुक्त करने का आदेश दिया। न्यायालय ने अपने निर्णय में जांच प्रक्रिया में व्याप्त कुछ गंभीर विसंगतियों और तकनीकी त्रुटियों को आधार बनाया। न्यायालय का यह प्रेक्षण था कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त को उसके अधिकारों और आरोपों की जानकारी उस प्रकार नहीं दी गई जैसा कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया में अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, दस्तावेजों के रख-रखाव में भी कुछ प्रक्रियात्मक कमियां पाई गईं। न्यायालय ने इस बात पर भी बल दिया कि बिना किसी अंतिम निर्णय के किसी व्यक्ति को अनिश्चितकाल तक कारावास में रखना मानवाधिकारों के दृष्टिकोण से उचित नहीं है, विशेषकर तब जब मुकदमे की कार्यवाही की गति धीमी हो।

यद्यपि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि जमानत प्रदान करने का अर्थ अभियुक्त को निर्दोष घोषित करना नहीं है, फिर भी इस निर्णय ने एक नई बहस को जन्म दे दिया। राजा रघुवंशी के वृद्ध माता-पिता और परिजनों के लिए यह आदेश किसी वज्रपात से कम नहीं था। उनका तर्क है कि जिस महिला पर उनके पुत्र की हत्या का इतना गंभीर आरोप है और जिसके विरुद्ध पुलिस ने 790 पृष्ठों के साक्ष्य जुटाए हैं, उसे केवल तकनीकी त्रुटियों के आधार पर राहत मिलना न्याय की अवधारणा के विपरीत है। परिवार ने अब इस निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती देने का संकल्प लिया है और वे न्याय के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

यह प्रकरण समाज के सम्मुख कई गंभीर प्रश्न प्रस्तुत करता है। यह व्यक्तिगत संबंधों में बढ़ती असुरक्षा और स्वार्थपरता को उजागर करता है। यह घटना दशार्ती है कि किस प्रकार आधुनिक जीवनशैली और अनैतिक आकांक्षाएं व्यक्ति को इतने बड़े अपराध की ओर धकेल सकती हैं। साथ ही, यह मामला हमारी जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर भी उंगली उठाता है। यदि पुलिस ने जांच और गिरफ्तारी के समय स्थापित नियमों का पूर्णतः पालन किया होता, तो शायद आज अभियुक्त को तकनीकी आधार पर जमानत न मिलती। यह प्रकरण यह भी सिखाता है कि न्याय केवल भावना से नहीं बल्कि ठोस तथ्यों और सही कानूनी प्रक्रिया से प्राप्त होता है।

इस मामले में संचार माध्यमों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2025 से ही इस घटना को निरंतर प्रसारित किया गया जिससे यह एक राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन गया। किंतु कई बार अत्यधिक प्रचार के कारण वास्तविक विधिक तथ्य गौण हो जाते हैं और भावनात्मक पक्ष अधिक प्रभावी हो जाता है। सामाजिक स्तर पर यह घटना एक चेतावनी की भांति है जो यह बताती है कि विवाह जैसे निर्णय अत्यंत सोच-विचार कर लिए जाने चाहिए और समाज में बढ़ते अपराधों के प्रति सतर्कता अनिवार्य है।

वर्तमान में 2026 का समय इस प्रकरण के लिए अत्यंत निर्णायक है। यद्यपि मुख्य अभियुक्त कारागार से बाहर है, किंतु कानूनी संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। न्यायालय में गवाहों की गवाही और साक्ष्यों का परीक्षण निरंतर जारी रहेगा। समाज की दृष्टि अब उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के अंतिम निर्णय पर टिकी है। राजा रघुवंशी के परिवार को अभी भी विश्वास है कि अंततः सत्य की विजय होगी और उनके पुत्र के हत्यारों को उनके कृत्य का दंड अवश्य मिलेगा। यह कहानी एक दुखद सत्य के साथ समाप्त नहीं होती, बल्कि यह न्याय की उस लंबी और कठिन डगर का प्रतीक बन गई है जिस पर आज भी भारत का एक साधारण परिवार न्याय की आस में चल रहा है।


महेन्द्र तिवारी

# क्या बीजेपी बंगाल जीत जाएगी ?

बीजेपी अगर बंगाल का चुनाव जीत जाती है तो फिर ये दशक की सबसे बड़ी भारतीय राजनीतिक घटना होगी। पिछले दशक में जैसे मोदी का सत्ता में आना बड़ा राजनीतिक बदलाव था ठीक वैसा ही कुछ होगा अगर बंगाल बीजेपी जीत जाती है तो। नतीजे चार मई को आएंगे। लेकिन बीजेपी अपने बॉडी लैंग्वेज से ये बताने में लगी है कि वो बंगाल जीत रही है। कल अमित शाह और पीएम का बयान इसका संकेत है।

वैसे तो हर राजनीतिक दल अपनी जीत के दावे करता है। बंगाल में बीजेपी का दावा कितना सही है ये नतीजे बताएंगे। वैसे कुछ संकेत हैं जो बीजेपी को मौजूदा स्थिति में बढ़त का दावा करने का मौका

द

रहे हैं। पहला फेज बीजेपी के बढ़त वाले इलाके में हुआ है। पिछली बार उत्तर बंगाल से बीजेपी को फायदा हुआ। इस बार और हो सकता है। सुरक्षा व्यवस्था और वोटिंग पैटर्न बीजेपी को संतोषजनक उत्तर दे रहा है।

असली लड़ाई बीजेपी की कोलकाता और आसपास के इलाके में है। जहां बीजेपी कमजोर है। लेकिन यहां इस बार उन्होंने जान झोंक रखी है। कोलकाता और हावड़ा में बीजेपी पिछली बार के मुकाबले अच्छा करेगी। ऐसा उनका अनुमान है।

पीएम का हुगली भ्रमण, हावड़ा में रोड शो। भद्रलोक का टूट जाना। लोकल बीजेपी नेताओं को आगे करके चुनाव लड़ना, अनुराग की मछली वाली तस्वीर बदलते माहौल की तस्वीर है। ऐसा बीजेपी के चुनावी रणनीतिकार मानते हैं। अभी तक बीजेपी का प्रभाव 50+ उम्र के वोटरों में नहीं दिख रहा था लेकिन इस बार ये वोटर मुखर हैं।

ग्रेट कोलकाता में विधानसभा की 108 सीटें हैं । TMC को इस इलाके में पिछली बार 50 फीसदी वोट मिले थे । जबकि बीजेपी को 35 फीसदी । टीएमसी यहीं से 93 सीट जीत गई थी । बीजेपी को सिर्फ 14 और लेफ्ट गठबंधन को 1 सीट ही मिल पाई थी। सबसे बड़ा वो डर था जिसकी वजह से या तो वोटर निकलते नहीं थे या निकलते थे तो फिर उनका वोट प्रभावित हो जाता था। लेकिन इस बार सेंट्रल फोर्स की वजह से स्थिति बदली हुई है।

अजयपाल शर्मा की तस्वीर पर विवाद है लेकिन ये समझने वाली बात है कि ये ममता विरोधी वोटरों को एकजुट कर रहा है। पहले फेज में बीजेपी अप्रत्याशित जीतेगी। दूसरे फेज में मुकाबला जहां नहीं होने का अनुमान था वो अब बदला हुआ है। दूसरे फेज में मुकाबला है। मतलब अपने गढ़ में टीएमसी कमजोर दिखती है। कोलकाता और हावड़ा में बीजेपी को भद्रलोक का साथ मिलता दिख रहा है। यानि ब्राह्मण और कायस्थ वोटर टीएमसी से छिटका है। 71 शहरी सीटें हैं, जहां भद्रलोक यानी ब्राह्मण, वैद्य और कायस्थ वोटर प्रभाव रखते हैं। साल 2021 के चुनाव में इन 71 सीटों में से 52 पर टीएमसी को जीत मिली थी। 48 फीसदी वोट मिले थे। जबकि बीजेपी को 19 सीट मिली, वोट महज 37 फीसदी मिले थे।

**वेद प्रकाश**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिकारियों की बैठक संपन्न

**समाज जागरण**



गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिवानी रावत ने की।

बैठक में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2026 को जनपद मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर किया जाएगा।

सचिव शिवानी रावत ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए। साथ ही चिन्हित वादों में पक्षकारों को समय से नोटिस एवं सम्मन भेजने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में यह भी कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिकाधिक लोग इसका लाभ उठा सकें और आपसी समझौते के आधार पर मामलों का त्वरित समाधान हो सके।

बैठक में सहायक पुलिस उपायुक्त यातायात शकील मोहम्मद, जिला अग्रणी प्रबंधक राजेश कटारिया, बीएसएनएल के प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार, राजस्व विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुराग सारस्वत तथा एनपीसीएल के सीनियर मैनेजर अमित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रमिकों व उद्यमियों की समस्याओं के समाधान हेतु कॉल सेंटर सुविधा का विस्तार

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। जनपद के श्रमिकों एवं उद्यमियों की श्रम संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए श्रम विभाग ने कॉल सेंटर सुविधा का विस्तार किया है।

सहायक श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर सुयश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यालय अपर श्रम आयुक्त, जी-25ए, सेक्टर-03, नोएडा में पूर्व से संचालित कॉल सेंटर के अतिरिक्त वर्तमान औद्योगिक परिस्थितियों को देखते हुए तीन नए कॉल सेंटर स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इन कॉल सेंटरों के माध्यम से श्रमिक एवं उद्यमी अपनी श्रम संबंधी शिकायतें एवं समस्याएं हेल्पलाइन नंबर 0120-4126892, 8796321216, 8796311216 और 8796355216 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा complaint.dicnoida@gmail.com ईमेल आईडी के माध्यम से भी शिकायत भेजी जा सकती है।

सहायक श्रम आयुक्त के अनुसार शिकायत दर्ज कराने की सुविधा प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। विभाग का उद्देश्य श्रमिकों एवं उद्योगों से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है।

# शुल्क वृद्धि नियमों के उल्लंघन पर 45 विद्यालयों को नोटिस जारी

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। जनपद में निर्धारित सीमा से अधिक फीस वृद्धि करने के आरोप में 45 विद्यालयों को जिला शुल्क नियामक समिति की ओर से नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित शुल्क वृद्धि नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के आधार पर की गई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक, गौतमबुद्धनगर ने बताया कि 07 अप्रैल 2026 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI+5%) के आधार पर विद्यालय अधिकतम 7.23 प्रतिशत तक ही शुल्क वृद्धि कर सकेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी विद्यालयों को इस निर्णय का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने बताया कि यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कोई विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क वृद्धि करता है तो अभिभावक जिला शुल्क नियामक समिति को ईमेल अथवा अन्य माध्यमों से शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निर्देश जारी होने के बाद विभिन्न विद्यालयों के विरुद्ध कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं।

डीआईओएस के अनुसार समिति के सचिव द्वारा सभी संबंधित विद्यालयों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। प्राप्त उत्तरों की जांच के बाद मामलों को समिति की अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया जाएगा, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रथम बार उल्लंघन पर एक लाख रुपये तक का जुमार्ना, दूसरी बार पांच लाख रुपये तक का अर्थदंड तथा तीसरी बार उल्लंघन की स्थिति में विद्यालय की मान्यता अथवा सम्बद्धता समाप्त करने की संस्तुति की जा सकती है।

# खरीफ 2026 के लिए प्रमाणित एवं संकर बीज वितरण शुरू, 10 मई तक करें ऑनलाइन बुकिंग

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 सीजन के लिए प्रमाणित एवं संकर बीजों के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग ने किसानों से 10 मई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से बीज बुकिंग कराने की अपील की है।

उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर ने बताया कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बताया कि सामान्य बीज वितरण योजना के तहत धान (बासमती), संकर धान, संकर बाजरा, संकर ज्वार, संकर मक्का, ढैंचा, मूंग, उड़द एवं अरहर के बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत सांवा, कोदो, रागी, संकुल ज्वार, मूंग, उड़द, अरहर तथा संकर बाजरा के बीज किसानों को दिए जाएंगे। सभी बीज प्रमाणित अथवा संकर श्रेणी के होंगे, जिससे बेहतर अंकुरण एवं अधिक उत्पादन की संभावना बढ़ेगी।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए बीज बुकिंग प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रखी गई है। इच्छुक किसान कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 10 मई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीज बुकिंग के लिए किसानों का कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। जिन किसानों का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है, वे शीघ्र पंजीकरण करा लें। किसान स्वयं अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा निकटतम जन सेवा केंद्र के माध्यम से भी पंजीकरण और बुकिंग करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बीजों का आवंटन उपलब्धता एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। इसलिए किसान समय रहते अपनी आवश्यकता के अनुसार बुकिंग सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ मिल सके।

उप कृषि निदेशक ने किसानों से उन्नत किस्मों के बीजों एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे खेती अधिक लाभकारी बनेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# हत्या की घटना का जेवर पुलिस ने किया खुलासा, सौतेले पिता गिरफ्तार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा/जेवर। थाना जेवर पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए उसके सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी बेटी की हत्या करने के बाद शव को झाड़ियों में छिपा दिया था और खुद ही गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस के अनुसार ग्राम रोही आरआर कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र पुत्र गौरी प्रसाद ने थाना जेवर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री अंजली 20 अप्रैल 2026 को दूध लेने दुकान गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।




जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतका अंजली और उसके सौतेले पिता सुरेन्द्र के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। पूछताछ एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को सुरेन्द्र पर शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि 20 अप्रैल को विवाद के दौरान सुरेन्द्र ने अंजली के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने शव को ग्राम कानीगढ़ी और जेवर खादर के बीच यमुना पुस्ता रोड स्थित शीशम की झाड़ियों में छिपा दिया और खुद को बचाने के लिए बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

थाना जेवर पुलिस ने 28 अप्रैल 2026 को आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों से अंजली का शव बरामद कर लिया। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस ने आरोपी सुरेन्द्र पुत्र गौरी प्रसाद निवासी ग्राम रोही आरआर साइट थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पहले दर्ज मुकदमे को हत्या एवं साक्ष्य छिपाने की धाराओं में तरमीम किया गया है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**



गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के निदेशों के क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने मंगलवार को जिला कारागार गौतमबुद्धनगर का मासिक निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जेलर ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिला कारागार में कुल 2501 बंदी निरुद्ध हैं। महिला बंदियों के साथ तीन शिशु भी कारागार में रह रहे हैं। जेल प्रशासन की ओर से बताया गया कि कोई भी बंदी निर्धारित सजा अवधि से अधिक समय तक निरुद्ध नहीं है।

इस दौरान कारागार में बंदियों के कौशल विकास के लिए संचालित गतिविधियों की भी जानकारी दी गई। इंडिया विजन फाउंडेशन द्वारा हेयर सैलून, डांस क्लास, संगीतशाला, पेंटिंग एवं सिलाई कार्य जैसी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ताकि बंदी समय का सदुपयोग कर कौशल अर्जित कर सकें और रिहाई के बाद समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

सचिव शिवानी रावत ने निरीक्षण के दौरान किशोर एवं महिला बंदियों के बैरकों का निरीक्षण कर उनसे उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही बंदियों के प्रकरणों से संबंधित कार्ड में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने जिला कारागार में कार्यरत पराविधिक स्वयंसेवकों के कार्यों से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य, खान-पान की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाएं जेल मैनुअल के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए महिला बैरक में रह रहे शिशुओं एवं वृद्ध बंदियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं जेलर संजय साही सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशों के क्रम में गौतमबुद्धनगर में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत 28 अप्रैल 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 और थाना कासना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया।




आबकारी विभाग के अनुसार थाना कासना क्षेत्र से विनोद शर्मा पुत्र लीले शर्मा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से उत्तर प्रदेश मार्का की 200 एमएल क्षमता वाली कुल 30 पव्वा देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 6.00 बीएल बताई गई है।

विभाग ने बताया कि आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। उसके विरुद्ध थाना कासना में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।

आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# फ्लिपकार्ट स्टोर से चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार, मोबाइल व स्मार्ट वॉच बरामद

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने फ्लिपकार्ट के स्टोर से चोरी करने वाले एक आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच मोबाइल फोन और एक स्मार्ट वॉच बरामद की है।

पुलिस के अनुसार लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से कार्रवाई करते हुए मोहम्मद हसनत पुत्र निशार अहमद को सर्विस रोड, ग्राम इटेडा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी फ्लिपकार्ट के इटेडा स्थित स्टोर में कार्यरत था।




जांच में सामने आया कि आरोपी ने स्टोर से सात कीमती मोबाइल फोन और एक स्मार्ट वॉच चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए पांच मोबाइल फोन और एक स्मार्ट वॉच बरामद कर ली है।

गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से ग्राम ककराला, थाना अलापुर, जिला बदायूं का निवासी है और वर्तमान में ग्राम रिछपालगढ़ी, थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर में रह रहा था। उसकी उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। थाना बिसरख पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनसमस्याओं को लेकर गरजा नोएडा सिटीजन फोरम, खच्छ जांच व अवैध निमार्णों पर उठाए सवाल

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। सामाजिक संस्था नोएडा सिटीजन फोरम ने शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह ने कई अहम मुद्दों पर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

प्रेस वार्ता में सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले को प्रमुखता से उठाया गया। शालिनी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गठित एसआईटी द्वारा तय समय सीमा के बजाय लगभग तीन महीने बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करना गंभीर लापरवाही दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपोर्ट में केवल निचले स्तर के कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया गया, जबकि उच्च अधिकारियों की भूमिका की अनदेखी की गई। फोरम ने मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की, ताकि पीड़ित परिवार को निष्पक्ष न्याय मिल सके।

फोरम ने शहर में संचालित अवैध बैंक्वेट हॉल और बारात घरों का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। शालिनी सिंह ने कहा कि जिन बैंक्वेट हॉलों को नोएडा प्राधिकरण पहले ही अवैध घोषित कर चुका है, वहां सार्वजनिक कार्यक्रमों पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने मांग की कि ऐसे भवनों को ध्वस्तीकरण तक सील किया जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय हो।




पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर भी फोरम ने चिंता जताई। सेक्टर-145 समेत कई क्षेत्रों में अवैध डंपिंग ग्राउंड में लगातार आग लगने की घटनाओं को गंभीर बताते हुए कहा गया कि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फोरम ने अवैध डंपिंग साइट्स को तत्काल बंद कर वैज्ञानिक कचरा निस्तारण व्यवस्था लागू करने की मांग की।

पेयजल संकट पर नाराजगी जताते हुए शालिनी सिंह ने कहा कि शहर के कई सेक्टर, गांव और सोसायटी लंबे समय से स्वच्छ पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने नियमित जलापूर्ति, पानी की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा शहर की जर्जर सीवर व्यवस्था को भी गंभीर समस्या बताते हुए नई सीवर लाइनें बिछाने की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने कहा कि खराब सीवर लाइनों के कारण कई इलाकों में जलभराव और गंदा पानी घरों तक पहुंचने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

शालिनी सिंह ने कहा कि प्रशासन को जनसमस्याओं के समाधान में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता अपनानी होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि फोरम लापरवाह अधिकारियों की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचाएगा ताकि नोएडा में सुशासन सुनिश्चित किया जा सके।

इस अवसर पर फोरम के महासचिव प्रशांत त्यागी, सचिव गरिमा त्रिपाठी, गिरीश कपूर, मधु मेहरा, छाया राय, प्रदीप यादव, रेणु बाला शर्मा, ज्योत्सना पमनानी एवं एडवोकेट कमल कौशिक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मॉल ऑफ इंडिया स्थित ज्वेलरी स्टोर में चोरी का खुलासा, दो महिलाएं गिरफ्तार

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मॉल ऑफ इंडिया स्थित कैरेटलेन ज्वेलरी स्टोर में हुई आभूषण चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आभूषण और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।




पुलिस के अनुसार स्टोर मैनेजर द्वारा कैरेटलेन स्टोर से आभूषण चोरी होने के संबंध में थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से कार्रवाई करते हुए डीएलएफ मॉल के पास से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिद्धि उर्फ रचना पुत्री शिवप्रसाद तथा सरिता गौतम पत्नी शिव प्रसाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपी दिल्ली के महेंद्र पार्क क्षेत्र की निवासी हैं। रिद्धि उर्फ रचना की उम्र करीब 30 वर्ष तथा सरिता गौतम की उम्र 56 वर्ष बताई जा रही है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए आभूषणों में दो चूड़ियां पीली धातु की, एक चूड़ी पीली एवं सफेद धातु की, चार ब्रेसलेट पीली एवं सफेद धातु के तथा तीन अंगूठियां बरामद की हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों महिलाएं पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रही हैं। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सेक्टर-91 में विकसित हो रहे डियर पार्क की प्रगति की समीक्षा, अक्टूबर 2026 तक उद्घाटन के निर्देश

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सेक्टर-91 में विकसित किए जा रहे डियर पार्क की प्रगति को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक की। लगभग 30 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रहे इस पार्क को एनसीआर का प्रमुख वन्यजीव आकर्षण बनाने की तैयारी की जा रही है।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वीटी), संजय कुमार श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त आईएफएस एवं वाइल्डलाइफ प्लानिंग एक्सपर्ट प्रवीण चंद्र त्यागी, महाप्रबंधक (परियोजना), निदेशक (उद्यान), उप निदेशक (उद्यान) तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान डियर पार्क के एंट्री प्लाजा के डिजाइन, हिरण एवं अन्य वन्यजीवों के लिए बनाए जा रहे इनक्लोजर तथा पार्क निर्माण से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने पार्क में आगंतुकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैटरी चालित गोल्फ कार्ट, ईवी चार्जिंग स्टेशन, टॉयलेट, पेयजल व्यवस्था तथा धूप से बचाव के लिए हट बनाए जाने के निर्देश दिए।




अधिकारियों को पार्क का उद्घाटन अक्टूबर 2026 तक सुनिश्चित करने के लिए कार्यों में तेजी लाने को भी कहा गया।

प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार गौतमबुद्धनगर एवं एनसीआर क्षेत्र में वर्तमान समय में कोई भी समर्पित वन्य हिरण पार्क उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इस डियर पार्क के विकसित होने से जैव विविधता संरक्षण और वन्यजीव प्रजातियों के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। बताया गया कि हिरणों की घटती संख्या को देखते हुए यह पार्क संरक्षण, सार्वजनिक जागरूकता और मनोरंजन का केंद्र बनेगा। साथ ही पार्क के विकसित होने से क्षेत्र में पारिस्थितिक संतुलन और जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सेंट्रल जू अथॉरिटी (CZA) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप डियर पार्क (मिनी चिड़ियाघर) को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा।

# थ्योरी और प्रैक्टिकल गैप को करें कम: प्रो. सीमा अवस्थी

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज की ओर से एमएलटी वीक के तहत हिस्टोस्पेक्ट्रम 2026: इन्नोवेशन इन ऐवरी टेस्ट, केयर इन ऐवरी रिजल्ट पर वर्कशॉप तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने कहा, स्टुडेंट्स के लिए अपने सब्जेक्ट की बेसिक नॉलेज एंड इन्फॉर्मेशन होना जरूरी है। स्टुडेंट्स को थ्योरी और प्रैक्टिकल के गैप को कम करना होगा ताकि मॉडर्न हेल्थ केयर सिस्टम एवम् डायग्नोस्टिक में एक्सपर्ट बन सकें। हमें एक्सपर्ट से प्रेरित होते हुए सीखते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, वर्कशॉप में हम प्रैक्टिकली समझते हैं, जबकि सीएमई में ऐसा नहीं होता है। प्रो. अवस्थी कॉलेज ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज की ओर से एमएलटी वीक के तहत हिस्टोस्पेक्ट्रम 2026: इन्नोवेशन इन ऐवरी टेस्ट, केयर इन ऐवरी रिजल्ट पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर एक्सपर्ट बोल रहीं थीं। इससे पूर्व प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर एक्सपर्ट, कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एमएलटी की एचओडी प्रो. रूचि कांत, डॉ. आशुतोष, डॉ. दीप्ति अरोरा, हिस्टोपैथोलॉजी लैब के इंचार्ज श्री यशपाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। अंत में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर प्रो. सीमा अवस्थी ने हिस्टोपैथोलॉजी लैब में स्टुडेंट्स को टिश्यू का सही से फिक्शेसन करना, टिश्यू की ग्रोसिंग, प्रोसेसिंग आदि के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा, कैंसर सरीखे रोगों की पहचान के लिए हिस्टोपैथोलॉजी अति कारगर है। वर्कशॉप के तकनीकी सत्रों में स्टुडेंट्स को अलग-अलग समूहों में बांटकर श्री यशपाल के निर्देशन में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी कराई गईं। प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार ने उम्मीद जताई, यह वर्कशॉप स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वर्कशॉप में आरआईटी के एचओडी श्री अमित बिष्ट, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. शिवसरन सिंह, डॉ. पिनाकी अदक, डॉ. शिखा पालीवाल, डॉ. वर्षा राजपूत, डॉ. रेनू चौधरी, सुश्री विवेचना, सुश्री साक्षी बिष्ट, श्री शिवम अग्रवाल, सुश्री अदिति त्यागी आदि मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स- कैफ कुरैशी और शहजीन ने किया।

# 30 अप्रैल को सेक्टर-31 आईटीआई में लगेगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 29 अप्रैल। जनपद के आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 30 अप्रैल 2026 को राजकीय आईटीआई, सेक्टर-31 निठारी, गौतमबुद्धनगर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोएडा गौतमबुद्धनगर यज्ञदेव सिंह ने बताया कि मेले में जनपद के समस्त राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक मेले में उपस्थित होकर विभिन्न कंपनियों में अप्रेन्टिशशिप एवं रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

यज्ञदेव सिंह के अनुसार इस अप्रेन्टिश मेले में गौतमबुद्धनगर की कई नामी-गिरामी कंपनियां भाग लेंगी, जहां युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से मेले में पहुंचकर रोजगार के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# महिला आरक्षण मुद्दे पर भाजपा का जनाक्रोश प्रदर्शन, विपक्ष का पुतला फूंका

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**





नजीबाबाद। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में तथा विपक्ष द्वारा इसका समर्थन न किए जाने के विरोध में बुधवार को नजीबाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा की ओर से आयोजित जनाक्रोश महिला पदयात्रा के दौरान विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया।
पदयात्रा नगर के संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता और भाजपा समर्थक हाथों में तख्तियां लेकर शामिल हुए। पदयात्रा चौक बाजार होते हुए कल्लूगंज पहुंची, जहां सभा आयोजित करने के बाद विपक्ष का पुतला फूंका गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगीता जैन अग्रवाल ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक मुद्दे पर विपक्ष का रवैया महिलाओं के प्रति उसकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संशोधन प्रस्ताव को अस्वीकार कर विपक्ष ने देश की आधी आबादी के हितों की अनदेखी की है।
उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा महिला आरक्षण विधेयक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी विपक्ष पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाया।
प्रदर्शन में भाजपा नेता बलराज त्यागी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मोनिका यादव, मनीष सैनी, सुनीता अग्रवाल, सुविधा भटनागर, गायत्री निराला, इंदु राजपूत, गीता राज, बिट्टू भटनागर, अभिषेक यादव, हार्दिक अग्रवाल एवं हिमांशु तायल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

# गंगा एक्सप्रेसवे से सम्भल के विकास को मिलेगी नई गति : जिलाधिकारी

**समाज जागरण**



सम्भल/बहजोई। मेरठ से प्रयागराज तक निर्मित 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई से किए जाने के अवसर पर जनपद सम्भल में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकासखंड बहजोई के ग्राम लहरावन स्थित गंगा एक्सप्रेसवे इंटरचेंज के निकट आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।
इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बहजोई की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सूचना विभाग लखनऊ से आए कलाकारों ने गंगा एक्सप्रेसवे के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा हरदोई से किए गए लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी उपस्थित लोगों को दिखाया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे सम्भल जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे जनपद में लगभग 38.650 किलोमीटर लंबाई में 31 गांवों से होकर गुजर रहा है तथा जिले में खिरनी मउद्दीनपुर और लहरावन में दो इंटरचेंज बनाए गए हैं।
जिलाधिकारी ने कहा कि एक्सप्रेसवे बनने से यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी और ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी। आधुनिक तकनीक से तैयार इस मार्ग में डिवाइडर, क्रैश बैरियर तथा अलग-अलग एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट बनाए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। उन्होंने कहा कि यह मार्ग जीरो एक्सीडेंट डिजाइन की अवधारणा पर आधारित है। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद सम्भल में लॉजिस्टिक हब, कोल्ड स्टोरेज एवं भंडारण केंद्र विकसित होंगे। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों की तुलना में सम्भल में भूमि सस्ती होने के कारण उद्योगों का विकेंद्रीकरण होगा और नए उद्योग यहां स्थापित होंगे। इससे स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा।
जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जहां मेंथा, हैंडीक्राफ्ट और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा क्योंकि वे अपने फल, सब्जियां और कृषि उत्पाद बड़े बाजारों तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।
उन्होंने कहा कि सम्भल में 24 कोसीय परिक्रमा मार्ग के निर्माण पर 308 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि धार्मिक स्थलों के विकास पर 150 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाएं संचालित हैं। इससे तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।
प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके किनारे औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।
कार्यक्रम में भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत होने वाली स्वगणना के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी का कहर: 44-45°C तक पहुंचेगा तापमान, सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने जारी की विशेष एडवाइजरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा क्षेत्र में गर्मी ने अब अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तेज धूप और चल रही लू ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। इसी को देखते हुए सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने शासन से प्राप्त विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।
बुधवार को सुबह तापमान अपेक्षाकृत कम रहा, लेकिन दोपहर होते-होते तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया और लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकले। बच्चे भी स्कूल से लौटते समय छाता और कपड़ों से खुद को ढकते नजर आए। हालांकि शाम को सूर्यास्त के बाद थोड़ी राहत जरूर मिली।
भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष मई माह में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और लू चलने की प्रबल संभावना है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।
डॉ. स्नेही ने बताया कि लू लगने पर व्यक्ति की त्वचा गर्म, लाल और शुष्क हो जाती है, पसीना आना बंद हो सकता है, सांस तेज चलने लगती है, सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी और उल्टी जैसी शिकायतें हो सकती हैं। गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक अंगों, खासकर मस्तिष्क और हृदय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।
उन्होंने लोगों को सलाह दी कि अधिक से अधिक पानी पिएं, हल्के और ढीले कपड़े पहनें, धूप में निकलते समय छाता, टोपी, चश्मा और गमछे का इस्तेमाल करें। खुले में काम करने वाले लोग विशेष सावधानी बरतें और सिर व शरीर को ढककर रखें।
इसके अलावा घर के बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करने की सलाह दी गई है, जबकि शराब, चाय और कॉफी से दूरी बनाने को कहा गया है। बासी भोजन और कटे-फटे फलों से बचने की भी अपील की गई है।
डॉ. स्नेही ने बताया कि सीएचसी स्योहारा में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए 5 बेड आरक्षित किए गए हैं। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है। उन्होंने ब्लॉक स्योहारा की जनता से अनुरोध किया कि शासन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें और खुद को इस भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से सुरक्षित रखें।

# ट्रैफिक पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, 28 चालान–2 बाइक व 1 ऑटो सीज, नशे में ड्राइविंग पर कड़ा प्रहार

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर धामपुर क्षेत्र के नगीना चौराहे पर टीएसआई नितिन मलिक के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाते हुए नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 28 चालान किए गए, जिससे लापरवाह वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।
ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चला रहे युवकों, संदिग्ध रूप से घूम रहे लोगों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को रोककर सख्ती से जांच की। नियमों की अनदेखी करने पर दो बाइक और एक ऑटो को मौके पर ही सीज कर दिया गया, जिससे स्पष्ट संदेश गया कि अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।
सबसे खास बात यह रही कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी ट्रैफिक पुलिस का चाबुक चला। ऐसे दो चालान काटकर पुलिस ने साफ कर दिया कि नशे में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है।
ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई में सख्ती के साथ-साथ जागरूकता भी देखने को मिली। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उनकी यह मुस्तैदी और जिम्मेदारी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय पहल साबित हो रही है।
टीएसआई नितिन मलिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस की इस सक्रियता और ईमानदार कार्यशैली की खुलकर सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलते रहने चाहिए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# कुपोषण दूर करेगा ड्रैगनफ्रूट (क्वीन ऑफ नाइट ) फल को लगाने के लिए लोगों को किया जारहा प्रेरित

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नगीना। ड्रैगनफ्रूट, कमलम एवं क्वीन ऑफ नाइट भी कहा जाता हैं अब एनीमिया और कुपोषण दूर करेगा, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना इस फल को घर की छतों में , किचन गार्डन पर एवं खेतों में लगाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा है, कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के माध्यम से इस फल के प्रति जागरूकता फैलायी जा रही है ई क इसे खेतों की मेढों, खाली पड़ी जगहों पर लगाया जाएगा। डॉ प्रतीमा उद्यान वैज्ञानिक ने बताया कि इसमें आयरन, विटामिन, मिनरल्स और अंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा मे होते है। इसे पश्चिम उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर उगाने की योजना है। यह कैक्टस परिवार का पौधा है और एक पेड़ 25-30 वर्ष तक उत्पादन दे सकता है। जून से नवम्बर के बीच इसमे फूल एवं फल आते है। फूल आने के 25-30 दिन मे फल तैयार हो जाता है, ड्रैगन फ्रूट सुपर फूड के नाम से जाना जाता है, जिसमे लगभग 85 प्रतिशत पानी पाया जाता है। पौधा लगाने के दूसरे साल से फल आने लगते है। तीसरे वर्स के बाद औसत उपज 12-15 टन प्रति हेक्टेयर होती है क फल की तीन प्रजातियां होती है ड्रैगन फ्रूट फल तथा गूदे के रंग के आधार पर तीन प्रकार के होते है -फल का रंग लाल एवं गूदा सफेद, फल का रंग पीला एवं गूदा सफेद, फल का रंग लाल एवं गूदा लाल एवं यह फल 100-200 रुपये किलो तक बिकता है। इसे जैम , आइसक्रीम , जूस , के रूप मे भी उपयोग किया जा सकता है। इसका उद्देश्य खाली भूमि का उपयोग कर किसानों को अतरिक्त आय कराना है।

# राजकीय हाईस्कूल सिविल लाइन में हुआ अश्वनी जैन का स्वागत

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। राजकीय हाई स्कूल सिविल लाइन, फिरोजाबाद में जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन आदि एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।
राजकीय हाईस्कूल, सिविल लाइन फिरोजाबाद के प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह ने अश्वनी कुमार जैन के राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ ही नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। जिससे जनपद की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रहीं हैं।
अश्वनी कुमार जैन ने प्रधानाचार्य डॉ यतेन्द्र सिंह एवं समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ अपने परिवार, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक दिग्विजय सिंह, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# टूंडला टोल पर मारपीट के विरोध में संगठनों का हंगामा, एसपी सिटी की मध्यस्थता से शांत हुआ मामला।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**





फिरोजाबाद। टूंडला टोल प्लाजा पर तिलक नगर थाना उत्तर निवासी एवं विश्व हिंदू परिषद महानगर अध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी के साथ टोल कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता नजर आया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद टोल प्लाजा पर आए दिन होने वाली अभद्रता और कथित गुंडागर्दी के विरोध में बुधवार को कई संगठनों के पदाधिकारी एकजुट हो गए।
बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद, भारतीय किसान यूनियन भानु सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी टूंडला टोल प्लाजा का घेराव करने के लिए रवाना हुए थे। लेकिन प्रशासन ने उन्हें एसपी सिटी कार्यालय पर ही रोक लिया।
यहां रविशंकर प्रसाद ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए टोल मैनेजर किरण जानू बड़े को मौके पर बुलाया और दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराई।
बैठक के दौरान संगठनों के पदाधिकारियों ने साफ कहा कि टोल प्लाजा पर किसी भी तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग रखी कि टोल पर महिला कर्मचारियों की पर्याप्त नियुक्ति की जाए, वाहन स्वामियों और यात्रियों के साथ अभद्रता न हो, कर्मचारियों का व्यवहार शालीन एवं नियमसम्मत रहे, भविष्य में ऐसी मारपीट की घटनाएं दोबारा न हों।
संगठनों ने आरोप लगाया कि टोल प्लाजा पर आए दिन वाहन चालकों के साथ दुर्व्यवहार और जबरन वसूली जैसी शिकायतें मिलती रहती हैं, जिससे आमजन में भारी नाराजगी है।
वार्ता के दौरान टोल मैनेजर ने सभी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया और व्यवस्थाओं में सुधार का भरोसा दिलाया। इसके बाद मामला शांत हो गया और संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# पानी की बबार्दी रोकें, जीवन बचाए

## प्यासे को पानी पिलाने की तहजीब वाले मुल्क में यह बबार्दी क्यों?

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद आज लोग पानी की कीमत नहीं समझ रहे हैं बाजार में कहीं भी पानी पीने के लिए प्याऊ भी नहीं है ऐसे वक्त में जब हमारी जेब में 100 का नोट होने के बावजूद भी खुले पैसे के अभाव मेंड्2 वाला पानी का पाउच नहीं मिलता उस वक्त प्यासे आदमी की क्या हालत होगी यह तो वही समझ सकता है इसके बावजूद भी लोग पानी की बबार्दी नहीं रोक रहे हैं जब हम अपने घरों में सबमर्सिबल का बटन दबाते हैं, तो हमें लगता है कि हमने सिर्फ एक मशीन ऑन की है, लेकिन हकीकत में हम धरती के उस अनमोल खजाने में सेंध लगा रहे हैं जिसे दोबारा भरने में कुदरत को हजारों साल लग जाते हैं। आज हमारे मोहल्लों का नजारा बड़ा अजीब और अफसोसनाक है। अक्सर देखा जाता है कि लोग सबमर्सिबल ऑन करके भूल जाते हैं और छतों पर रखी टंकियों से पीने का पानी बेतहाशा बहकर नालियों की गंदगी में मिलता रहता है। पानी का यह सैलाब हमारी लापरवाही की गवाही देता है, पर हम उसे अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं, अपनी झूठी शान और दिखावे के लिए लोग अपने घर के आगे की गलियों और पक्की सड़कों को ताजे पानी से इस कदर धोते हैं जैसे कोई नदी उनके आंगन से बह रही हो। जिस पानी की एक-एक बूंद किसी प्यासे के हलक को तर कर सकती थी, उसे हम सड़कों की धूल बिठाने में जाया कर देते हैं। सड़कों की यह धुलाई असल में हमारे मुस्तकबिल की तबाही की तैयारी है। रास्ते पर चलते हुए किसी सरकारी नल या प्याऊ की टूटी से बहता हुआ पानी हमारे लिए अब एक 'आम बात' बन चुका है। हम बगल से गुजर जाते हैं, पर उस बहती हुई बूंद को रोकने की जहमत नहीं उठाते। यह महज पानी की बबार्दी नहीं है, यह उस आने वाले कल के प्रति हमारी आपराधिक बेरुखी है जहाँ हमारी अगली नस्लें पानी की एक बूंद के लिए तरसेंगी।
सरकारी आंकड़े और जमीनी हकीकत आज हमें डरा रही है। बिजनौर जनपद समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्राउंड वॉटर लेवल (भूजल स्तर) किसी ढलती शाम के सूरज की तरह तेजी से नीचे खिसक रहा है। पिछले कुछ सालों में वॉटर टेबल में 10 से 15 मीटर तक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। जिले के कई ब्लॉक 'सेमी-क्रिटिकल' श्रेणी में आ चुके हैं, जिसका सीधा मतलब यह है कि हम जमीन से उतना पानी निकाल रहे हैं जितना बारिश का पानी रिसकर नीचे नहीं जा पा रहा। धरती का पेट खाली हो रहा है और हम ऊपर से उसे बेरहमी से निचोड़ रहे हैं।
हमें यह समझने की जरूरत है कि पानी 'बनाने' की कोई फैक्ट्री दुनिया में नहीं है। जागरूकता सिर्फ मंचों से दिए जाने वाले भाषणों से नहीं, बल्कि अपने रोजाना के बर्ताव को बदलने से आएगी। आज एक व्यापक 'जागरूकता अभियान' की सख्त जरूरत है, जहाँ हर नागरिक यह समझे कि पानी की बबार्दी एक सामाजिक और नैतिक अपराध है। गलियों की धुलाई के बजाय झाड़ू का इस्तेमाल करना, नल खुला देखें तो उसे बंद करने की जिम्मेदारी उठाना, और सबमर्सिबल के साथ 'ऑटो-कट' स्विच या अलार्म लगाना अब कोई विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता होनी चाहिए।
वक़्त की पुकार है कि हम संभल जाएं, वरना कुदरत जब हिसाब मांगेगी तो हमारे पास देने के लिए सिर्फ पछतावा होगा। आज जो पानी हम सड़कों पर बहा रहे हैं, कल वही पानी हमें अपनी जान से भी प्यारा लगेगा। याद रखिए, धरती के पास हमारी जरूरतों के लिए तो बहुत कुछ है, लेकिन हमारी फिजूलखर्ची और लालच के लिए एक बूंद भी अतिरिक्त नहीं है। अब चुनाव हमें करना है-आज अपनी आदतों को बदलकर पानी बचाना है या कल अपनी आने वाली पीढ़ियों को प्यासा छोड़कर आँसू बहाना है?

# किसानों व सरकारी विभागों के माध्यम से मिले दान में मिले भूसे की गाड़ियों को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झण्डी

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। गोवंशों के बेहतर भरण-पोषण और गौशालाओं में चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे एवं मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में भूसे से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
इस विशेष अभियान के दौरान जनपद के प्रगतिशील किसानो एवं विभिन्न सरकारी विभागों के सहयोग से 6000 कुन्टल से अधिक का भूसा दान स्वरूप प्राप्त हुआ, यह भूसा जनपद की विभिन्न गौशालाओं में भेजा जाएगा।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रगतिशील किसानों और प्रबुद्ध जनों से भूसा दान करने हेतु विशेष अनुरोध किया गया था। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रगतिशील किसानों ने इस अपील को सहज स्वीकार किया, छोटे अंशदान और सामूहिक अंशदान का परिणाम है ,कि आज इतनी बड़ी मात्रा में भूसा एकत्रित हो सका है, यह दान को गौवंशों के संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम है।
अभियान के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए जिलाधिकारी ने जोर दिया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य सुनिश्चित करना है, कि जनपद की किसी गौशाला में गौवंशों को चारे की कमी न होने पाए, उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा की, ताकि निराश्रित गोवंशों की उचित देखभाल की जा सके। इस अवसर पर दानदाता किसान राजेश कुमार, सतेन्द्र पाल सिंह, अवधेश पाल सिंह, रामसनेही, डूमर सिंह,चतुरी सिंह, जगतसेठ उपस्थित रहे।

# निपुण प्लस पर आकलन गति प्रदान करने आवश्यकता है --शुभम

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फिरोजाबाद में आज एसआरजी एवं एआरपी की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक का शुभारंभ डायट प्राचार्य श्रीमती मुदिता पांडे एवं एसआरजी जया शर्मा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया गया।
डायट प्राचार्य द्वारा जनपद के समस्त विकास कार्यों की समीक्षा की समीक्षा के तहत उन्होंने स्कूल चलो अभियान, संकुल बैठकों का प्रभावी क्रियान्वयन, आईसीटी लैब का प्रयोग, स्मार्ट क्लास का प्रयोग, ईसीसी एजुकेटर के दायित्व का निर्वहन आदि बिंदुओं पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई।
बैठक में समस्त एआरपी को संबोधित करते हुए एस आरजी श्रीमती जया शर्मा ने कहा स्कूल रेडनेस फेस 2 के माध्यम से बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान से जुड़ी कौशलों में निपुणता हासिल करना शिक्षकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। डायट प्रवक्ता निशांत गोला ने कहा कि सभी विद्यालयों के कक्षा के रूपांतरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। डीसी ट्रेनिंग शुभम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की निपुण प्लस पर आकलन गति प्रदान करने की आवश्यकता है।
एआरपी टूंडला रणजीत सिंह द्वारा विकासखंड टूंडला की प्रगति आख्या समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सत्येंद्र बाबू, शिखा सिंह, मैन प्रताप सिंह, अनिल कुमार चक, मनीष कुमार, सचिन कुमार, नरेंद्र कुमार, विनीत, राघवेंद्र सिंह, सुधीर कुमार सहित जनपद फिरोजाबाद के एआरपी और एस आर जी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने सांती गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ सांती गौशाला का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि गौशालाओं में केवल गौ वंशो का सरक्षंण न किया जाये बल्कि वहां पर मानवीय गतिविधियों को बढ़ाने हेतु खेल का मैदान और ओपन जिम इत्यादि का निर्माण भी किया जाये
जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बुधवार को सांती स्थित गौशाला का मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ औचक निरीक्षण किया , 400 गोवंश की क्षमता वाली इस गौशाला की आधुनिक व्यवस्थाओं और बदलाव को देखकर जिलाधिकारी अत्यंत प्रसन्न नजर आये, उनकी अभिनव पहल थी, कि गौशालाओं में केवल गोवंशों का संरक्षण न किया जाये, बल्कि वहां पर मानवीय गतिविधियों को बढ़ाने हेतु खेल का मैदान और ओपन जिम इत्यादि का भी निर्माण किया जाये
इस रूप में सांती गौशाला एक आदर्श के रूप में विकसित हुई है, इस गौशाला को सुव्यवस्थित चार शैडों में निर्मित किया गया है, जिससे गोवंशों को सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो सके।
बढ़ती गर्मी को देखते हुए पशुओं के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था और स्वच्छ जल की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गौशाला परिसर में गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ मानवीय क्रियाकलापों हेतु बैडमिंटन कोर्ट और ओपन जिम का निर्माण किया गया है, जो प्रदेश में अपनी तरह की अनूठी पहल है।
जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि शासन का उद्देश्य केवल गोवंश का संरक्षण करना ही नहीं है, बल्कि समाज का उनके साथ एक आत्मीय सम्बंध स्थापित करना है, उन्होंने जोर दिया कि मानव का गोवंश के साथ जुड़ाव एक अटूट संबंध स्थापित करेगा, जिससे समाज में गाय की महत्ता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ेगी।
उन्होंने कहा यह गौशाला केवल गौवंश संरक्षण का केंद्र ही नहीं है, अपितु यह सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि इस गौशाला के मॉडल को अन्य क्षेत्रों में भी प्रोत्साहित किया जाये, योग स्थल और खेल सुविधाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को गौशाला से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि जन सहभागिता के माध्यम से गौ सेवा को एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# सीएचसी में महिला की डिलीवरी के दौरान चिकित्सकों की लापरवाही

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को महिला डिलीवरी के दौरान सीएचसी शामली में चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई है। इमरजेंसी में सिजेरियल के लिए भर्ती की गई गर्भवती महिला को एनेस्थीसिया डॉक्टर ने पहुंचने से इंकार कर दिया। घंटों चिकित्सक की प्रतीक्षा करने के बाद जब महिला की हालत बिगडने लगी तो परिजन आनन फानन में महिला को निजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां महिला ने ऑपरेशन से एक बच्चे को जन्म दिया है।

बुधवार सवेरे करीब 6 बजे क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी अबूबकर अपनी पत्नी रूकैया को प्रसव पीडा के कारण शामली सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला की हालत नाजुक होने के कारण भर्ती कर लिया और ऑपरेशन से बच्चे के जन्म की बात कही गई। हॉस्पिटल स्टाफ ने ऑन कॉल पर रखी गई महिला रोग विशेषज्ञ डा. मनरा मलिक भी पहुंच गई, लेकिन सीएचसी शामली में

तैनात एनेस्थीसिया डॉ. बिजेंद्र सिंह नही पहुंचे। एनेस्थीसिया चिकित्सक की घंटों प्रतीक्षा की गई, लेकिन वह नही पहुंचे। जिसके बाद महिला की हालत और बिगडती चली गई। महिला की जिदंगी और मौत की बात सामने आने पर परिजन घबरा गए और महिला को अनन फानन में शामली के झिंझाना रोड स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। पीडित व्यक्ति अबूबकर का कहना है कि उन्होने एनेस्थीसिया को लगातार दो घंटों तक कॉल की, लेकिन उन्होने टाल मटोल करते हुए अचानक आखिर में आने से इंकार कर दिया। ऐसी स्थिति में पत्नी और बच्चे की जान पर बन सकती थी। उसने हॉस्पिटल में सभी लिखा पढी पूरा कराई थी, लेकिन सीएचसी में सरकार की सुविधाऐं प्रदान होने के बावजूद चिकित्सकों ने उनको कोई उपचार नही दिया। जिसकी शिकायत वह आला अधिकारियों से करेगे। बताया कि प्राईवेट हॉस्पिटल में हजारों रुपए खर्च होने के बाद पत्नी की जान बच सकी है और उसने बेटे को जन्म दिया है।

## श्री दुर्गा महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

**समाज जागरण शामली।**

श्री दुर्गा प्रसाद महादेव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। महोत्सव के अंतिम दिवस समस्त धार्मिक अनुष्ठानों की पूणार्हुति वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न कराई गई। महोत्सव के दौरान विद्वान आचार्य पंडित प्रेम किशोर कोठारी के निर्देशन में सभी यजमानों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन-यज्ञ कराया गया। अंतिम दिन पंडित ने समस्त यजमानों के साथ मिलकर पूणार्हुति सम्पन्न कराई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से प्रमोद संगल, संजीव संगल, पवन संगल, गुलशन राय, श्रवण संगल, उमेश संगल, डॉ. जगमोहन संगल, प्रदीप संगल, हरिकिशन संगल मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव बलवा में स्वर्गीय आनंत चौधरी के सम्मान में एक दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें 70 से अधिक कुश्तियों का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बुधवार को क्षेत्र के गांव बलवा में स्वर्गीय आनंत चौधरी के सम्मान में एक दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार ने किया।



दंगल में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के पहलवानों में अपना दमखम दिखाया। इस दौरान 70 से अधिक कुश्तियों का आयोजन किया गया। सबसे बड़ी कुश्ती मोहसिन दुगड़ा व मोहित गोंडा के बीच हुई, जिसमें मोहसिन ने मोहित को बराबर विजयी हासिल की। मुख्य अतिथि अरविंद कुमार खेड़ी ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कासिम, अलीहसन, गोल्लू खालिद आस मौहम्मद, डॉ मुस्तकीम, मुंशी, रामकुमार आदि का सहयोग रहा।

## एक मई को होगा उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ट्रायल

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से 29वीं उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन 1 मई को किया जाएगा। यह ट्रायल सुबह 9 बजे शहीद उधम सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जो 7 और 8 मई को पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। ट्रायल में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर दौड़, 110 मीटर हर्डल, 400 मीटर हर्डल, 3000 मीटर स्टीपलचेज, पोल वॉल्ट, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो और 10000 मीटर रेस वॉक जैसे इवेंट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की जन्म तिथि 22 मई 2008 या उससे पहले की होनी चाहिए। प्रतिभागियों के लिए जन्म प्रमाण पत्र, हाईस्कूल की मार्कशीट, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा एथलेटिक्स फेडरेशन का रजिस्ट्रेशन नंबर अनिवार्य होगा।

## पिकअप की टक्कर से युवक घायल, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

कैराना। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक घायल हो गया। उसे चिंताजनक हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला आलखुर्द निवासी वसीम ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गत सोमवार सुबह करीब पांच बजे उसका भाई अनीस खुरगान बाईपास पर घर में चल रही निर्माण कार्य के लिए रेत की बुग्गी लेने गया था। जहां वह सड़क किनारे खड़ा था। इस दौरान तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी में उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को पहले शामली और बाद में मेरठ प्राइवेट अस्पताल ले गए थे। जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। मामले में पिकअप चालक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

## पुलिस ने ठगी के 94 हजार रुपये कराए वापस

**समाज जागरण**

कैराना। साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने पीड़ित के 94426 रुपये वापस कराए हैं। ग्राम पावटीकलां निवासी जिकरिया के साथ अज्ञात व्यक्ति ने लोन खाता बंद कराने का झांसा देकर 94,426 रुपये की ठगी कर ली थी। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर हेल्पडेस्क ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और संबंधित बैंकों से पत्राचार किया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने ठगी गई शत-प्रतिशत पीड़ित के खाते में वापस करा दी। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों व साइबर टीम का आभार व्यक्त किया।

## इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, युवती को लेकर फरार युवक की तलाश में पुलिस दबिश

**समाज जागरण कांधला।**

सहारनपुर जनपद के थाना नकुड़ क्षेत्र की एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में सहारनपुर पुलिस ने बुधवार को मआरोपी युवक के घर दबिश दी। हालांकि आरोपी घर पर नहीं मिला और मकान पर ताला लटका होने के कारण पुलिस को वापस लौट गई ।बुधवार को थाना नकुड़ में तैनात महिला उपनिरीक्षक मनवीरी सिंह पुलिस टीम के साथ थाने पहुंचीं और स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार थाना नकुड़ क्षेत्र के गांव खेड़ा अफगान निवासी एक युवती की इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से थाना क्षेत्र के शिवाला मार्ग निवासी आमिर से दोस्ती हो गई थी। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी युवक युवती को अपने साथ ले गया ।परिजनों का आरोप है कि विगत 20 अप्रैल को युवती घर से लाखों रुपये की नकदी और जेवरात लेकर आरोपी के साथ फरार हो गई। मामले में परिजनों की तहरीर पर थाना नकुड़ में मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना नकुड पुलिस ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर आरोपी युवक के घर पर दबिश दी, लेकिन मकान बंद मिला और दरवाजों पर ताला लटका हुआ था। आरोपी के नहीं मिलने पर पुलिस वापस लौट गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नकुड पुलिस आरोपी युवक व युवती की तलाश में पहुंची थी दोनों नहीं मिलने पर वापस लौट गई है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग)अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज में परिषद के चल रहे तरुण चेतना अभियान के अंतर्गत छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई और उन्हें प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।



बुधवार को मुख्य रूप से प्रांत सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन, जिला संयोजक वंश बाबरा, देव विश्वकर्मा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे प्लास्टिक के उपयोग को कम करें, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। साथ ही यह भी बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण कि लिए संकल्प लेते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, पेड़-पौधों की देखभाल करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने का प्रण लिया।

## महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) नगर पालिका परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष सुषमा सिंह और भारत सरकार में पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री मंजू दिलेर ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होने कहा कि विपक्षी नेता महिलाओं का अधिकार छीनाकर जश्न मना रहे है। बूधवार को नगर पालिका में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सुषमा सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के पारित न होने से महिलाओं के अधिकारों का हनन हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल नहीं चाहते कि सामान्य परिवारों की महिलाएं राजनीति में आगे बढ़ें। उनका कहना था कि यदि यह विधेयक पारित हो जाता, तो महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2010 में राज्यसभा में महिला आरक्षण के समर्थन में लाए गए विधेयक को भारतीय जनता पार्टी



ने समर्थन दिया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे लोकसभा में पारित नहीं होने दिया। सुषमा सिंह ने विपक्ष पर महिलाओं को भ्रमित करने और उनके राजनीतिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया। वहीं मंजू दिलेर ने कहा कि महिलाओं को प्रशासनिक, राजनीतिक

और सामाजिक क्षेत्रों में बराबरी का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधी आबादी होने के नाते महिलाओं को आरक्षण मिलना उनका हक है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह विधेयक भविष्य में अवश्य पारित होगा। वही शामली के जिला अस्पताल में महिला से डिलीवरी के मामले में हुए दुर्व्यवहार और गढीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढी अब्दुल्ला में युवती के साथ सरे बाजार हुई मारपीट और छेडखानी की घटना में भी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. रामजीलाल कश्यप, मीनू संगल, शशि अरोरा, पुनीत द्विवेदी, अभय तोमर मौजूद रहे।

## प्राईवेट स्कूल के बस चालक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, दो बच्चों सहित पिता घायल

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

शहर के कैराना रोड पर एक प्राईवेट स्कूल के बस चालक द्वारा लापर वाही दिखाते हुए बच्चों को स्कूल छोडने जा रहे स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी गई। हादसे में दो बच्चे और पिता घायल हुए है। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही आरोपी स्कूली बस का चालक मौके बच्चों से भरी बस छोडकर फरार हो गया। जिसके बाद बच्चों को दूसरी बस से स्कूल भेजा गया। बुधवार को शहर के कैराना रोड से स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की एक बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि जब चालक स्कूली बस को कैराना रोड पर लेकर पहुंचा तो इसी दौरान तेज गति और लापरवाही दिखाते हुए स्कूली बस के चालक ने बच्चों को स्कूल छोडने जा रहे मोहल्ला गुजरातियान निवासी कमल कुमार की स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में कमल कुमार सहित उसके साथ मौजूद 8 वर्षीय राघव व 6 वर्षीय माधव दोनों बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी बस चालक मौके से फरार हो गया। जबकि घायलों को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कमल कुमार ने बताया कि वह स्कूली से अपने दोनों बच्चों को सिल्वर बैल्स स्कूल में छोडने के लिए जा रहा था, लेकिन पीछे से तेज गति से आये स्कूली बस के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। यही नही बच्चों को बस में छोडकर ही फरार हुआ है। बाद में बच्चों को दूसरी बस से स्कूल भेजा गया। ड्राईवर की लापरवाही से बस में सवार बच्चों को भी नुकसान पहुंच सकता था। पीडित ने शामली कोतवाली पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## ऑपरेशन सवेरा के तहत बड़ी कार्रवाई, 34 लाख की स्मैक समेत तस्कर दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग)मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 168 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 34 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है ।सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी के निर्देश पर जनपदभर में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए ऑपरेशन सवेरा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कैराना कोतवाली में




तैनात उपनिरीक्षक यूनुस खान पुलिस टीम के साथ खुरगान-मंडावर मार्ग स्थित पानी की टंकी के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया ।पुलिस टीम ने युवक को रोककर पूछताछ की तो वह घबरा गया। संदेह होने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 168 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नूरहसन निवासी गांव मंडावर बताया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची, जहां उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 34 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी से स्मैक तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

## धूमधाम से हुआ विश्व नृत्य दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के बीएसएम स्कूल में बुधवार को विश्व नृत्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ छात्र-छात्राओं तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया




बुधवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय में नृत्य की शुरूआत भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से की गई, जिसमें विशेष रूप से कथक की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ छात्र-छात्राओं तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की नृत्य शिक्षिका प्रियंका शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नृत्य का इतिहास अत्यंत प्राचीन है और इसकी शुरूआत शास्त्रीय रूपों से हुई, जो समय के साथ विकसित होकर आज लोकनृत्य एवं वेस्टर्न डांस के रूप में भी प्रचलित हो चुका है। उन्होंने नृत्य के विभिन्न प्रकारों एवं उनके महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि नृत्य केवल कला नहीं बल्कि हमारे भावों और संस्कृति की अभिव्यक्ति है। भारत की समृद्ध परंपरा में कथक, भरतनाट्यम जैसे नृत्य हमारी पहचान है। नृत्य हमें अनुशासन, आत्म विश्वास और एकता का संदेश देता है। मैनेजर छाया सिंह और चैयरमेन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि विश्व नृत्य दिवस हमें हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और आगे बढ़ाने का अवसर देता है।

## किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) बुधवार को किसान संघर्ष समिति का एक प्रति निधिमंडल जिलाधिकारी आलोक यादव से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से प्रभावित किसानों की लंबित समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कॉरिडोर निर्माण के दौरान अधिग्रहित भूमि से जुड़े कई मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। किसानों ने विशेष रूप से उन आर्बिट्रेशन मामलों का जिक्र किया, जो पिछले 4-5 वर्षों से डीएम कोर्ट में लंबित हैं। उन्होंने इन मामलों में शीघ्र सुनवाई कर समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने, अंडरपास को फाइबर शीट से



कवर करने, बॉक्स कलवर्ट में पानी भराव रोकने और आवश्यक स्थानों पर कटेनिंग रोड बनाने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाईं। किसानों का कहना है कि इन व्यवस्थाओं के अभाव में उनकी फसलों और खेतों को नुकसान हो रहा है। जिलाधिकारी आलोक यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान ठाकुर वीर सिंह, विदेश मलिक, योगेंद्र प्रधान, चौधरी विजेंद्र सिंह, प्रमोद, सत्येंद्र और गुरदयाल उपस्थित रहे।

## एएसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त, परखी सुरक्षा व्यवस्था

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से एएसपी सुमित शुक्ला ने कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजार में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान उन्होंने बाजार में मौजूद व्यापारियों, राहगीरों और आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में लगातार सतर्क निगरानी रखी जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे किसी भी संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके। इस दौरान



यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे यातायात को सुचारु बनाए रखें, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतें। उन्होने व्यापारियों से अपील की कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को अनुशासन, सतर्कता और बेहतर जनसंपर्क के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक सचिन शर्मा मौजूद रहे।

## लायंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के सेंट आरसी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में लायंस ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि केवल पाठ्यक्रम तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रतियोगिताओं में भागीदारी ही वास्तविक विजेता बनाती




है। विद्यालय की प्रधानाचार्य उजमा जैदी ने बताया कि प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्रीय स्तर पर रैंकिंग के आधार पर स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में प्राणिका वत्स, अथर्व कुमार आर्य, जयंत मित्तल, धैर्य मित्तल, आलिया, दिया, प्रत्यक्ष, पलक तोमर, उदय अहलावत, प्रतिज्ञा, अद्विका, विहान जैन, प्रिंस तथा पृथ्वीराज शामिल रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि लायंस ओलंपियाड का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा के आधार पर आगे बढ़ सकें। अंत में अतिथियों और शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अरविंद चौधरी, आरिफ हुसैन, मनीष मित्तल, अनुपम मित्तल, अभिषेक वर्मा, पंकज गोयल, संचिता वर्मा, रीतिक शर्मा, हिमांशी सैनी, प्रिया सिंगल, आयुषी सिंगल मौजूद रहे।

## पालिका की बेरुखी , मुख्यमंत्री से जलभराव की शिकायत

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) मुख्य मार्ग पर जलभराव से गुलशन नगर के बाशिंदे त्रस्त है। इस समस्या को लेकर नगरपालिका ने कोई सुनवाई नहीं की, तो अब मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई है। मोहल्ला गुलशन नगर निवासी बिलाल अहमद ने बुधवार को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। बताया है कि मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी भरा हुआ है, जिस कारण सैकड़ों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चे गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने को विवश हैं, इनमें स्कूली बच्चे भी शामिल हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है।



शिकायत में उन्होंने यह भी बताया कि जलभराव के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू व मलेरिया फैलने का खतरा बना हुआ है। आरोप है कि नगरपालिका की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# राष्ट्रीय गणित दिवस पर विजेता बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**समाज जागरण बागपत।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ की तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब बागपत के अंतर्गत वेदांतिक इंटरनेशनल स्कूल अमीनगर सराय बागपत में राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुधा शर्मा द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में कुल 7 विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं में प्रतिभाग किया। सभी छात्र -छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान नाटिका तथा ईको रेस्टोरेशन के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय मूक वातालर्प प्रदर्शित किया कि किस तरह से विभिन्न विभिन्न देश आपस में पर्यावरण बचाने तथा अन्य अन्य विषयों के ऊपर आपस में विचार विमर्श तथा वातालर्प होता है। जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को विज्ञान तथा गणित विषय की तथा




ब्रह्मांड से गणित का क्या गठजोड़ है, इस विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत में हर साल 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है इस देश दिवस का उद्देश्य गणित के महत्व और रामानुजन के अनुकरणीय योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है यह दिन युवा युवा पीढ़ी को रामानुजन के जीवन से प्रेरणा लेकर विज्ञान और गणित के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है इस दिन को श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

# श्री अग्रसेन धाम में माता महालक्ष्मी का हुआ महा अभिषेक

**समाज जागरण बागपत।**

श्री अग्रसेन धाम कुंडली के पवित्र दरबार में नरेला अग्रसमाज के 251 परिवारों ने माता महालक्ष्मी जी की पूजा एवं महा अभिषेक किया। इसमें बागपत से भी काफी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गुरु तरूण-लखन जी के सहयोग से माता महालक्ष्मी जी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनेक प्रकार से महाअभिषेक किया व महिला भक्तों द्वारा माँ का श्रृंगार किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन की अगुवाई में सम्पूर्ण धाम की परिक्रमा करते हुए माँ को 81 फुट लम्बी सूरत से मंगवाई हुई मौतियो जडित सुस्जित विराट चुनरी, महेन्द्री



का थाल 21 फुट गजरा, ड्राई फ्रूट थाल, फल प्रसाद, सवामणी महाप्रसाद , खीर संपूर्ण भंडारा , चांदी के छतर, पान सुपारी, ध्वज नारियल इत्यादि अनेक प्रकार के भाव अर्पण किए गए । इसके साथ प्रिंस जैन सुभम ने श्रीजी राधा रानी का संकीर्तन व धाम महिमा भजनों से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सोनीपत मेयर प्रत्याशी व श्री अग्रसेन धाम कुंडली के मार्गदर्शक राजीव जैन ने मां लक्ष्मी को नतमस्तक होते हुए आशीर्वाद ग्रहण किया। इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राजेन्द्र अग्रवाल, मनोज बंसल, संजय बंसल, मोहित गुप्ता, राहुल सिंघल, मनीष गुप्ता, विरेंद्र गर्ग (कैथल वाले), पवन जिंदल, अजय बंसल, सुरेन्द्र अग्रवाल, अनिल ठेकेदार, भूपेश बंसल, कमल सिंघल, वरुण गोयल, विपिन गोयल, नितिन सिंघल, दिनेश गर्ग, अनूप गर्ग, शिवराज गर्ग, लख्मी चन्द जिंदल, समीर बंसल, विकास बंसल, सुप्रसिद्ध वरिष्ठ समाज सेवी नरेला हेमराज बंसल, उत्तरी दिल्ली संयोजक एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण बंसल, धाम के प्रमुख दानी भामशाह व पुरानी अनाज मंडी नरेला के प्रधान सुरेश गर्ग, सिनियर वाइस चेयरमैन टीका राम मित्तल व संरक्षक विरेन्द्र बंसल, धाम के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल सिंघल, रश्मि सिंघल, महेन्द्र सिंघल, सतीश तुषीर, संजय शर्मा, पंकज कौशिक, संदीप खापरा आदि उपस्थित रहे।

# वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की टॉपर छात्राएं जियालाल प्रेमवती पुरस्कार से सम्मानित

## लायंस क्लब अग्रवाल मंडी ने बांटे सर्टिफिकेट व उपहार, बोले- मेधावी बेटियां हैं राष्ट्र का भविष्य

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में बुधवार 29 अप्रैल 2026 को सत्र 2025-26 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को जियालाल प्रेमवती अग्रवाल सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब अग्रवाल मंडी द्वारा किया गया इंटरमीडिएट वर्ग में कुमारी तनु सुपुत्री पवन कुमार ने प्रथम, कुमारी भूमि सुपुत्री राकेश कुमार ने द्वितीय तथा कुमारी सृष्टि दीक्षित सुपुत्री धर्मकांत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल वर्ग में कुमारी मान्या सुपुत्री संजय त्यागी प्रथम, कुमारी डिंपी सुपुत्री अरविंद कुमार द्वितीय तथा कुमारी खुशी सुपुत्री संजू तृतीय स्थान पर रहीं। वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर अग्रवाल घेवर




वालेह्ल ने अपने पूज्य माता-पिता स्वर्गीय जियालाल प्रेमवती अग्रवाल की स्मृति में सभी टॉपर छात्राओं को सम्मान सर्टिफिकेट एवं उपहार भेंट किए। मंडलीय अध्यक्ष विनय सिसोदिया के सलाहकार अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि मेधावी छात्राएं परिवार, क्षेत्र एवं राष्ट्र का भविष्य हैं। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लायन दीपक सचिव 2026-27, लायन डॉ. रामलाल, सुमन लता, कक्षा 12 की क्लास टीचर कुसुम सरोज, डॉ. प्रतिभा सिंह, कक्षा 10 की क्लास टीचर पूनम सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्रधानाचार्य गायत्री वर्मा ने लायन ईश्वर अग्रवाल एवं लायंस क्लब के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में होनहार छात्र नितेश कुमार को किया गया सम्मानित

**समाज जागरण बागपत।**

महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के होनहार छात्र नितेश कुमार को सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार आर्य ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सत्यार्थ प्रकाश के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह ग्रंथ हमें जीवन के उद्देश्य, सत्य के मार्ग और श्रेष्ठ कर्मों की प्रेरणा देता है। उन्होंने बच्चों को समझाया कि हमारा जन्म केवल जीने के लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए सकारात्मक योगदान देने के लिए हुआ है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी
शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर




विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिकता के महत्व से अवगत कराया गया और बताया कि सत्य को जानना ही नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारना ही मनुष्य के जीवन का सच्चा उद्देश्य है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए नई दिशा प्रदान की। इस मौके पर अध्यापक योगेंद्र, अंजना, सविता, रेखा, मुनेश, सचिन, प्रियंका आर्य, अंशु, कनिष्क आदि उपस्थित रहे तथा सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में वैदिक गणित परीक्षा संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**

माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित कौशल विकास के 60 घंटे के प्रशिक्षण के उपरांत वैदिक गणित विषय की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कौशल विकास कार्यालय प्रमुख बृजभूषण तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में भूपेंद्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों ही




अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की ओर से अविनाश एवं गुंजन ने परीक्षा का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं कुशलतापूर्वक किया। परीक्षा में भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अर्जित ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प दोहराया।

# सरूरपुर गांव में भाजपा की 'जन आक्रोश पदयात्रा', महिला आरक्षण पर जताया विरोध

## जिला मंत्री अंकित लपराना बोले- मोदी सरकार ने दिया नारी शक्ति वंदन, विपक्ष को हजम नहीं हुआ

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत देहात भाजपा मंडल के तत्वावधान में बुधवार को गांव सरूरपुर में जन आक्रोश पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रधान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री एडवोकेट अंकित लपराना मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं के हित को सर्वोपरि रखा है और 33% आरक्षण वाला नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया। लेकिन विपक्षी गठबंधन के नेताओं को महिला आरक्षण रास नहीं आ रहा।



विपक्ष द्वारा महिला आरक्षण का विरोध किए जाने पर भाजपा कार्यकताओं ने आक्रोश व्यक्त किया। कार्यकताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सोनवीर नैन, सत्येंद्र नैन, सुनील दीक्षित, राखी राजपूत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# खट्टा प्रहलादपुर में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में उमड़ी मरीजो की भीड़

## स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न

**समाज जागरण बागपत।**

ग्राम खट्टापहलादपुर में रेखा मेडिकल स्टोर पर डॉ लाल पैथ लैब बागपत (मेरठ रोड) की ओर से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की खून की जांचें उचित दरों पर उपलब्ध कराई गईं, जिसका ग्रामीणों ने भरपूर लाभ उठाया। शिविर के दौरान लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली और सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एच बी, कैल्शियम कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, टीएसएच, केएफटी, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन डी- 3 सहित कई महत्वपूर्ण जांचें की गईं। साथ ही कई लोगों का फुल बॉडी चेकअप भी




किया गया। इस सफल आयोजन में हर्ष भारद्वाज, डॉ वासुदेव कौशिक, नितीश भारद्वाज, डॉ सौरव कौशिक, गौरव शर्मा, डॉ टी डी कौशिक, राकेश जैन, दीपांशु कौशिक, विकास कश्यप एवं शिवांशु सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समय पर बीमारियों की पहचान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर बच्चों ने किया डांस

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के शुभ



अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चे रंग - बिरंगे परिधान पहनकर आए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नृत्य कला के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किए गए जिसमें शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने, देखो - देखो है शाम बड़ी दीवानी, इंडियन - इंडियन शेर दिल इंडियन , ये दुनिया एक दुल्हन आदि गानों पर परीशा, काव्या, अवनी , दक्षिता, अनिका, दिव्यांशी , शगुन, अभिराज, राघव, अपूर्व , कियांश, आर्या, लवीश, आदि बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम पर स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा व समस्त स्टाफ ने बच्चों की नृत्य कला को देखकर उनका उत्साह बढ़ाया।

# तीन स्थानों पर मारपीट,पीड़ितों ने थाने पहुंचकर दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामले में सभी पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी सचिन ने बताया कि पड़ोस का एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा और उससे रुपये उधार मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।मोहल्ला खेल निवासी नसीम ने आरोप लगाया कि पड़ोस का एक व्यक्ति पुरानी रंजिश रखता है। इसी



रंजिश के चलते आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।एक अन्य घटना में मोहल्ला खेल निवासी साहिल ने बताया कि वह अपनी दुकान पर खाना देने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पुरानी रंजिश के चलते कस्बे के दो युवकों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शोर होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ितों ने परिवार के साथ थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी भूमि पर कब्जे से रुकी नाला खुदाई,एसडीएम से कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर जल निकासी व्यवस्था बदहाल होने से सड़क पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। परेशान मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन को शिकायती पत्र देकर पानी निकासी की मांग की थी। आप है कि कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर सड़क के दोनों और पेड़ लगा रखे हैं जिस कारण नाला खुदाई में रुकावट हो रही है। शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश पर विकासखंड सचिव, कानूनगो और हल्का लेखपाल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन से कच्चे नाले की खुदाई शुरू कराई। खुदाई कार्य शुरू होने से कुछ हद तक पानी की निकासी होनी शुरू हो गई थीमोहल्लेवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने सड़क किनारे सरकारी भूमि पर कब्जा कर



पेड़ लगा रखे हैं, जिसके चलते नाले की खुदाई में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्रशासन द्वारा नोटिस और चेतावनी दिए जाने के बावजूद कई लोगों ने अब तक पेड़ नहीं हटाए हैं।बुधवार को मोहल्ले के तनवीर, इकराम, इरशाद, शहजाद और सहित समेत अन्य लोगों ने एसडीएम को शिकायत कर सरकारी भूमि से कब्जा हटाकर पेड़ कटवाने सहित आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समस्या के निस्तारण की मांग की है।

# भूमि अधिग्रहण में मैंगो बेल्ट क्षेत्र का दोबारा कराया जाए सर्वेक्षण : जाकिर हसन

**समाज जागरण**
**बागपत। विपुल जैन।**

रटौल के पूर्व प्रधान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जाकिर हसन ने एसडीएम खेकड़ा को एक पत्र सौपा, जिसमें उन्होंने प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि अधिग्रहण में मैंगो बेल्ट क्षेत्र का दोबारा सर्वेक्षण कराये जाने की मांग की।

**जाकिर हसन ने बताया कि**

उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल), निर्माण खण्डझ 3, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी परियोजना, लोनी, गाजियाबाद द्वारा तहसील खेकड़ा के ग्राम भागौट, फुलेरा, नंगला अगरी (गैराबाद), पूरनपुर नवादा, गढ़ी कलंजरी, सिंगोली तगा, आलमगीरपुर उर्फ टुकाली, शरफाबाद, नंगला वाहन, गोना, लाहचौड़ा एवं सहबानपुर आदि की लगभग 2000 हेक्टेयर भूमि पर वृहद औद्योगिक क्षेत्र-पार्क विकसित किए जाने का प्रस्ताव जारी किया गया है। उक्त प्रस्ताव के संबंध में प्रार्थीगण को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, जिसमें सीमांकन हेतु जो क्षेत्र दशार्या गया है, वह भौगोलिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से



अत्यंत संवेदनशील एवं अनुपयुक्त है। विशेष रूप से, कस्बा रटौल क्षेत्र विश्व प्रसिद्ध मैंगो बेल्ट (आम फल पट्टी) के रूप में जाना जाता है। नंगला वाहन एवं शेखपुरी क्षेत्र, जो कि गैर आबाद मौजे हैं, रटौल के आम बागानों से सटे हुए हैं। सर्वे में रटौल एवं शेखपुरी को मैंगो बेल्ट के कारण बाहर रखा गया है,अतः समान परिस्थितियों में नंगला वाहन को औद्योगिक क्षेत्र में शामिल करना पूर्णतः अनुचित एवं असंगत है।
यदि इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास किया जाता है, तो भारी संख्या में आम के वृक्षों की कटाई होगी, औद्योगिक प्रदूषण के कारण शेष बागान रोगग्रस्त हो जाएंगे तथा विश्व विख्यात रटौल आम का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। यह न केवल पर्यावरणीय क्षति होगी, बल्कि क्षेत्र की पहचान, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था एवं किसानों की आजीविका पर भी गंभीर प्रभाव डालेगी। उन्होंने निवेदन किया मैंगो बेल्ट क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुनः सर्वेक्षण कराया जाए। नंगला वाहन क्षेत्र को प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र से बाहर रखा जाए। इस विषय में विस्तृत एवं निष्पक्ष रिपोर्ट तैयार कर प्रार्थीगण की आपत्तियों का यथोचित निस्तारण किया जाए। आपकी कृपा से क्षेत्र की पर्यावरणीय धरोहर एवं किसानों के हितों की रक्षा संभव हो सकेगी।

# --भीषण गर्मी काअसर,अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

## --लू और तेज धूप से लोग बीमार, सीएचसी कांधला में सुबह से लग रहीं लंबी कतारें

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और चल रही गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर अब लोगों की सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। तेज धूप और लू के कारण बड़ी संख्या में लोग बुखार, दस्त, उल्टी, जुकाम और शरीर में कमजोरी जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बढ़ते मरीजों के से अस्पताल में भीड़ बढ़ रही है। बुधवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पुरुषों, महिलाओं



और बच्चों सहित बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। अस्पताल में तैनात डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी लगातार मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराने में जुटे हुए हैं।अस्पताल परिसर में भीड़ बढ़ने के कारण कई बार मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। गर्मी के कारण छोटे बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत अधिक खराब हो रही है, जिन्हें विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।
चिकित्सा प्रभारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी और लू के चलते मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की जांच कर उन्हें उपचार और दवाइयां दी जा रही हैं। साथ ही लोगों को गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।
डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि जरूरी काम से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़े से ढककर निकलें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। इसके अलावा बाहर का खुला और बासी भोजन खाने से बचने की सलाह भी दी गई है, ताकि गर्मी जनित बीमारियों से सुरक्षित रहा जा सके।

# विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में किसानों की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका : चौधरी धर्मबीर सिंह सांसद

## किसान जितना समृद्ध एवं सशक्त होगा, राष्ट्र उतना ही समृद्ध और विकसित होगा : सांसद

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी 29 अप्रैल। भारत एक कृषि केंद्रित राष्ट्र है। भारत का 2047 तक विकसित भारत का विजन कृषि और आत्मनिर्भरता को अपने केंद्र में रखता है, जिसमें देश के छोटे और सीमांत किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में किसानों की रहेगी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह विचार भिवानी महेंद्रगढ़ से लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने अपने निज निवास स्थान पर विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए लोगों से जनसंवाद के दौरान कहे।
उन्होंने कहा कि हमने विकसित भारत 2047 का लक्ष्य निर्धारित किया है। कृषि क्षेत्र नवाचार, अनुसंधान, जहर मुक्त एवं कैमिकल रहित जैविक खेती आर्थिक ताकत और पर्यावरणीय वहनीयता के माध्यम से इस लक्ष्य की पूर्ति में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि को विकसित भारत के अपने विजन के केंद्र में रखा है। आपस में जुड़ी हुई योजनाओं, अत्याधुनिक अनुसंधान और तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से सरकार ने किसानों को सशक्त बनाया है, पैदावार बढ़ाई है और सतत आजीविका को बढ़ावा दिया है।देशी गोबर की खाद जैविक खेती का आधार है, जो मिट्टी की संरचना सुधारने, जलधारण क्षमता बढ़ाने और फसल की गुणवत्ता बेहतर बनाने में मदद करती है। यह रसायनों की तुलना में सस्ती और उपजाऊ शक्ति बढ़ाने वाली होती है। इसके प्रयोग से पैदावार में सुधार और टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि सशक्त किसान, सशक्त राष्ट्र" भारत के विकास का मूलमंत्र है, जो कृषि और किसानों की आत्मनिर्भरता को सीधे देश की प्रगति और खाद्य सुरक्षा से जोड़ता है। पीएम-किसान योजना के तहत 6000 वार्षिक, आधुनिक सिंचाई, उर्वरक सब्सिडी, और फसल बीमा जैसी पहलों के माध्यम से किसानों को आर्थिक व तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जा रहा है, ताकि एक समृद्ध और विकसित भारत का सपना पूरा हो सके।
उन्होंने किसानों से जहर मुक्त एवं कैमिकल रहित जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने निज निवास स्थान पर आज जनसंवाद के दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आए लोगों की जनसमस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए।

# बार बार एनएच सड़क जमीन में धंसने से हो सकता है बड़ा हादसा : अशोक भारद्वाज

## पाइपलाइन टूटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद, स्थायी समाधान की मांग

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। शहर के हनुमान गेट क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़क लगातार जमीन में धंसने से स्थानीय लोगों और दिल्ली, पिलानी व राजस्थान की ओर जाने वाले हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क धंसने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है, जिससे वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।
सबसे गंभीर समस्या बार-बार पेयजल पाइपलाइन टूटने की है, जिसके चलते हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। एक ओर भीषण गर्मी में लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बहुमूल्य जल संसाधन लगातार नष्ट हो रहे हैं। इससे क्षेत्रवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है।
नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे जल संरक्षण साक्षरता अभियान के तहत राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि बार-बार सड़क धंसने और पाइपलाइन टूटने की समस्या न केवल आमजन को परेशान कर रही है, बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण भी बन सकती है।
अशोक कुमार भारद्वाज ने प्रशासन से जल्द प्रभावी कार्रवाई करते हुए सड़क और जल पाइपलाइन की स्थायी मरम्मत कराने की अपील की, ताकि लोगों को राहत मिल सके, पेयजल की बबार्दी रोकी जा सके और राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग उठाई है।

# गौसेवा की मिसाल: श्री अलख गौशाला में परिक्रमा मार्ग का शिलान्यास

## चौधरी परिवार की पहल, बीआरसीएम डायरेक्टर एस.के. सिन्हा ने रखी नींव

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 29 अप्रैल । बुधवार को बहल स्थित श्री अलख गौशाला में परिक्रमा मार्ग के निर्माण का शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास बीआरसीएम के डायरेक्टर एस.के. सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार चौधरी पुत्र हरिकिशन चौधरी ने अपने पुत्र स्वराज चौधरी की प्रेरणा से



गौशाला में भव्य परिक्रमा मार्ग निर्माण की पहल की। कार्यक्रम में गौभक्तों की उपस्थिति रही और धार्मिक वातावरण देखने को मिला।
गौशाला के प्रधान एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गौशाला परिसर में परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा, जिसकी नींव आज रखी गई है। इससे गौशाला में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।
बीआरसीएम डायरेक्टर एस.के. सिन्हा ने कहा कि चौधरी परिवार का समाज सेवा और गौसेवा के प्रति हमेशा विशेष लगाव रहा है। इसी भावना के चलते यह सराहनीय कार्य शुरू किया गया है।

# लोहारु से 17 वर्षीय युवती लापता

## सुबह घर से निकली, पुलिस ने दर्ज किया केस

**दैनिक समाज जागरण,**

बहल-लोहारू। लोहारू शहर के वार्ड नंबर 13 से 17 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर थाना लोहारू में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति निवासी वार्ड नंबर 13, लोहारू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी (उम्र 17 वर्ष 4 माह) 28 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 5 बजे घर से अचानक लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद थाना लोहारू में शिकायत दर्ज करवाई गई।
पुलिस ने धारा 127(6) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को युवती के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# ओ.पी. जिंदल अवार्ड से 16 मई को चंडीगढ़ में सम्मानित होंगे यूपीएससी द्वारा नवनियुक्त 17 अग्र रत्न: सिंगला

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,29 अप्रैल :अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश/चंडीगढ़ द्वारा संघ लोक सेवा आयोग-2025 के नवनियुक्त अग्रवाल/वैश्य समाज के 17 युवाओं के सम्मान में 16 मई को महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब, सेक्टर-26 चंडीगढ़ में 6वां वार्षिक ओपी जिंदल अवार्ड एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग एवं श्री मुक्तसर साहिब के जिला अध्यक्ष रवि गर्ग ने जिला के अतिरिक्त उपायुक्त आईएएस डेवी गोयल से मिलकर उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। जिस पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी सहमति व्यक्त की। संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले सभी युवाओं को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं उपहार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्था के चेयरमैन के सानिध्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए पवन गुप्ता चंडीगढ़एवं एससी अग्रवाल चंडीगढ़ को संयोजक बनाया गया है। सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम में खेल विभाग हरियाणा के महानिदेशक आईएएस पार्थ गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। सम्मानीय अतिथियों में भारत सरकार के सूचना आयुक्त संजीव जिंदल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पंजाब सरकार की महानिदेशक आईएएस अक्षिता गुप्ता, पंजाब स्टेट वेयर हाउसिंग कापोरेशन के निदेशक आईएएस गौतम जैन, जालंधर के अतिरिक्त उपायुक्त आईएएस नितेश जैन, श्री मुक्तसर साहिब के अतिरिक्त उपायुक्त आईएएस डेवी गोयल, आयकर विभाग चंडीगढ़ के उपायुक्त आईआरएस शिविन गोयल एवं आयकर विभाग चंडीगढ़ सेंटर की उपायुक्त आईआरएस महक मित्तल शामिल होंगी। संस्था के सचिव हरकेश मित्तल ने बताया कि सामाजिक कार्यों के लिए लाला टोडरमल अवार्ड से सम्मानित होने वालों में श्रमण जैन स्वीट्स लुधियाना के एमडी विपिन जैन श्रमण, एमके अग्रवाल फैबिक्स लिमिटेड के एमडी प्रवीण अग्रवाल एमके एवं सीडीएस चेरिटेबल हेल्थ केयर सेंटर चंडीगढ़ के चेयरमैन चरणदास सिंगला शामिल हैं। संस्था के वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से रि. न्यायमूर्ति एसएन अग्रवाल, रि. न्यायमूर्ति आरके गर्ग, रि. न्यायमूर्ति अमरनाथ जिंदल, रि. न्यायमूर्ति एलएन मित्तल, रि. न्यायमूर्ति आरसी गुप्ता, रि. आईएएस डा. वीसी गुप्ता, रि. आईएएस जेबी गोयल, रि. आईएएस डीपी गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति भी कार्यक्रम में रहेगी। चंडीगढ़ के अध्यक्ष डा. जेएल गोयल, महामंत्री एनके अग्रवाल, महिला विंग, युवा विंग एवं पंजाब के सभी जिलों के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष, राज्य पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य कार्यक्रम में आने वाले अतिथिगण को आमंत्रित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी : ओम बिरला

नैनीताल। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सतत विकास और पारिस्थितिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को सम्मान देने को दीर्घकालिक पर्यावरणीय स्थिरता और राष्ट्रीय विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में वन पंचायत प्रतिनिधियों, त्रिस्तरीय पंचायतों और शहरी निकायों के निर्वाचित सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की वन पंचायतें सामुदायिक सहभागिता आधारित वन प्रबंधन का सफल मॉडल बनकर सामने आई हैं। ये पंचायतें वन संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती दे रही हैं।

# रेलवे ईडीएफसी पर व ड्रोन द्वारा 24 घंटे निगरानी शुरू की जाएगी: रवनीत सिंह बिट्टू

**(पंजाब फिरोजपुर रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



फिरोजपुर,29 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा बुधवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री एस. रवनीत सिंह ने आज शंभू के निकट हाल ही में हुए विस्फोट स्थल का दौरा किया और ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने पंजाब में रेलवे को निशाना बनाकर हो रही बार-बार की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की और सुरक्षा व निगरानी को मजबूत करने के लिए सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया।रवनीत सिंह ने घोषणा की कि रेलवे ईडीएफसी पर 24 घंटे गश्त को और सघन करेगा तथा निगरानी व्यवस्था का व्यापक विस्तार किया जाएगा। वर्तमान में अंबाला मंडल के पंजाब क्षेत्र में 173 सीसीटीवी कैमरे पहले ही लगाए जा चुके हैं और अतिरिक्त कैमरों की स्थापना जारी है। कॉरिडोर के एकांत एवं संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां ड्रोन निगरानी सहित उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे के की-मैन द्वारा निरंतर जमीनी गश्त की जाएगी।
मंत्री ने बताया कि यह घटना पिछले तीन महीनों में लगभग 35 किलोमीटर के दायरे में दूसरी घटना है। पहली घटना 23 जनवरी को हुई थी, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से लगभग 800-900 मीटर की दूरी पर थी, जबकि ताजा विस्फोट स्थल इसी राजमार्ग से लगभग 300 मीटर दूर स्थित है। प्रारंभिक आकलन से संकेत मिलता है कि असामाजिक तत्व राजमार्ग से आसान पहुंच का उपयोग कर रेलवे ट्रैक को निशाना बना रहे हैं।उन्होंने आगे कहा कि बाहरी तत्वों की संलिप्तता के संकेत मिल रहे हैं, जो रेलवे जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना को निशाना बनाकर क्षेत्र को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं न केवल सुरक्षा के लिए खतरा हैं, बल्कि राज्य की आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने का भी प्रयास हैं। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, जो साहनेवाल को पश्चिम बंगाल से जोड़ता है, एक महत्वपूर्ण आर्थिक धुरी है, जहां प्रतिदिन लगभग 30 ट्रेनें औद्योगिक और कृषि उत्पादों का परिवहन करती हैं। इस नेटवर्क में किसी भी प्रकार का व्यवधान राज्य और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक है।
मंत्री ने लोको पायलट की सतर्कता की सराहना की, जिन्होंने झटका महसूस होते ही तुरंत ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। तत्पश्चात सुरक्षा एवं आपातकालीन दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया।
सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मंत्री ने कहा कि रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा, यात्रियों और मालगाड़ियों की सुरक्षित आवाजाही तथा आर्थिक गतिविधियों को निर्बाध बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# जल जीवन मिशन 2.0 को मिली नई गति, उत्तराखंड, कर्नाटक और त्रिपुरा के साथ हुए सुधार संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर

जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 को 10 मार्च 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद, सुधार से संबंधित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर आज उत्तराखंड, कर्नाटक और त्रिपुरा राज्यों के साथ हस्ताक्षर किए गए।
सुधार से संबंधित समझौता ज्ञापन में ग्राम पंचायत के नेतृत्व वाले, सेवा-आधारित और समुदाय-केंद्रित ग्रामीण जल प्रशासन मॉडल को अनिवार्य किया गया है, जो जल जीवन मिशन 2.0 के उद्देश्यों के अनुरूप है।
सुधार से संबंधित इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित गुणवत्ता का पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध हो, इसके लिए जन भागीदारी को मजबूत किया जाएगा और ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों के सतत संचालन और रखरखाव के लिए संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर में सुधार होगा और दीर्घकालिक जल सुरक्षा में योगदान मिलेगा, जो विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप है।
केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल और राज्य मंत्री श्री वी. सोमन्ना की उपस्थिति में अलग-अलग निर्धारित बैठकों के दौरान समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। उक्त तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री अपने-अपने निर्धारित समय के अनुसार वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।
उत्तराखंड के साथ समझौता ज्ञापन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए, जो उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।समझौता ज्ञापन पर श्रीमती स्वाति मीना नाइक, संयुक्त सचिव (जल), डीडीडब्ल्यूएस, और श्री रणवीर सिंह चौहान, सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखंड के बीच हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करने के लिए उत्तराखंड के निवास आयुक्त श्री अजय मिश्रा, डीडीडब्ल्यूएस के कार्यालय में स्वयं उपस्थित थे।
कर्नाटक राज्य के साथ समझौता ज्ञापन पर मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया, आरडीपीआर और आईटी और बीटी मंत्री, श्री प्रियांक खर्गे और राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल उपस्थिति में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए।
डीडीडब्ल्यूएस की संयुक्त सचिव (जल) श्रीमती स्वाति मीना नाइक और कर्नाटक के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग के सचिव श्री समीर शुक्ला के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए और उसका आदान-प्रदान किया गया।
त्रिपुरा राज्य के लिए, समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा और राज्य के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल उपस्थिति में हुआ।
यह समझौता ज्ञापन त्रिपुरा की संयुक्त सचिव (जल) श्रीमती स्वाति मीना नाइक और लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री अभिषेक सिंह के बीच हस्ताक्षरित किया गया और त्रिपुरा की निवास आयुक्त श्रीमती ब्रम्मीत कौर द्वारा इसका आदान-प्रदान किया गया।

**एक कमरे में खड़े लोगों का समूह – एआई द्वारा निर्मित सामग्री गलत हो सकती है।**

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें डीडीडब्ल्यूएस के सचिव श्री अशोक के. के. मीणा और राष्ट्रीय जल जीवन मिशन (एनजेजेएम) के अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक श्री कमल किशोर सोन शामिल थे, तथा डीडीडब्ल्यूएस के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।
सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'जल जीवन मिशन' ग्रामीण स्तर तक व्यापक रूप से पहुँच चुका है, और यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में गरिमा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक जन-केंद्रित आंदोलन के रूप में उभरा है।
मिशन की समयसीमा में हुए बदलावों पर प्रकाश डालते हुए श्री पाटिल ने कहा कि मूल समय सीमा मई 2024 थी, लेकिन प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में इसे दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में 100 प्रतिशत नल के पानी की उपलब्धता और स्वच्छता हासिल करना है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल श्रीनगर-जम्मू वंदे भारत मार्ग के विस्तारित हिस्से को हरी झंडी दिखाएंगे

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव कल यानी 30 अप्रैल 2026 को जम्मू तवी रेलवे स्टेशन से विस्तारित श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेल , जो पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब जम्मू तवी तक चलेगी, जिससे देश की सबसे आधुनिक रेल सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुंचेगी।
हरी झंडी दिखाने के बाद, केंद्रीय मंत्री उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर स्थित दो सबसे उल्लेखनीय इंजीनियरिंग संरचनाओं, अंजी ब्रिज और चेनाब ब्रिज का निरीक्षण करेंगे। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 6 जून 2025 को कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, तब रेल में 8 डिब्बे थे। तब से यह रेल लगातार पूरी क्षमता से चल रही है और यात्रियों की ओर से इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। डिब्बों की संख्या बढ़ाकर 20 करने का निर्णय इसी मांग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे रेल की बैठने की क्षमता एक बार में दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी और विशेष रूप से तीर्थयात्रा और पर्यटन के व्यस्त मौसम के दौरान आरक्षण और प्रतीक्षा सूची पर दबाव बहुत कम हो जाएगा।
जिन तीर्थयात्रियों को अक्सर अपनी यात्रा से कई दिन पहले ही सीटें फुल मिलती थीं, घाटी की यात्रा की योजना बना रहे पर्यटकों के लिए और उन स्थानीय निवासियों के लिए, जो दैनिक आवागमन के लिए इस सेवा पर निर्भर हैं—अब विस्तारित रेक एक बड़ी राहत लेकर आया है। कोचों की संख्या बढ़ने से अब यात्रियों को सीट न मिलने की संभावना काफी कम हो जाएगी। जम्मू-तवी तक विस्तार के साथ ही, 20 कोच वाली वंदे भारत रेल अपने सबसे बड़े यात्री शहर तक उसकी क्षमता के अनुरूप पहुंचेगी। यह रेल मांग के अनुरूप बनाई गई है जो हमेशा से इसकी बढ़ती मांग को पूरा करती आई है। कल के हरी झंडी दिखाने के साथ ही इस विस्तारित जम्मू-तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली यात्रा का शुभारंभ होगा, जबकि यह नियमित सेवा 2 मई 2026 से शुरू होगी। लगभग 266 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए, इस कॉरिडोर पर दो जोड़ी ट्रेनें चलेंगी।
पहली रेल (रेल संख्या 26401) जम्मू तवी से सुबह 6:20 बजे प्रस्थान करती है और श्री माता वैष्णो देवी कटरा, रियासी और बनिहाल स्टेशनों पर रुकते हुए सुबह 11:10 बजे श्रीनगर पहुंचती है। इस यात्रा में चार घंटे पचास मिनट लगते हैं। वापसी की रेल (रेल संख्या 26402) श्रीनगर से दोपहर 2:00 बजे प्रस्थान करती है और शाम 6:50 बजे जम्मू तवी पहुंचती है। यह रेल जोड़ी सप्ताह में छह दिन संचालित होती है, जबकि मंगलवार को सेवा उपलब्ध नहीं रहती है।
दूसरी सेवा (रेल संख्या 26404) श्रीनगर से सुबह 8:00 बजे प्रस्थान करती है, बनिहाल और कटरा में रुकती है और दोपहर 12:40 बजे जम्मू तवी पहुंचती है। इसकी वापसी सेवा (रेल संख्या 26403) जम्मू तवी से दोपहर 1:20 बजे प्रस्थान करती है और शाम 6:00 बजे श्रीनगर पहुंचती है। यह जोड़ी बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलती है।
ये दोनों जोड़ियां मिलकर यह सुनिश्चित करती हैं कि यात्रियों के पास सप्ताह के अधिकांश दिनों में कॉरिडोर के दोनों छोर से सुबह और दोपहर में वंदे भारत का विकल्प हो, जिससे यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना बनाने में आसानी होती है।
वंदे भारत रेल सेवा को कटरा से जम्मू तवी तक विस्तारित करना जम्मू-कश्मीर क्षेत्र के आम यात्रियों के लिए एक सीधा-सादा लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव है। अब तक, दिल्ली, मुंबई और अन्य स्थानों से आने वाली कनेक्टिंग ट्रेनों से जम्मू तवी रेलवे स्टेशन (जो उत्तरी भारत के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक है) पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों और यात्रियों को कटरा पहुंचने के लिए रेल बदलनी पड़ती थी या अलग से सड़क परिवहन की व्यवस्था करनी पड़ती थी। इस विस्तार के साथ, वे सीधे जम्मू तवी से वंदे भारत रेल सेवा में सवार हो सकेंगे और कटरा स्थित वैष्णो देवी बेस कैंप तक पहुंच सकेंगे, और बिना किसी रेल बदले श्रीनगर तक की यात्रा कर सकेंगे।
यही सुगम यात्रा दूसरी दिशा में भी लागू होती है। श्रीनगर से रेल पकड़ने वाला यात्री अब बिना रुके एक ही यात्रा में जम्मू तवी पहुंच सकेगा, जो सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ती है।

### तीर्थयात्री: एक सुखद यात्रा को आसान बनाया गया

श्री माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेने के लिए प्रतिवर्ष यात्रा करने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए, इस विस्तार से कटरा में अनिवार्य रेल परिवर्तन की लगातार असुविधा दूर हो गई है। अब तक, तीर्थयात्री को कटरा में उतरकर आगे की यात्रा के लिए अलग से वंदे भारत रेल में सवार होना पड़ता था, या किसी और में। यात्रा में यह रुकावट अब समाप्त हो गई है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कटरा में वैष्णो देवी के दर्शन को अमरनाथ यात्रा के साथ जोड़ने वाले तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या के लिए, जिनके पहलगाम और बालटाल स्थित आधार शिविर श्रीनगर से जुड़े हुए हैं, जम्मू-कश्मीर का पूरा तीर्थयात्रा मार्ग अब बिना रूकावत एक ही रेल यात्रा में पूरा किया जा सकता है, रेल बदलने या रेल छूटने की चिंता किए बगैर और दूसरी बुकिंग कराए बिना।
भारतीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए, यह विस्तार जम्मू-कश्मीर को अनुभव करने का एक बिल्कुल नया तरीका है। जम्मू पहुंचने वाला कोई भी पर्यटक अब जम्मू-तवी स्टेशन पर वंदे भारत रेल में सवार होकर उपमहाद्वीप के कुछ सबसे खूबसूरत इलाकों से होते हुए, शिवालिक की तलहटी को पार करते हुए, चिनाब और अंजी पुलों की अद्भुत इंजीनियरिंग कृतियों को देखते हुए, हिमालय की चट्टानों को काटकर बनाई गई सुरंगों से गुजरते हुए श्रीनगर पहुंच सकता है, जहां वह डल झील, मुगल गार्डन और घाटी के प्रसिद्ध आतिथ्य का अनुभव करने के लिए तैयार होगा। अब न तो राजमार्ग पर देरी होगी, न ही पहाड़ी रास्तों की चिंता, और न ही मौसम के कारण सड़कों के बंद होने की समस्या।
इस विस्तार से पूरे जम्मू-कश्मीर कॉरिडोर में पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की आशा है, जिससे यह क्षेत्र यात्रियों के एक व्यापक वर्ग के लिए सुलभ हो जाएगा, जो यात्रा की जटिलताओं के कारण पहले यात्रा करने से हिचकते थे।

### स्थानीय यात्री: वर्षों के इंटरचेंज, अब समाप्त हो गए

जम्मू, कटरा, रियासी और कश्मीर घाटी के निवासियों के लिए, इस विस्तार से एक लंबे समय से चली आ रही असुविधा का समाधान हो गया है। श्रीनगर से कॉलेज के लिए जम्मू जाने वाला छात्र, जम्मू-कश्मीर की दोनों राजधानियों के बीच यात्रा करने वाला सरकारी अधिकारी, जम्मू के अस्पताल जाने वाला मरीज, इन सभी को पहले कटरा में रुककर आगे के परिवहन की व्यवस्था करनी पड़ती थी। यह समस्या अब समाप्त हो गई।
सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सर्दियों में सबसे ज्यादा मायने रखता है। जब भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कई दिनों तक अवरुद्ध हो जाता है, तो रेलवे कॉरिडोर जीवन रेखा बन जाता है। वंदे भारत रेलगाड़ी, जिसे -20 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी चलने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें गर्म विंडशील्ड, उन्नत हीटिंग सिस्टम और हर मौसम में काम करने वाले पुर्जे लगे हैं, घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच एक विश्वसनीय और मौसम-प्रतिरोधी संपर्क प्रदान करेगी, ठीक उन क्षणों में जब सड़क यात्रा असंभव या खतरनाक हो जाती है।

### व्यापारी, कारीगर, कारोबारी: तेज गति से वाणिज्य

कश्मीर की अर्थव्यवस्था उसके हस्तशिल्प पर टिकी है, जिनमें पश्मीना शॉल, अखरोट की लकड़ी की नक्काशी, हाथ से बुने कालीन और केसर शामिल हैं, जिनकी पूरे भारत और दुनिया भर में मांग है। घाटी के कारीगर और व्यापारी लंबे समय से श्रीनगर और जम्मू के बीच माल और आवागमन की लागत और अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। एक तेज, अधिक विश्वसनीय और किफायती रेल संपर्क व्यापार करने में लगने वाले समय और लागत को सीधे तौर पर कम कर देगा।
जम्मू में एक व्यापार मेले में जा रहे कश्मीरी कारीगर, घाटी से माल की खेप का समन्वय कर रहे फल निर्यातक, श्रीनगर में हस्तशिल्प की खरीद कर रहे जम्मू के कपड़ा व्यापारी - इन सभी को विस्तारित वंदे भारत सेवा से अपने काम की आर्थिक स्थिति में सार्थक सुधार दिखेगा। यह कनेक्टिविटी छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के लिए भी संभावनाएं खोलती है, जिन्हें पहले बार-बार यात्रा करना बहुत मुश्किल लगता था।
इस मार्ग पर स्थित प्रमुख मध्यवर्ती स्टेशनों पर भी बेहतर कनेक्टिविटी देखने को मिलेगी, जिससे इन शहरों के व्यवसायों और समुदायों को रेल बदले बिना जम्मू और श्रीनगर दोनों तक सीधी पहुंच प्राप्त होगी।

### अंजी और चेनाब: हिमालय पर इंजीनियरिंग का इस्तेमाल

अपनी यात्रा के दौरान, केंद्रीय मंत्री अंजी नदी घाटी से 331 मीटर ऊपर बने भारत के पहले केबल-स्टे रेलवे पुल, अंजी खड़ पुल का निरीक्षण करेंगे, जो 96 उच्च-तन्यता वाले केबलों द्वारा स्थिर है। वे चिनाब रेल पुल का भी निरीक्षण करेंगे, जो नदी तल से 359 मीटर ऊपर स्थित विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे मेहराब पुल है, जिसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से भी अधिक है। ये दोनों संरचनाएं यूएसबीआरएल की रीढ़ हैं, जो हिमालय से होकर गुजरने वाली 272 किलोमीटर लंबी परियोजना है और जिसके कारण अब विस्तारित वंदे भारत सेवा संभव हो पाई है।

### जम्मू-कश्मीर में रेल परिवर्तन का एक दशक

वंदे भारत रेलवे लाइन का जम्मू-तवी तक विस्तार जम्मू-कश्मीर में रेल संपर्क को बेहतर बनाने के एक दशक लंबे प्रयास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उधमपुर-कटरा खंड 2014 में चालू किया गया था। कश्मीर घाटी में पहली इलेक्ट्रिक रेल फरवरी 2024 में चली। जनवरी 2025 में एक समर्पित जम्मू रेलवे डिवीजन का गठन किया गया। जम्मू-तवी, कटरा, उधमपुर और बुडगाम स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है। 43,780 करोड़ रुपये की कुल लागत से निर्मित (यूएसआरएएल) रेलवे लाइन, जिसमें 119 किलोमीटर में फैली 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं, वह कड़ी है जो इन सभी को संभव बनाती है।
पिछले साल जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कॉरिडोर पर पहले वंदे भारत परियोजना को हरी झंडी दिखाई थी, तो यह एक ऐतिहासिक क्षण था। कल जम्मू-तवी तक इसका विस्तार उस इतिहास को आगे बढ़ाएगा और लाखों और लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# दुर्दशा के शिकार अन्न दाता उतरे सड़क पर

## स्लाड बुक न होने से बढता किसानों का जनाक्रोश

### कलेक्टर को ज्ञापन सौप सर्वर ठीक कराने की मांग

**समाज जागरण**

उमरिया --- किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश के किसानों के बदहाली के शिकार अन्न दाताओ के धैर्य का बांध फूटता दिखाई देता है, जिसकी एक झलक उमरिया जिले में देखने को मिला। बताया जाता है की प्रदेश भर में रबी की उपज आने के बाद किसान अपनी उपज को बेचने के लिए दर बदर भटकने को आज मजबूर दिखाई दे रहा। खरीफ फसल की मुख्य फसल धान में भी किसानों के स्लाड बुक न होने के कारण किसान अपनी उपज बेचने से बंचित रह गयें थे, और सरकारी प्रक्रिया



सर्वर डाऊन का खेल खेलकर एक बार फिर से रबी फसल की उपज खरीदने से बचना चाहती है । विदित होवे की चना उपार्जन केन्द्र मे चना बेंचने पहुचे किसानों को पिछले कई दिनों से चना लेकर सर्वर के कारण परेशान होकर आज उपार्जन केन्द्र से प्रशासन की इस गैर जिम्मेदाराना हरकत के विरोध में जय जवान, जय किसान के नारों के साथ कलेक्टर उमरिया को ज्ञापन सौपकर इस नामुराद व्यवस्था को व्यवस्थित कराने की मांग की गयी। बताया तो यह भी जाता है कि किसान अपनी तौल करा कर माल गोदाम में दे चुके हैं, लेकिन उनको सर्वर न होने के कारण पावती नहीं मिल पा रही है, वही आगे की खरीदी प्रक्रिया भी प्रभावित बतायी जा रहा है। जो किसानों की खरीदी की जा चुकी है उनका भी भुगतान की प्रक्रिया लंबित है, एक भी किसान का भुगतान नही हुआ है। इस तरह से देखा जाये की आज किसान एक तरफ आर्थिक रूप से लुटता नजर आ रहे हैं वही पर किसान शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित नजर आ रहा है।

यही हाल गेंहू खरीदने में स्लाड बुक न होने से किसानों के समक्ष भारी समस्या का सामना करना पड रहा है। पीडा जनक बताया जा रहा है कि एक तरफ पर सरकार अपने लोक लुभावने भाषणों में किसानों के घावों में मलहम लगाने की बात करती है, लेकिन जमीनी धरातल में रबी फसलों के उपज खरीदी में हो रही समस्याये किसानों के घावों को गहरे और हरे कर रहे हैं। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के साथ हो रहे इस भद्दे मजाक से ऊपर उठकर अपनी नीयत को किसान हितैषी बना कर लुका छिपी का खेल बंद कर सर्वर सिस्टम को ठीक कराने का काम करें ।

# शौचालयों के बाद कचरा गाडियों पर शासकीय धन राशि का अपव्यय

## पंचायत की कचरा गाड़ी बनी कचरा

**समाज जागरण**

उमरिया --- सामुदायिक शौचालयों के नाम पर अरबों रुपये बहाने के बाद अब उमरिया जिले में कचरा गाडियों के खरीद फरोख्त का सौदा दबे कदमों से जारी है।ग्राम पंचायतों में कचरा गाडियों के नाम पर भी पानी की तरह पैसे बहाने की प्रक्रिया अपनायी जा रही है। खेद जनक कहा जाता है कि जिले भर में बनाये गये एक एक सामुदायिक शौचालयों में लगभग चार लाख रुपए व्यय करने के बाद भी एक भी शौचालय का गुरतर प्रयोग नहीं किया जा रहा है,मालुम होवे की शौचालयों में न तो पानी की व्यवस्था है और न ही ग्राम पंचायतों में शौचालयों की सफाई कर्मियों की बेहतर व्यवस्था है, अगर इसकी व्यवस्था की जाती है तो यह इतने मंहगी है की ग्राम पंचायतों के बूते संभव नहीं है। यही वजह है की जिले भर में बनाये गये सामुदायिक शौचालयों को आधा -अधूरा बना कर शासकीय धन राशि को उड़ा दिये गये हैं। ग्राम पंचायतों को पहले से



ही अंदाजा था की इनका तो उपयोग होना नहीं है, जिससे बाहर की चाहार दीवारी खडी कर अंदर आधा अधूरा बना कर ताला लटका कर ग्राम पंचायते अपने कर्तव्यों की इति कर शासकीय धन राशि को उड़ा कर चलते बने। न तो इन शौचालयों का आज तक प्रयोग शुरू हुआ और न ही इनकी सही तौर पर निगरानी हुई की यह उपयोग के लिए उपयुक्त है की नहीं।अब स्वच्छता के नाम पर ग्राम पंचायतों में कचरा गाड़ी बाइसिकिल खरीदने का धुन सवार हो गया है। इन कचरा गाडियों के विधिवत संचालन के लिए भी ग्राम पंचायतों के पास कोई ठोस इंतजाम नहीं है, इसीलिए जो ग्राम पंचायते इन कचरा गाडियों को खरीद चुके हैं, वह सरपंचों एवम सचिवों के घरों में कचरा बनी देखी जा सकती है।

# केंद्र की यूएस ट्रेड डील के खिलाफ कटनी युवा कांग्रेस का हल्लाबोल, बड़वारा से किसान न्याय सत्याग्रह का शंखनाद

**समाज जागरण**

कटनी। केंद्र सरकार की कथित यूएस ट्रेड डील और क्षेत्र में व्याप्त बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर कटनी जिला युवा कांग्रेस ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं प्रदेश अध्यक्ष यश गंगोरिया के आह्वान पर बुधवार को कटनी के बड़वारा मुख्यालय स्थित परमानंद तिराहे में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में 'किसान न्याय सत्याग्रह' की औपचारिक शुरूआत की गई। एक माह तक चलने वाले इस आंदोलन के माध्यम से युवा कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

यूएस डील को बताया काला कानून कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे युवा नेता मोहम्मद इसराइल ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई 'यूएस डील'





पूरी तरह किसान विरोधी है। यदि यह काला कानून प्रभावी होता है, तो देश के छोटे और सीमांत किसानों का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा और उनका दमन होगा। इसराइल ने आरोप लगाया कि सरकार चंद बड़े उद्योगपतियों के फायदे के लिए अन्नदाताओं के हितों की बलि दे रही है।

**पलायन और बेरोजगारी पर उठाए सवाल**

सत्याग्रह के दौरान स्थानीय युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि कटनी जिला औद्योगिक रूप से समृद्ध है और यहाँ कई बड़ी कंपनियां स्थापित हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के बजाय अन्य राज्यों के लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। मोहम्मद इसराइल ने कहा, "आज मध्य प्रदेश का पढ़ा-लिखा युवा डिग्री लेकर सड़कों पर भटक रहा है। भ्रष्ट तंत्र और युवा विरोधी नीतियों के कारण कटनी के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।" वादों की वादाखिलाफीः ₹2700 गेहूं और ₹3100 धान का मुद्दा युवा कांग्रेस नेता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में गेहूं ₹2700 और धान ₹3100 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर खरीदने का वादा किया था। लेकिन समय बीतने के बाद भी यह वादा केवल कागजों तक सीमित है। उन्होंने खाद की किल्लत पर चिंता जताते हुए कहा कि आज अन्नदाता खाद के लिए लाइनों में लगा है और कई जगह किसानों की मौत तक हो रही है, जो बेहद शर्मनाक है।

एक माह तक जारी रहेगा सत्याग्रह जिला युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यह 'किसान न्याय सत्याग्रह' केवल प्रतीकात्मक नहीं है। यह आंदोलन आगामी एक माह तक निरंतर जारी रहेगा। बुधवार को हुए इस प्रदर्शन में जिले भर से युवाओं, किसान एवं कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों को फसल का उचित दाम और स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिला, तो यह आंदोलन उग्र रूप धारण करेगा।

इस दौरान इनकी रही मौजूदगी इनकी रही मौजूदगी ब्लॉक अध्यक्ष बरही राज सिंह, विजय कुमार,रवि कुमार, गगन,अजय,मूलचंद,रामचरण,देवदत्त ,मुरलीधर,अवध, कैलाश ,प्रदीप ,नीलेश कुमार, सिद्धार्थ, विकास, आदि

# छत्तीसगढ़ 12वीं रिजल्टः गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के 3 छात्रों ने मेरिट में बनाई जगह, जिला शिक्षा अधिकारी ने मीठा खिलाकर दी बधाई एवं किया सम्मान

**समाज जागरण विजय तिवारी**

पेंड्रा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले के तीन होनहार छात्रों ने पूरे राज्य की मेरिट सूची में स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ताहिरा खान ने राज्य में 4वीं रैंक हासिल की है, वहीं ओंकार केवट 5वीं रैंक पर रहे। इसके अलावा भूमिका ने 7वीं रैंक प्राप्त कर जिले को एक और बड़ी उपलब्धि दिलाई है।इन तीनों छात्रों की सफलता से जिले में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताया है। छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम माना जा रहा है। उपलब्धि के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तीनों विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।शिक्षा विभाग के अनुसार, इस तरह के परिणाम जिले में शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार का संकेत हैं। आने वाले समय में और बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई जा रही है।

# आमाडांड उपक्षेत्र में जल आपूर्ति पर सवालः ग्रामीणों ने ठेकेदार राजू जैसवाल पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण**

अनूपपुर। एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाडांड उपक्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच जल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। क्षेत्र के लोगों ने पानी सप्लाई व्यवस्था में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ठेकेदार राजू जैसवाल पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन टैंकरों के माध्यम से गांवों में पानी पहुंचाया जाना चाहिए, उनका उपयोग जरूरतमंद लोगों तक पानी पहुंचाने के बजाय विक्रय के लिए किया जा रहा है। इससे गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत की जाती है, तो सुनवाई नहीं होती। कई बार संपर्क करने पर फोन रिसीव नहीं किया जाता, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले वर्ष भी ऐसी ही स्थिति बनी रही थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। अब गर्मी बढ़ने के साथ हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। लोगों ने एसईसीएल प्रबंधन एवं स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि जल आपूर्ति व्यवस्था की जांच कराई जाए, गांवों में नियमित पानी पहुंचाया जाए तथा यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए।

# हिनौता विद्युत केंद्र अंतर्गत 33 केवी फॉल्ट से आपूर्ति ध्वस्त, जिम्मेदारें की चुप्पी बनी संदिग्ध

## ट्रिपिंग की मार से तड़पते उपभोक्ता, भीषण गर्मी में बिजली विभाग की कार्यशैली पर उठे तीखे सवाल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा। भीषण गर्मी के बीच क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हिनौता विद्युत केंद्र अंतर्गत क्षेत्र में 33 केवी लाइन में लगातार फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या ने आमजन का जीना मुश्किल कर दिया है। दिन हो या रात, बिजली आपूर्ति का बार-बार बाधित होना अब रोजमर्रा की परेशानी बन चुका है। हालात ऐसे हैं कि उपभोक्ताओं का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है और विद्युत विभाग की कार्यशैली और मेंटिनेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

**लगातार फॉल्ट से उपभोक्ता त्रस्त**

33 केवी लाइन में बार-बार आ रहे फॉल्ट ने पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति



को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। थोड़ी-थोड़ी देर में ट्रिपिंग होने से घंटों बिजली गुल रहना आम बात हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विभाग केवल अस्थायी मरम्मत कर स्थिति संभालने की कोशिश कर रहा है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा।

**भीषण गर्मी में लोगों का हाल बेहाल**

तेज गर्मी के बीच बिजली की आंख-मिचौली ने हालात और खराब कर दिए हैं। पंखे-कूलर बंद पड़े हैं, पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है और रातों की नींद हराम हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को झेलनी पड़ रही है।

**मेंटिनेंस व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल**

बार-बार हो रहे फॉल्ट ने विभाग की मेंटिनेंस व्यवस्था की पोल खोल दी है। आरोप है कि लाइन की समय-समय पर जांच और आवश्यक सुधार कार्य नहीं किए जा रहे, जिससे छोटी समस्याएं बड़े फॉल्ट में बदल रही हैं। यदि नियमित रखरखाव होता, तो इतनी बार ट्रिपिंग की नौबत ही नहीं आती।

**जिम्मेदारों पर उठे सवाल**

स्थानीय लोगों ने कनिष्ठ अभियंता प्रदीप पटेल की कार्यशैली पर सीधे सवाल उठाए हैं। आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। मौके पर निरीक्षण और प्रभावी कार्रवाई के बजाय केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। वही कनिष्ठ अभियंता प्रदीप पटेल लगातार ही आमजन सहित मीडिया से दूरी बनाए हुए है।

**शिकायतें बेअसर, बढ़ता आक्रोश**

उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। हालात यह हैं कि अब लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है और क्षेत्र में विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं।

**जवाबदेही तय करने की मांग**

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए, 33 केवी लाइन की तकनीकी जांच कर स्थायी समाधान निकाला जाए और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। अब बड़ा सवाल यही है—क्या विभाग समय रहते चेतकर व्यवस्था सुधार पाएगा, या फिर भीषण गर्मी में जनता यूं ही अंधेरे और परेशानी से जूझती रहेगी?

# दमोह जिले में व्यारमा नदी का जल स्तर बढ़ा, सदधरू डैम के गेट खोले गए

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में स्थित व्यारमा नदी का जल स्तर एक बार फिर बढ़ गया है। प्रशासन द्वारा सदधरू डैम के गेट खोले जाने के बाद नदी में पानी का बहाव तेज हो गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में राहत का माहौल है। बीते दिनों नदी का जल स्तर काफी कम हो गया था, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। गर्मी के मौसम में किसानों ने मूंग और उड़द की फसल बोई थी, लेकिन पानी की कमी के कारण फसलों पर संकट मंडराने लगा था। कई स्थानों पर नदी की धारा कमजोर पड़ गई



थी और मवेशियों को भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सदधरू डैम के गेट खोलने का निर्णय लिया। इसके बाद व्यारमा नदी में जल स्तर बढ़ने से किसानों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। अब सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होने लगा है और मवेशियों के लिए भी जल संकट कम होने की उम्मीद है।

# हटा क्षेत्र में अवैध शराब का खुला खेल?

## ठेकेदार/आबकारी /पुलिस की कथित मिलीभगत, कानून व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/हटा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को लेकर हालात चिंता जनक होते जा रहे हैं। आरोप है कि ठेकेदारों और आबकारी विभाग के कुछ जिम्मेदारों की कथित मिलीभगत से अवैध शराब का गोरखधंधा खुलेआम फल-फूल रहा है। यह पूरा मामला अब कानून व्यवस्था और विभागीय कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है।

**खुलेआम चल रहा अवैध कारोबार**

हटा क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से होने की बात सामने आ रही है।





स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी भय के यह कारोबार लंबे समय से संचालित हो रहा है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर संरक्षण किसका है।

**मिलीभगत के आरोपों से बढ़ा विवाद**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कुछ ठेकेदारों और आबकारी विभाग के कर्मचारियों के बीच सांठगांठ के चलते यह अवैध धंधा पनप रहा है। आरोप यह भी हैं कि कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है, जबकि वास्तविक नेटवर्क पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती।

**शिकायतें बेअसर, व्यवस्था पर अविश्वास**

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन न तो छापेमारी की गई और न ही स्थायी समाधान निकाला गया। इससे विभाग की नीयत और कार्यशैली दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सामाजिक प्रभाव भी गंभीर**

अवैध शराब की बढ़ती उपलब्धता से न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि इसका असर समाज पर भी साफ नजर आ रहा है। युवाओं में बढ़ती लत और परिवारों में तनाव जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

**जिम्मेदारों की चुप्पी बनी रहस्य**

मामले में जब जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र खरे से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी। वहीं आबकारी निरीक्षक मनुसूदन से भी संपर्क स्थापित नहीं हो पाया। जिम्मेदार अधिकारियों की यह दूरी और चुप्पी कई तरह के सवालों को जन्म दे रही है।

**सख्त कार्रवाई की मांग**

अब प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब सवाल यही है—क्या प्रशासन इस गोरखधंधे पर लगाम कस पाएगा या फिर अवैध शराब का यह नेटवर्क यूं ही संरक्षण में फलता-फूलता रहेगा?

# पॉस्को एक्ट में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पथरिया/दमोह.जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को पॉक्सो एक्ट के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.पथरिया थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया था, कि आरोपी जीजा ने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया जिसके चलते पीड़िता गर्भवती हो गई और बच्चे को जन्म दे दिया.जिस मामले में आरोपी फरार था जिसकी तलाश कर गिरफ्तार कर लिया गया है एवं आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है.वहीं दूसरे मामले में एक आरोपी नाबालिक को शादी का झांसा देकर अपने साथ भाग ले गया था, जिसमें अपहरण सहित अन्य धाराओं मामले में मामला दर्ज किया गया था. नाबालिक को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश कर उसे भी जेल भेज दिया



गया है.सराहनीय कार्यवाही में पथरिया थाना प्रभारी अमित मिश्रा, एसआई बलविंदर सिंह, एसआई हरि गोविंद पटेल प्रधान आरक्षक शैलेंद्र अठिया, आरक्षक दीपेश ठाकुर, मनीष कुमार, सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही.

# 13 माह बाद हुई दमोह नगर पालिका की विशेष बैठक, 11 में से 8 प्रस्तावों पर बनी सहमति

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। नगर पालिका दमोह की बहुप्रतीक्षित विशेष बैठक बुधवार दोपहर करीब 13 माह के अंतराल के बाद आयोजित की गई। बैठक में कुल 11 प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिनमें से 8 प्रस्तावों पर सहमति बनी, जबकि 3 प्रस्तावों को निरस्त कर दिया गया। बैठक का सबसे प्रमुख मुद्दा स्लॉटर हाउस खोलने का प्रस्ताव रहा, जिसे सर्वसम्मति से खारिज कर दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू राय, सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी सहित सभी वार्डों के पार्षद उपस्थित रहे। बैठक अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रही। शुरूआत में कुछ पार्षदों ने कुछ मुद्दों पर विरोध जताया, लेकिन बाद में अधिकांश प्रस्तावों पर सहमति बनती चली गई। इन प्रस्तावों पर नहीं बनी सहमति सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी के अनुसार जिन तीन प्रस्तावों को निरस्त किया गया, उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (एचपी घटक) के अंतर्गत पुरानी फर्म की निविदा को निरस्त कर नई निविदा जारी करने का प्रस्ताव, निर्मित भवनों को नीलामी के माध्यम से आवंटित करने का विचार और कचरा संग्रहण के लिए 4 करोड़ 82 लाख रुपए के टेंडर जारी करने का प्रस्ताव शामिल हैं। स्लॉटर हाउस का प्रस्ताव खारिज शहर में स्लॉटर हाउस खोलने के प्रस्ताव को सभी पार्षदों ने एकमत से अस्वीकार कर दिया। इसके साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि दमोह नगर में फिलहाल स्लॉटर हाउस नहीं खोला जाएगा। विकास कार्यों को मिली हरी झंडी सहमति प्राप्त 8 प्रस्तावों में शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इनमें नई पानी की टंकी का निर्माण और शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए दो स्वागत द्वार (वेलकम गेट) बनाने का प्रस्ताव प्रमुख है। जल संकट को लेकर विशेष योजना शहर में व्याप्त जल संकट को देखते हुए नया बाजार वार्ड-4 और बजरिया वार्ड-5 में नई पानी की टंकी बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही जिन क्षेत्रों में पानी की अधिक समस्या है, वहां टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की जाएगी। सीएमओ ने बताया कि जुझार घाट और राजनगर जलाशय में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण नियमित जल सप्लाई प्रभावित





हुई है। फिलहाल दो-दो दिन के अंतराल से पानी दिया जा रहा है, जबकि विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर एक दिन के अंतर से जल वितरण किया जाएगा। 13 महीने बाद आयोजित हुई बैठक सीएमओ ने जानकारी दी कि फरवरी 2025 में कानून-व्यवस्था बिगड़ने के कारण तत्कालीन कलेक्टर द्वारा बैठक को निलंबित कर दिया गया था। बाद में राज्य शासन ने इस आदेश को निरस्त कर 29 अप्रैल को विशेष बैठक आयोजित करने की अनुमति दी, जिसके तहत यह बैठक संपन्न हुई। विपक्षी पार्षदों ने लगाए आरोप बैठक के बाद कुछ विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना गया और बैठक जल्द समाप्त कर दी गई। वार्ड क्रमांक-5 मागंज के पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा तिवारी ने कहा कि उनके क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या है, लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया गया। वहीं, बजरिया वार्ड-8 की पार्षद हिना खान ने भी नाली, सड़क और पेयजल समस्याओं को उठाया, परंतु उन्हें अपेक्षित महत्व नहीं मिला। निष्कर्ष लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस बैठक में जहां एक ओर शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, वहीं कुछ प्रस्तावों पर असहमति और विपक्षी पार्षदों की नाराजगी भी सामने आई। आने वाले समय में इन निर्णयों का जमीनी स्तर पर कितना प्रभाव पड़ता है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

# रेणुका नदी पुल की जर्जर हालत पर उठी आवाज, सयुस प्रदेश सचिव प्रदीप यादव ने डीएम से की मरम्मत की मांग

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। ओबरा तहसील क्षेत्र के चोपन-भरहरी मार्ग पर स्थित रेणुका नदी पर बने पुल की जर्जर स्थिति को लेकर अब जनप्रतिनिधियों ने भी आवाज उठानी शुरू कर दी है। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार यादव ने जिलाधिकारी सोनभद्र को पत्र सौंपकर पुल की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि यह पुल लंबे समय से जर्जर अवस्था में है और अब इसकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। पुल के कई हिस्सों से नुकीली सरिया बाहर निकल आई है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, वहीं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी इसी पुल के सहारे अपने स्कूल और कॉलेज पहुंचते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पुल की मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा पुल के किनारों पर बालू जमा हो जाने से रास्ता और संकरा व फिसलन भरा हो गया है, जिससे आवागमन और भी जोखिमपूर्ण हो गया है। बरसात के मौसम में यह खतरा कई गुना बढ़ सकता है। प्रदीप कुमार यादव ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए और पुल की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह पुल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई है और प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है और इसकी अनदेखी सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

# जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज लोढ़ी का किये औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को सुधारने के दिये निर्देश

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज राजकीय मेडिकल कॉलेज लोढ़ी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एल0-1 एवं एल0-2 अस्पतालों में भर्ती मरीजों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा उपचार व्यवस्था के संबंध में संबंधित चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा मेडिकल कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु निर्देशित किया गया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता ( विद्युत) को निर्देशित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज परिसर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये व मेडिकल कालेज में विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या होने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाये, उन्होंने चेतावनी दी कि विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा आने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज हेतु एक नया फीडर तैयार किया गया है, जो शीघ्र ही संचालन में आ जाएगा। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों द्वारा नर्सिंग स्टाफ एवं डॉक्टरों की कमी की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि स्टाफ की कमी को शीघ्र दूर किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले सभी मरीजों को शासन की मंशा के अनुरूप निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए, उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को इलाज में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पूजा यादव नामक मरीज के परिजन से मोबाइल पर वार्ता कर ब्लड जॉच की रिपोर्ट समय से प्राप्त होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जिस पर सम्बन्धित मरीज द्वारा समय से रिपोर्ट मिलने की पुष्टि की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ऑक्सीजन प्लान्ट का जायजा लिये और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 पंकज राय, डॉ0 सुधीर प्रभारी प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, डॉ0 डी0के0 सिंह सी0एम0एस0, डॉ0 अमृत राय, डॉ0 अवनीश शाह, डॉ0 प्रशान्त शुक्ला,अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# ओबरा पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग का सेमिनार, शोध लेखन पर दी गई जानकारी

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। ओबरा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। हाउ टू राइट अ गुड सर्वे रिसर्च प्रोजेक्ट रिपोर्ट (एक अच्छी सर्वेक्षण शोध परियोजना रिपोर्ट कैसे लिखें) विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को शोध लेखन की बारीकियों से अवगत कराया गया। यह सेमिनार महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. प्रमोद कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। सेमिनार के मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास कुमार ने तकनीकी सत्र का संचालन करते हुए छात्रों को शोध परियोजना तैयार करने की चरणबद्ध प्रक्रिया समझाई। उन्होंने डेटा कलेक्शन, प्रश्नावली निर्माण और रिपोर्ट की संरचना जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एक प्रभावी सर्वे रिसर्च प्रोजेक्ट किस प्रकार तैयार किया जाता है। आयोजन सचिव असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विभा पाण्डेय ने शोध की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सही दिशा में किया गया शोध न केवल अकादमिक क्षेत्र बल्कि व्यावहारिक जीवन में भी नई संभावनाओं के द्वार खोलता है। उन्होंने छात्रों को शोध कार्यों के प्रति गंभीर और सजग रहने की सलाह दी। इसी क्रम में वाणिज्य विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संघमित्रा ने सर्वे के दौरान होने वाली सामान्य गलतियों पर चर्चा की और गुणवत्तापूर्ण शोध रिपोर्ट तैयार करने के उन्नत तरीकों से छात्रों को अवगत कराया। छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस सेमिनार में निःशुल्क पंजीकरण की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने इसे बेहद उपयोगी बताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

यह सेमिनार विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास को मजबूत करने और उनमें शोध के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# मेडिकल कॉलेज में बड़ी लापरवाही, 12 घंटे से बिजली गुल, जिले में भाजपा के विधायक-मंत्री होने के बावजूद मरीज बेहाल

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां सी ब्लॉक में पिछले 12 घंटों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बिजली गुल होने से पैथोलॉजी लैब और डेंटल विभाग का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों मरीजों को बिना जांच और इलाज के वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, सी ब्लॉक में आधी रात के करीब 12 बजे से ही बिजली नहीं है। इसका सीधा असर अस्पताल की महत्वपूर्ण सेवाओं पर पड़ा है। पैथोलॉजी लैब में ब्लड सैंपल की जांच रुक गई है और कई सैंपल खराब होने की कगार पर पहुंच गए हैं। वहीं डेंटल विभाग में भी मरीजों का इलाज पूरी तरह बंद है।

मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इलाज कराने आए रविकांत ने बताया कि वह अपने भाई को लेकर रात 3 बजे से अस्पताल में मौजूद हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण कोई भी जांच नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब है, शौचालयों से बदबू आ रही है और पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। अन्य मरीजों ने भी अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि सुबह से पर्ची तक नहीं कट पा रही है। मधुपुर से आए एक मरीज ने कहा कि वह सुबह 7 बजे से अस्पताल में हैं, लेकिन डॉक्टरों से कोई मदद नहीं मिल रही और मजबूरी में उन्हें बिना इलाज लौटना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पिछले कई दिनों से लगातार बनी हुई है। अस्पताल में अव्यवस्था का आलम यह है कि वैकल्पिक बिजली व्यवस्था भी सही ढंग से उपलब्ध नहीं है। मरीजों का कहना है कि इतनी बड़ी स्वास्थ्य संस्था होने के बावजूद जनरेटर या इनवर्टर की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होना गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। वहीं इस मामले में नोडल डॉक्टर ज्योति अग्रवाल ने बताया कि पावर हाउस में केबल बदले जाने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई है, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी इनवर्टर जैसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की व्यवस्था भी अभी तक पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाई है। फिलहाल, इस घटना ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मरीजों को हो रही परेशानियों और लगातार सामने आ रही शिकायतों के बावजूद व्यवस्थाओं में सुधार न होना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आदिवासी युवक की मौत, आरोप: सिर पर वार कर फेंका गया शव

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में एक आदिवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्राम कुडारी के खजुरहिया टोला में सोमवार देर रात करीब 12 बजे 26 वर्षीय बल्लू कोल पुत्र पिआरे कोल का शव सड़क किनारे पटरी के पास झोपड़ी के बगल में मिला। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को वहां फेंक दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112, जुगैल थाना प्रभारी शिव प्रताप वर्मा और ओबरा क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया है। मौके पर जांच के दौरान झोपड़ी के पास खून के निशान मिले हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या वहीं की गई और बाद में शव को किनारे फेंका गया। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उस पर कुल्हाड़ी या किसी धारदार हथियार से हमला किया गया। पुलिस के अनुसार, झोपड़ी में रहने वाले लोग भी उसी बिरादरी के बताए जा रहे हैं, लेकिन घटना के बाद वे मौके से फरार हो गए हैं, जिससे मामला और संदिग्ध हो गया है। क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों से पूछताछ में किसी प्रकार की आपसी रंजिश की बात सामने नहीं आई है, फिर भी पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का दावा कर रही है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# पुण्यतिथि पर मानवता की अनूठी मिसाल: जरूरतमंदों को बांटी साड़ियां और बच्चों को मिले स्कूल बैग

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



रेणुकूट/सोनभद्र। अक्सर लोग अपने पूर्वजों या प्रियजनों की पुण्यतिथि पर पारंपरिक भोज या पूजा-पाठ का आयोजन करते हैं, लेकिन परोपकार सेवा समर्पण समिति ने इस अवसर को सेवा के उत्सव में बदल दिया। हिण्डाल्को रेणुकूट के रोलिंग मिल के कर्मचारी विनोद सिंह ने अपने पिता स्व. सर्वदेव सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर मानवता की सेवा का संकल्प लेते हुए एक भव्य वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम म्योरपुर क्षेत्र के परनी गांव में आयोजित कर माता प्रभावति देवी के मौजूदगी मे. 60 असहाय महिलाओं को साड़ियां भेंट की। इसके साथ ही, शिक्षा के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल के छात्रों को 80 स्कूली बैग भी बांटा गया। वही असहाय महिलाएं व बच्चे यह भेट पाकर उनके चेहरे खिल उठे। बताते चलें कि इस आयोज का मुख्य उद्देश्य था कि किसी की याद को जीवित रखने का सबसे अच्छा तरीका दूसरों के जीवन में खुशियाँ लाना है। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए मुख्य रूप से राजकुमार यादव, पत्रकार किशन पाण्डेय व कल्पना शुक्ला जी को यह श्रेय जाता जो विनोद सिंह के पिता के इस पुण्यतिति को मानता की सेवा में बदल दिया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान मनोज यादव, महेंद्र यादव, युगिता पाण्डेय, उपेन्द्र सिंह, कर्मराज, राहुल सिंह संजय रूंधला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# थाना दुद्धी की साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही– पीड़ित को वापस कराए ₹35,348/- रुपये

**समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।। आवेदक




अलाउदीन पुत्र अहुर अंसारी निवासी वार्ड नं0-09, कस्बा दुद्धी, थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर UPI के माध्यम से ₹35,348/- की साइबर ठगी की गई थी। उक्त संबंध में पीड़ित द्वारा NCRP पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना दुद्धी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई धनराशि को होल्ड कराया गया। तत्पश्चात माननीय न्यायालय से धनराशि वापसी का आदेश प्राप्त कराते हुए ₹35,348/- की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के बैंक खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# बारात में शामिल बुजुर्ग की सड़क हादसे में मौत, कार की टक्कर से गई जान

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बारात में शामिल एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जिससे बरातियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना 28 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे की है, जब दुद्धी थाना क्षेत्र के ग्राम झरोकला से कन्हैया अग्रहरि के पुत्र गौरी शंकर की बारात बस से रॉबर्ट्सगंज आई थी। जानकारी के अनुसार, बारात पुसौली कट के आगे बाईं ओर सड़क किनारे रुकी थी। इसी दौरान बाराती पास की मनोहर चाय की दुकान पर चाय पीने जा रहे थे। सड़क पार करते समय 65 वर्षीय करतार सिंह अग्रहरि पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ सिंह अग्रहरि को तेज रफ्तार इंडिगो कार (UP 70 BQ 6561) ने टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की मदद से घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल लोढ़ी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और खुशियों का माहौल गम में बदल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है। वहीं, दुर्घटना में शामिल कार को भी कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद मौके पर यातायात सामान्य रूप से चलता रहा और कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं हुई। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शरद परमार, दीपक त्रिपाठी व श्याम बाबू शर्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त : भिखारी प्रजापति

**समाज जागरण**

सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने हिंदुत्व पुनर्जागरण अभियान के महानायक गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी योगी महाराज जी के मिशन को और गति देने के लिए हस्तिनापुर व ब्रज संभाग के लिए शरद परमार( हाथरस) को क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा राजेंद्र



शर्मा (गाजियाबाद) को क्षेत्रीय महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। काशी व प्रयाग संभाग के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर दीपक त्रिपाठी (झांसी) तथा क्षेत्रीय महामंत्री के पद पर राजू सिंह प्रधान (सोनभद्र ) को नियुक्त किया है। गोरक्ष व अवध संभाग के अध्यक्ष पद श्याम बाबू शर्मा (गोरखपुर) तथा श्रीवंत तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री (लखनऊ) को नियुक्त किया है। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना ने कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्षों को अपने संभाग व मंडल प्रभारियों से राय परामर्श कर नियुक्ति,निष्कासन व पद परिवर्तन पूरा का पूरा अधिकार है। प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारियों, मंडल प्रभारियों व जिला अध्यक्षों के संपर्क में रहकर कार्यक्रम को हर स्तर पर सफल बनाने की जिम्मेदारी भी है।

# थाना शक्तिनगर पुलिस की बड़ी सफलता–गुरुद्वारा से चोरी गए धार्मिक प्रतीक चिन्ह बरामद, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ( मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 29.04.2026 को उ0नि0 रंजीत कुमार मय हमराह उ0नि0 दिनेश गौतम, का0 पंकज कुमार व का0 सुजीत कुमार द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ज्वालामुखी रोड से हैलीपैड जाने वाले तिराहे के पास पुलिया से अभियुक्त शकील मुहम्मद पुत्र नसीर निवासी ग्राम निमियाडाड थाना शक्तिनगर जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से गुरुद्वारा (धार्मिक स्थल) से चोरी किए गए 02 अदद कृपाल, 01 अदद तीर एवं 01 अदद खण्डा बरामद किया गया, जिन्हें घटना के 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया गया। उक्त प्रकरण में थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 81/2026 धारा 305(d) BNS में फर्द बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) BNS की बढ़ोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया जा रहा है।

# थाना जुगैल पुलिस की त्वरित कार्यवाही–हत्या के मामले में 03 अभियुक्त 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जुगैल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 28/29.04.2026 की रात्रि में पीआरवी के माध्यम से थाना जुगैल पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुड़ारी थाना जुगैल क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे मृत पड़ा है। सूचना पर थाना जुगैल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां मृतक की पहचान बल्लू कोल पुत्र प्यारेलाल, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम कुडारी के रूप में हुई। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक के दूर के रिश्तेदार महेन्द्र उर्फ डब्लू, पवन उर्फ कुरइया एवं प्रीतम पुत्रगण महेन्द्र निवासीगण ग्राम कुडारी द्वारा आपसी विवाद/ खाने-पीने के दौरान मृतक को अपने घर ले जाकर लोहे के शाबल से प्रहार कर हत्या कर दी गई तथा साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को सड़क किनारे रख दिया गया।

प्रकरण के संबंध में थाना जुगैल पर मु0अ0सं0-45/2026 धारा 103(1), 238(a), 3(5) बीएनएस के तहत तीनों नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 02 टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त 01. महेन्द्र उर्फ डब्लू पुत्र स्व0 अमृत, 02. पवन उर्फ कुरइया पुत्र महेन्द्र, 03. प्रीतम पुत्र महेन्द्र निवासीगण - हाल पता- ग्राम कुडारी, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र, मूल पता-

ग्राम केवटली,चितावल थाना गढ़वा जनपद सिंगरौली मध्य प्रदेश के निवासी है।

# हरहुआ क्षेत्र में आंधी तूफान से बिजली विभाग को भारी नुकसान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी ,तूफान व बरसात से बिजली विभाग को भारी नुकसानी हुई। जिससे बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। जे ई दीपू कुमार के अनुसार अहरक फीडर से 11केवी के दो पोल के जर्जर तार क्रॉस आर्म मंगला सिंह के मकान के पास, पीएल भट्ठा के पास एलटी तार जर्जर टूट गया। मोहनपुर फीडर, काजी सराय मरी माई मन्दिर के पास 10 केवीए टीएफ शार्ट सर्किट के चलते डैमेज हो गया।हरहुआ फीडर के काजीसराय के पास एलटी लाइन टूट गई है।मोहनपुर फीडर के अमावर गाँव के पास एच टी डिस्क खराब(3) हो गया वही अकला फीडर के होलापुर में एचटी डिस्क (1न0)खराब होने से जहाँ भारी नुकसानी हुई वहीं विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। पेट्रोलिंग टीम विद्युत आपूर्ति के लिए जगह-जगह से लाइन कट कर ठीक करने में जुटे हुए हैं। देर रात में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर लाइन बहाल करने का कार्य जारी है। कल तत्काल प्रभाव से सामानों की आपूर्ति कराकर बिजली की बहाली कर ली जाएगी।

# डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारतियों ने युवक को चुल्ला से किया वार सिर फटा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र में मध्य प्रदेश के खमारडीह गांवे गयी बारात में मंगलवार की रात्रि में डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारतियों ने युवक के सिर पर चुल्ला से वार कर दिया जिससे युवक का सिर फट गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया युवक का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर उपचार चल रहा है थाना क्षेत्र के नदना गांव निवासी 21 वर्षीय शीतला प्रसाद गांव से गई बारात में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के खमारडीह गांव में गया था की बारात में डीजे पर गाना बजाने के लिए बारतियों ने युवक के सिर पर चुल्ला से वार कर गंभीर रूप से घायल हो गया युवक के सिर में गंभीर चोट लगी युवक के परिजनों द्वारा युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है युवक ने बताया की बारतियों ने डीजे का आपरेटर समझ कर हमला किया है

# बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के रतेह गांव में मंगलवार की रात्रि में बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस 108 के कर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के बैठकवा गांव निवासी 22 वर्षीय विजय अपनी भाई 26 वर्षीय अजय के साथ बाइक से बारात हलिया थाना क्षेत्र के औरा बरुआ गांव में जा रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के रतेह गांव में पहुँचे की बोलोरो वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस वाहन 108 पर सूचना दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस वाहन के चालक दिलीप यादव व ईएमटी राजकुमार ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है

# भारत के साइबर सुरक्षा ऑडिट इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए आयोजित

भारत के साइबर सुरक्षा ऑडिट इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने और देश की समग्र साइबर लचीलापन को मजबूत करने के लिए, सीईआरटी-इन ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन - "सीईआरटी-इन संवाद 2026" - का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें नीति निमार्ताओं, उद्योग और नियामक निकायों के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (सीआईएसओ), सीईआरटी-इन सूचीबद्ध ऑडिटिंग संगठनों के प्रतिनिधियों और देश भर के साइबर सुरक्षा पेशेवरों सहित 500 से अधिक प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया।

# डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया टी0 राम

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी समानता ,न्याय ,शिक्षा और संगठित होकर संघर्ष,संविधान के साथ समतामूलक भारत बनाने का कार्य कर आजाद भारत वसीयत के रूप में देशवासियों को दिया। हम उनके सदैव ऋणी हैं। उक्त बातें अजगरा विधानसभा के सरायतक्की में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति द्वारा आयोजित बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क में मूर्ति पर माल्यार्पण व अनावरण के बाद अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

वक्ताओं में कार्यक्रम अतिथि भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय ,जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ,अजय प्रकाश (हीरू) सूरज चौधरी,अरुण कुमार प्रेमी, अरविंद कुमार ने बाबा साहब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

चिउरापुर के पूर्व प्रधान बृजेश सिंह का विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक समिति अध्यक्ष अरबिंद कुमार व विजय कुमार जादव ने अतिथियों का स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर स्वागत किया।

प्रमुख रूप से राजबहादुर , ओमप्रकाश,प्रधान राजकुमार ,भाईलाल ,राणा सिंह ,लालबहादुर सहित क्षेत्रीय गणमान्य जन ,जन प्रतिनिधि ,समिति के सक्रिय कार्यकर्ता सहित ग्रामीण युवा व महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक सम्पन्न अधिकारियों को दिए निर्देश

**समाज जागरण**



मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद के आई0सी0एस0ई0 एवं सी0बी0एस0ई0 बोर्ड के मान्यता प्राप्त स्कूलो के प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय(शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के प्रमुख प्राविधानों पर विस्तृत चर्चा की गयी समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय को अन्य बातों के साथ-साथ अपने संचालन संबंधी व्ययों की पूर्ति करने, सुविधाओ, में अभिवृद्धि की व्यवस्था करने तथा अवसंरचना का विस्तार करने, छात्रों को सुविधा उपलब्ध कराने और एक ही पात्र शैक्षिक इकाई के प्रबंधन के अधीन नवीन शाखा या नवीन विद्यालय की स्थापना सहित शैक्षिक प्रयोजनों के विकास हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले युक्तियुक्त अधिशेष जनित करने के लिए तद्नुरूप भिन्न-भिन्न कक्षाओं, श्रेणियों, विद्यालीय स्तरों के लिए अपनी शुल्क संरचना अवधारित करना होगा।

विद्यालय में शुल्क संग्रह की प्रक्रिया खुली, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाये और विद्यालय द्वारा लिये जाने वाले प्रत्येक शुल्क को अपने वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित करें। अभिभावकों से पूरे सत्र का समस्त शुल्क एक साथ नही लिया जायेगा। समस्त विद्यालय अपने-अपने संस्था द्वारा संग्रहीत किये जाने वाले तीन वर्षो के शुल्क की सूची कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराया जाय ताकि उनके द्वारा लिये जा रहे शुल्क का परीक्षण कराया जायेगा।

विद्यालयों द्वारा संग्रहीत की जाने वाली कॉशन मनी को धनराशि के विद्यालय में जमा अवधि हेतु भारतीय स्टेट बैंक बचत खाता में प्रचलित दर पर ब्याज सहित स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी किये जाने के समय अनिवार्य रूप से वापस किया जाए। विद्यालयों में एन0सी0ई0आर0टी0 की किताबों से ही शिक्षण कार्य कराया जाय। किताबों, जूता मोजा, पोशाक और अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु किसी विशेष दुकान को निर्धारित नही किया जायेगा। पॉच साल से पहले कोई विद्यालय बच्चों के यूनिफार्म परिवर्तन नही करेगा। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विद्यालयों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। विद्यालयों द्वारा किसी भी प्रकार का केपिटेशन शुल्क प्रभारित नही किया जायेगा और छात्र से लिये जाने वाले प्रत्येक शुल्क लिए रसीद जारी की जायेगी।

समस्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वे कक्षा 8 एवं कक्षा 10 उत्तीर्ण शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का प्रवेश अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करते हुए दैनिक रूप से शिक्षा पोर्टल पर अद्यतन करें। समस्त वाहनो का पंजीकरण परिवहन विभाग के पोर्टल पर कराये एवं समस्त वाहनो का नियमित फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र प्राप्त करके ही संचालन करें। बच्चों के सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाय, वाहन चालको एवं सहयोगी कर्मियों का सत्यापन कराया जाय और उनका सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार,

अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम, प्रधानाचार्य आदर्श भारतीय बालिका इं0का0 गणेशगंज, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल इन्दीवीरशाहपुर, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल बिरोही एवं समस्त सी0बी0एस0ई/आई0सी0एस0ई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयो के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं जो समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं :आशुतोष मिश्रा

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय'ने कहाकि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है । वे ही पार्टी को जनता के द्वार तक पहुँचाते है और बुनियाद की भूमिका निभाते हैं और समाज को दिशा देते हैं।

उक्त बाते बुधवार को सातो महुआ ,सरायकाजी , हरहुआ स्थित कैंप कार्यालय पर पीएम के 'जनाक्रोश महिला सम्मेलन', नारी शक्ति बन्दन सम्मेलन में सराहनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ता के सम्मान समारोह के दौरान कही।

उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्यकताओं की कड़ी मेहनत, निष्ठा और जनता के भरोसे का साथी बनना होगा जिससे देश के पीएम व सीएम के जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर दिखे और कार्यकताओं की पहचान बढ़े। कार्यकर्ताओ ने गाँव मे जाकर घर -घर जनसम्पर्क कर बरेका तक ले जाने का सराहनीय कार्य किया।

कार्यक्रम में हरहुआ मण्डल सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं और विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता कपिलनारायन पांडेय, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह, भाजपा नेता हिटलर सिंह, मनोज पटेल, गौरव चौबे, अनिल पाण्डेय, उपाध्यक्षअरुणेंद्र सिंह, अपरबल सिंह,व्यापार मंडल महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता,सर्वजीत यादव, जयकुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह लक्ष्मण पटेल, अखिलेश पटेल, शिवबालक पटेल, विनोद पटेल, धर्मेंद्र सिंह, विजय प्रताप सिंह,उत्सव सिंह,राजीव त्रिपाठी, आशुतोष सिंह अनूप जायसवाल,बिहारी पटेल,सुरेंद्र पटेल,मंगला पांडेय,धनन्जय भारद्वाज, दिलीप राजभर सहित सैकडों युवा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बारतियों को लेकर जा रही अर्टिगा कार दीवार से टकराई युवक की हुई मौत पांच घायल

**समाज जागरण**




मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के बेलन बरौधा गांव में मंगलवार की शाम अनियंत्रित होकर अर्टिगा कार सड़क किनारे दीवाल से टकरा गई जिससे अर्टिगा कार सवार छह लोग घायल हो गई मौके पर पहुंची एम्बुलेंस कर्मियों ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जंहा पर अर्टिगा कार चालक व सवार की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है ट्रामा सेंटर पहुंचते ही युवक ने दम तोड़ दिया है भदोही जिला से बारतियों को लेकर अर्टिगा कार चालक भदोही निवासी 30 वर्षीय हरिकेश राय इनोवा से भदोही गांव निवासी 25 वर्षीय दिलीप मौर्य, 33 वर्षीय विशाल राय,चन्दौली निवासी 25 वर्षीय कृष्णा राय,26 वर्षीय शुभम राय, भदोही निवासी 40 वर्षीय निलेश के साथ मध्य प्रदेश के सीधी जिला जा रहे थे की जैसे ही लालगंज थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के बेलन बरौधा में अर्टिगा कार पहुँची की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मकान के दीवाल में टकरा गयी जिससे अर्टिगा चालक सहित अर्टिगा सवार छह लोग घायल हो गए घायलों की चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस 108 पर दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस के चालक एहसान व ईएमटी संतोष भारतीय व दूसरे एम्बुलेंस के पायलट राज बहादुर व ईएमटी प्रकाश चंद ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा आर्टिगा चालक व सवार दिलीप मौर्य की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जंहा पर दिलीप को ट्रामा सेंटर पहुंचते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है

# देवदूत बनी डायल-112: रेलवे ट्रैक पर मौत को गले लगाने लेटे युवक को पुलिस ने सुरक्षित बचाया

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह/पटेरा- मध्य प्रदेश पुलिस की आपातकालीन सेवा डायल-112 एक बार फिर किसी के लिए 'जीवनदायिनी' साबित हुई है। दमोह जिले में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता की वजह से एक परिवार का चिराग बुझने से बच गया। आत्महत्या की नीयत से रेलवे ट्रैक पर लेटे एक युवक को डायल-112 की टीम ने ऐन वक्त पर रेस्क्यू कर उसे नई जिंदगी दी है।

**घटना का विवरण: सूचना मिलते ही हरकत में आई टीम**

घटना मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 की है। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम (डायल-112) भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पटेरा के ग्राम रामपुरा निवासी बिट्टू राजपूत मानसिक तनाव या किसी अज्ञात कारणवश आत्महत्या करने की बात कहकर घर से निकल गया है। मामला बेहद गंभीर था, क्योंकि व्यक्ति के जान देने की प्रबल आशंका थी।

जैसे ही यह सूचना दमोह कंट्रोल रूम पहुंची, वहां तैनात आरक्षक 824 रामनरेश ने बिना समय गंवाए लोकेशन ट्रेस की और तत्काल दो मोबाइल वैन (FRV) को सक्रिय किया।

**सर्च ऑपरेशन और सफल रेस्क्यू**

सूचना मिलते ही FRV 11 (आरक्षक अनिल ठाकुर व पायलट राहुल राजपूत) और FRV 15 (आरक्षक चंद्रकांत पांडेय व पायलट संदीप साहू) ने संभावित क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया। तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट के आधार पर युवक की लोकेशन ग्राम करहिया (थाना हिंडोरिया) के पास रेलवे ट्रैक पर मिली।

जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो नजारा खौफनाक था—युवक आत्महत्या करने के इरादे से रेलवे ट्रैक पर ही लेटा हुआ था। किसी भी पल ट्रेन आ सकती थी, लेकिन पुलिसकर्मियों ने बहादुरी और फुर्ती दिखाते हुए उसे ट्रैक से खींचकर सुरक्षित हटाया।

काउंसलिंग के बाद परिजनों को सौंपा युवक को सुरक्षित स्थान पर लाने के बाद डायल-112 के स्टाफ ने उसे पानी पिलाया और काफी देर तक उसकी काउंसलिंग की युवक काफी हताश नजर आ रहा था, जिसे पुलिसकर्मियों ने जीवन का महत्व समझाते हुए समझाइश दी। इसके बाद टीम उसे सुरक्षित उसके घर लेकर पहुंची और परिजनों के सुपुर्द किया।

**परिजनों ने जताया आभार**

अपने बेटे को जीवित वापस पाकर परिजनों की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन और डायल-112 की टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पुलिस की इस मुस्तैदी की सराहना की है, जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस संदेश-जीवन अनमोल है। किसी भी समस्या का समाधान आत्महत्या नहीं है। यदि आप या आपके परिचित किसी भी प्रकार के तनाव में हैं, तो कृपया अपनों से बात करें या हेल्पलाइन नंबरों की मदद लें।

# जिला परिषद् बैठक में गूंजे जनसमस्याओं के मुद्दे, अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक**



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद् की सामान्य बैठक में मंगलवार को क्षेत्रीय विकास एवं जनसमस्याओं को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता उपविकास आयुक्त (डीडीसी) ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला परिषद् सदस्य डॉ. परितोष सिंह ने गोविंदपुर एवं घोड़ाबंधा क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की।

बैठक के दौरान डॉ. परितोष सिंह ने पेयजल संकट, शिक्षा व्यवस्था, सड़क, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कुल नौ महत्वपूर्ण मुद्दों को बोर्ड के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि गोविंदपुर जलापूर्ति योजना संचालित होने के बावजूद कई बस्तियां आज भी पानी की समस्या से जूझ रही हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों में शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही क्षेत्र में खराब पड़े लगभग 20 जलमीनारों की मरम्मत कराने पर भी जोर दिया।

उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर जले हुए ट्रांसफार्मर और खराब विद्युत व्यवस्था के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुराने और जर्जर तारों एवं बिजली के पोल को बदलने तथा नए ट्रांसफार्मर लगाने की मांग भी बैठक में उठाई गई।

शिक्षा व्यवस्था को लेकर डॉ. सिंह ने घोड़ाबंधा स्थित शहीद निर्मल महतो मध्य उच्च विद्यालय की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय के पुराने कमरों की तत्काल मरम्मत कराने तथा छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चार नए कमरों के निर्माण की मांग की। उनका कहना था कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मजबूत आधारभूत संरचना अत्यंत आवश्यक है।

आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। पश्चिम छोटागोविंदपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का टेंडर जारी होने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने को गंभीर लापरवाही बताते हुए जल्द काम शुरू कराने की मांग की गई।

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए। डॉ. सिंह ने ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाए जा रहे सड़कों की गुणवत्ता जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि घटिया निर्माण कार्य से जनता को लंबे समय तक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

बैठक में दक्षिण मध्य छोटागोविंदपुर पंचायत भवन का अधूरा निर्माण कार्य भी चर्चा का विषय रहा। इसे शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई। इसके अलावा छोटागोविंदपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण गोविंदपुर क्षेत्र के भीतर कराने की आवश्यकता बताई गई, ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में टाटा पावर के सीएसआर फंड से विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों को हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। डॉ. सिंह ने इसे शिक्षा व्यवस्था के हित में उचित नहीं बताते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की।

इसके अतिरिक्त गोविंदपुर में वन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे पार्क में कथित अनियमितताओं का मामला भी उठाया गया, जिस पर जांच कराने की मांग की गई।

उपविकास आयुक्त ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक समस्या पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा विकास कार्यों में समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में यह भी आश्वासन दिया गया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा, ताकि लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# हाता में निमार्णाधीन बस स्टैंड-मार्केट कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण, गुणवत्ता पर सख्त हुए विधायक

**4.50 करोड़ की योजना में खामियां पकड़ीं; समयबद्ध और मानक के अनुरूप कार्य पूरा करने के निर्देश**

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक**



पोटका क्षेत्र में विकास योजनाओं की निगरानी को लेकर पोटका के विधायक संजीव सरदार लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाता बिरसा चौक स्थित झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग से 4.50 करोड़ की लागत से बन रहे बस स्टैंड सह मार्केट कॉम्प्लेक्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य का बारीकी से जायजा लिया और कार्यस्थल पर मौजूद संवेदक हरि ओम कंस्ट्रक्शन के मुंशी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**निर्माण में खामियां उजागर, सुधार के सख्त निर्देश**

निरीक्षण में पाया गया कि परियोजना के तहत कुल 40 दुकानों का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है और शटर लगाए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर शटर गलत तरीके से लगाए जा रहे थे। इस पर विधायक ने तत्काल सुधार का निर्देश दिया। वहीं छत के कुछ हिस्सों में पानी जमा होने की समस्या भी सामने आई, जिसे ठीक करने के लिए कहा गया। विधायक ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा और समय पर कार्य पूरा करना अनिवार्य है।

**काम में लापरवाही नहीं, गुणवत्ता और समय सीमा सर्वोपरि — विधायक का सख्त संदेश**

निरीक्षण के उपरांत विधायक संजीव सरदार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास योजनाओं को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लगातार निरीक्षण किया जाएगा और जहां भी कमी मिलेगी, वहां सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्देशों के बावजूद सुधार नहीं होने पर संबंधित एजेंसियों और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जलवायु कार्रवाई में भारत वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभा रहा : पीयूष गोयल

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इच्छित राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (आईएनडीसी) को हासिल करने वाले देशों में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने न केवल अपने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को समय से पहले पूरा किया है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के लिए एक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

नई दिल्ली में जलवायु परिवर्तन के साथ लचीलापन बढ़ाना विषय पर आयोजित संवाद को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि भारत जी20 देशों में लगातार शीर्ष 1-3 देशों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि देश ने 260 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य निर्धारित समय से आठ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जब केंद्र सरकार सत्ता में आई थी, तब अगले 9-10 वर्षों में 20 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ाकर 100 गीगावाट किया गया और इसे समय पर प्राप्त भी कर लिया गया। अब भारत ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है।

श्री गोयल ने पेरिस में आयोजित सीओपी-21 सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित, विकासशील और अल्पविकसित देशों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी सकारात्मक और नेतृत्वकारी छवि स्थापित की है।

उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक आर्थिक भागीदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि पेरू, चिली, कनाडा, कतर, बहरीन, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, रूस, यूरेशिया क्षेत्र और इजराइल सहित कई देशों एवं क्षेत्रों के साथ व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी को लेकर बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत की विकास गाथा और उसकी आर्थिक क्षमता को स्वीकार कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई को बोझ नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में देखा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों द्वारा वित्तीय एवं तकनीकी सहायता संबंधी वादों को पूरी तरह पूरा न करने के बावजूद भारत ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाकर उल्लेखनीय कार्य किया है।

# टीएमयू में स्टुडेंट्स ने पर्यावरण संरक्षण की ली सामूहिक शपथ

**दैनिक समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से विश्व पृथ्वी सप्ताह में भारत पर्यावरण कार्यक्रम के तहत फैकल्टीज और स्टुडेंट्स ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। यह शपथ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरके जैन ने दिलाई। शपथ में वृक्षारोपण, जैव



विविधता संरक्षण, स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता बनाए रखना, रिड्यूस-रियूज- रिसाइकिल के सिद्धांतों का पालन, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत, एकल-उपयोग प्लास्टिक से परहेज और पर्यावरण जागरूकता का प्रसार जैसे महत्वपूर्ण संकल्प शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हरित, स्वच्छ एवम् सतत भविष्य के निर्माण में सामूहिक प्रयासों के महत्व को पुनः स्थापित करना और दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। शपथ कार्यक्रम में फैकल्टीज- श्री राहुल विश्नोई, श्री उमेश कुमार, डॉ. आशीष सिमल्टी, श्री गौरव जायसवाल, श्री अंकित वार्ष्णेय, डॉ. पवन कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. इंदु त्रिपाठी, डॉ. संकल्प गोयल, श्री सचिन वर्मा, श्री एमडी पांडेय, श्री आयुष, श्री भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# वो 5 भारतीय फूड्स जिनकी विदेशों में भी है खूब डिमांड

**यहां आपको कई तरह के फूड मिलते हैं, जो अपने अनोखे स्वाद के लिए जाने जाते हैं. चलिए आज इस आर्टिकल में आपको भारत के ऐसे 5 फूड बताते हैं जिनकी डिमांड विदेशों में भी बढ़ रही है. भारत में आपको खाने के कई ऑप्शन मिल जाएंगे. भारत के हर कोने में आपके अलग-अलग स्वाद मिल जाएगा. गुजरात का ढोकला, हैदराबाद की बिरयानी से लेकर बिहार के लिट्टी-चोखे तकज्हर राज्य का अपना जायका है.**









भारत में खाने के भी खूब शौकीन है. यहां चटपटा, मसालेदार और लजीज खाना खूब पसंद किया जाता है. समोसे लेकर जलेबी और बिरयानी का स्वाद हर किसी जुबान पर चढ़ा रहता है. भारत के कुछ फूड तो ऐसे हैं जिन्होंने विदेशों में भी अपनी पहचान बना ली हैं. चलिए जानते हैं ऐसे ही 5 भारतीय फूड्स के बारे में जिनकी विदेशों में भी खूब डिमांड है.

### बटर चिकन की है खूब डिमांड

बटर चिकन भारत में खूब पसंद किया जाता है. लेकिन सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इसकी खूब डिमांड है. ये एक नॉर्थ इंडियन डिश है, जो क्रीमी और बटरी फ्लेवर की लिए जानी जाती है. इंग्लैंड और अमेरिका जैसे देशों में बटर चिकन काफी पसंद किया जाता है.

### बिरयानी के भी है लोग दिवाने

लंबे-लंबे और खुशबूदार चावलों से बनी बिरयानी का स्वाद हर किसी को दीवाना बना देता है. भारत में हैदराबादी और मुरादाबादी बिरयानी बड़े शौक से खाई जाती है. वहीं, गल्फ देशों और यूरोप में भी बिरयानी के काफी शौकीन लोग हैं.

### समोसा भी है लिस्ट में शामिल

समोसा भारतीय को फेवरेट स्ट्रीट फूड है. हर गली में आपको समोसा बिकता मिल जाएगा. शाम के नाश्ते में इसका स्वाद और बढ़ कर आता है. आलू, मटर और खड़े मसालों से भरा समोसा बेहद स्वादिष्ट लगता है. भारत के आलावा कनाडा, यूके और अमेरिका में भी समोसे की डिमांड अब बढ़ रही है.

### मसाला चाय के शौकीन

भारत में तो चाय के बिना दिन ही अधूरा लगता है. कुछ लोगों की सुबह की शुरुआत ही चाय के साथ होती है. भारत में आपको कई तरह की चाय मिल जाएगी, जिसमें सबसे पॉपुलर है मसाला चाय. लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि कई देशों में मसाला चाय को पसंद किया जा रहा है. इसे चाय लाटे के नाम से जाना जा रहा है.

### दाल और नान की भी बढ़ रही डिमांड

विदेशों में इंडियन रेस्टोरेंट्स में लोग दाल तड़का और गरमा-गरम नान को जरूर ऑर्डर करते हैं. ये कॉम्बो इंडियन कंफर्ट फूड की तरह ग्लोबल फेवरेट बन चुका है.

# नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है? ऐसे करें पहचान

**पनीर को सिर्फ वेजिटेरियन ही नहीं बल्कि नॉन वेज खाने वाले भी खूब पसंद करते हैं. पनीर से बनी डिशेज भी काफी स्वादिष्ट लगती हैं. चाहे फिर पनीर भुर्जी हो, शाही पनीर है या फिर चिल्ली पनीर. स्वाद होने के साथ ही इसमें प्रोटीन की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है. मसल गेन करने वाले प्रोटीन इनटेक पूरा करने के लिए पनीर का सेवन करते हैं. प्रोटीन के अलावा पनीर कैल्शियम, गुड फैट और विटामिन का भी अच्छा सोर्स है. शादी-पार्टी से लेकर आम दिनों में भी पनीर का खूब खाया जाता है.**





लेकिन आज कल मार्केट में नकली पनीर भी आने लगा है. इस पनीर को बनाने में स्टार्च और कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में सवाल ये बनता है कि अगर नकली पनीर खा लिया जाए तो इससे शरीर पर क्या असर पड़ता है. चलिए इस आर्टिकल में एक्सपर्ट से जानते हैं नकली पनीर सेहत को क्या नुकसान पहुंचा है और हम कैसे असली नकली पनीर की पहचान कर सकते हैं.

### कैसे बनता है नकली पनीर?

नकली पनीर तैयार करने के लिए बेकिंग सोडा, पाम ऑयल, मैदा और डिटर्जेंट जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं कुछ मिलावट खोर तो पनीर बनाने के लिए कोलतार डाई, यूरिया और सल्फ्यूरिक एसिड तक जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल करते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं. इसको लेकर हमने सीनियर डाइटिशियन फारेहा शानेम से बातचीत की. उन्होंने नकली पनीर का सेवन करने के बाद होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया है.

### नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है?

दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल की सीनियर डाइटिशियन फारेहा शानेम बताती है कि, नकली पनीर खाने से शरीर को क्या नुकसान पहुंचाता है डिपेंड करता है कि पनीर में किस चीज की मिलावट की गई है. अगर पनीर में हार्मफुल केमिकल मिलाए गए हैं तो सबसे पहले इसका असर हमारे डाइजेशन पर पड़ता है. इससे पेट खराब हो सकता है, डायरिया होना, उल्टी होना और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसके अलावा फूड प्वाइजनिंग होने का भी खतरा रहता है.

अगर पनीर में स्टार्च या डिटर्जेंट की मिलावट की गई है, तो स्किन एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. स्टार्च होने की वजह से वेट गेन, डायबिटीज और हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है. वहीं, डिटर्जेंट का यूज हमारे ऑर्गन जैसे किडनी, लीवर को खराब कर सकता है. यूरिया या कार्सिक सोडा जैसे केमिकल वाला पनीर खा लेते हैं तो कैंसर तक होने का खतरा बढ़ जाता है.

हालांकि, अगर आपने नकली पनीर 1-2 ही खाया है तो ये शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाएगा. लेकिन अगर लंबे समय तक पनीर का सेवन किया जाए तो शरीर को नुकसान पहुंच सकता है.

### कैसे करें नकली पनीर की पहचान?

नकली पनीर की पहचान करना भी आसान है. आप कुछ तरीकों से घर पर ही इसकी पहचान कर सकते हैं. चलिए बताते हैं नकली पनीर को पहचाने के तरीके-

**फ्लेम टेस्ट-** एक पनीर का टुकड़ा लें और उसे गैस की धीमी आंच पर रख दें. अगर पनीर जलते समय केरोसिन या प्लास्टिक जैसी गंध छोड़ रहा है तो ये नकली है. इस पनीर में डिटर्जेंट या साबुन की मिलावट की गई है.

**टेक्सचर टेस्ट-** अपने हाथ में पनीर का टुकड़ा लें और इसे हल्के से दबाएं. अगर पनी बहुत ज्यादा हार्ड या रबड़ जैसा फील हो रहा है तो ये नकली पनीर हो सकता है. क्योंकि असली पनीर सॉफ्ट होता है.

**चख कर देखें-** पनीर को टेस्ट करके भी आप असली और नकली की पहचान कर सकते हैं. खाने में अगर पनीर का स्वाद खट्टा, ज्यादा चबाने वाला या फिर साबुन जैसा लगे तो इसमें मिलावट हो सकती है.

**वाटर इमर्शन टेस्ट-** अगर पनीर में स्टार्च या सिंथेटिक की मिलावट की गई है तो इसकी पहचान आप वाटर इमर्शन टेस्ट करके कर सकते हैं. एक गिलास में गर्म पानी लें और उसमें पनीर का टुकड़ा डालें. अगर पनीर पानी में घुल जाता है या सफेद झाग निकलता है समझ जाएं की पनीर नकली है.

# किशनगंज में पुलिस की बड़ी कार्रवाई : टेऊसा चाय बागान से 69 पुड़िया स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। किशनगंज प्रखंड अंतर्गत टेऊसा पंचायत स्थित चाय बागान में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने 69 पुड़िया स्मैक के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों में मुख्य रूप से दीपु चौहान शामिल है, जो लंबे समय से स्मैक की तस्करी में सक्रिय बताया जा रहा है। वह पूर्व में कई बार पुलिस कार्रवाई से बच निकलने में सफल रहा था।

पुलिस के अनुसार, टेऊसा और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। इसी दौरान पुलिस को चाय बागान में नशे के अवैध कारोबार की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की और मौके से चारों आरोपितों को धर दबोचा।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से 69 पुड़िया स्मैक बरामद की। साथ ही चार मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। बरामद स्मैक की शुद्धता तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी कीमत का आकलन किया जा रहा है।

फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है। जांच की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने विस्तृत जानकारी साझा करने से परहेज किया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# दानवीर भामाशाह का त्याग राष्ट्रभक्ति की अनुपम मिसाल: सम्राट चौधरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की राजधानी में बुधवार को दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। पुनाईचक पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य विभूतियों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि भामाशाह का जीवन अद्वितीय त्याग और निस्वार्थ सेवा का उदाहरण है। उन्होंने कठिन समय में महाराणा प्रताप को अपनी संपूर्ण संपत्ति दान कर राष्ट्रप्रेम की जो मिसाल पेश की, वह इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि भामाशाह केवल एक दानवीर नहीं, बल्कि राष्ट्र के सच्चे सेवक थे, जिनके आदर्श आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। समारोह के दौरान वक्ताओं ने भामाशाह के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को दशार्ता है। राजकीय समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान भामाशाह के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिनका उद्देश्य युवा पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना था।



विशेषज्ञों और उपस्थित जनसमूह ने सरकार की इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और देशभक्ति का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने अंत में सभी से भामाशाह के पदचिह्नों पर चलने और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# पटना के खगौल में युवक के गले में मारी गोली, हालत गंभीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला खगौल थाना क्षेत्र का है, जहाँ मंगलवार की मध्य रात्रि अज्ञात अपराधियों ने एक युवक को निशाना बनाते हुए उसके गले में गोली मार दी। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत व्याप्त है और स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 28 अप्रैल की आधी रात की है। बक्सर निवासी इंद्रदेव प्रसाद खगौल के राम जानकी मंदिर के पास से गुजर रहे थे, तभी पहले से घात लगाए अपराधी ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे युवक के गले में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रारंभिक जाँच में पुलिस इस वारदात को आपसी पैसे के लेन-देन के विवाद से जोड़कर देख रही है। हालांकि, पुलिस हर संभावित पहलू पर छानबीन कर रही है। दानापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। फिलहाल, पुलिस मामले की गहन तफ्तीश में जुटी है।

# पटना के नौबतपुर में दिव्यांग महिला से दरिंदगी
## घर में अकेला पाकर किया दुष्कर्म

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत नौबतपुर थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ एक 25 वर्षीय दिव्यांग महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। इस घटना ने क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है और महिलाओं, विशेषकर दिव्यांगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़िता शारीरिक रूप से अक्षम है और पूरी तरह अपने परिवार पर निर्भर रहती है। घटना के वक्त पीड़िता का पति और सास रोज की तरह मजदूरी करने घर से बाहर गए हुए थे। घर में उसे अकेला पाकर एक आरोपी दीवार फांदकर भीतर घुस आया। पीड़िता ने अपनी शारीरिक असमर्थता के बावजूद विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने उसके साथ हैवानियत की और मौके से फरार हो गया। शाम को जब परिजन घर लौटे, तो पीड़िता ने रो-रोकर आपबीती सुनाई। मंगलवार को परिजनों ने नौबतपुर थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मंजीत ठाकुर ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है ताकि वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए जा सकें। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जाएगी। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में स्पीडी ट्रायल चलाकर अपराधी को सख्त सजा दी जाए, ताकि समाज में कड़ा संदेश जा सके।

# पटना के पालीगंज में स्कूल से लौट रही 5 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, आरोपी नाबालिग गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में मानवता को तार-तार करने वाली एक घटना सामने आई है, जहाँ मंगलवार शाम स्कूल से घर लौट रही एक पाँच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ गाँव के ही एक नाबालिग किशोर ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बच्ची मंगलवार को गाँव के ही स्कूल गई थी। घर लौटते समय आरोपी किशोर उसे बहला-फुसलाकर एकांत में ले गया और उसके साथ जघन्य अपराध किया। घायल अवस्था में घर पहुँची मासूम ने जब परिजनों को आपबीती सुनाई, तो परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तुरंत बच्ची को लेकर अस्पताल पहुँचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस सक्रिय हुई और देर शाम छापेमारी कर आरोपी नाबालिग को उसी गाँव से दबोच लिया। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि बच्ची की माँ के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।




पीड़िता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। फिलहाल बच्ची की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बच्चियों की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से बारीकी से जाँच की जा रही है और विधिक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# भीषण गर्मी से मिली राहत : नबीनगर में बदला मौसम का मिजाज

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)भीषण गर्मी और लू से जूझ रहे नबीनगर वासियों को बुधवार को बड़ी राहत मिली। नबीनगर के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने मौसम सुहाना कर दिया। आसमान में उमड़-घुमड़ रहे बादलों को देखकर ऐसा लगा मानो वक्त से पहले ही वर्षा ऋतु आ गई हो।पिछले एक पखवाड़े से पूरा नबीनगर भीषण गर्मी की चपेट में था। तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया था। अस्पताल और निजी क्लिनिक में लू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों का समय भी बदल दिया था ताकि बच्चों को दोपहर की गर्मी से बचाया जा सके।हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र ने पहले ही आंधी-पानी और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई थी। विभाग ने कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ ओले गिरने का अंदेशा भी जताया था। बुधवार को मौसम में अचानक आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लोगों में नई स्फूर्ति का संचार हुआ है। बिहार के अन्य जिलों की तरह औरंगाबाद के नबीनगर प्रखंड में भी मौसम में बदलाव साफ दिखा। हल्की वर्षा एवं ओले भी गिरने से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। लोग घरों से बाहर निकलकर सुहाने मौसम का लुत्फ उठाते दिखे। फिलहाल तापमान में गिरावट से लोगों को बड़ी राहत मिली है।



# राजधानी पटना में कुदरत का कहर
## तेज आंधी के बाद भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना सहित आसपास के इलाकों में मंगलवार शाम आए भीषण आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। करीब 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं और गरज के साथ हुई बारिश



ने सामान्य जनजीवन को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। सुरक्षा के लिहाज से प्रशासन ने अधिकांश इलाकों की बिजली काट दी, जिससे घंटों अंधेरा छाया रहा। तेज आंधी के कारण फुलवारी शरीफ, दानापुर, खगौल और संपतचक जैसे इलाकों में दर्जनों पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। कई जगहों पर झोपड़ियों के टिन-शेड उड़ गए और छोटे दुकानदारों के ठेले पलट गए। सड़कों पर पेड़ों की डालियां गिरने से घंटों आवागमन बाधित रहा। सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुआ है, जिनकी खड़ी फसलें तेज हवा और बारिश की भेंट चढ़ गईं। महज एक घंटे की बारिश ने नगर निगम के दावों की पोल खोल दी। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाने से शहर तालाब में तब्दील हो गया। दफ्तर से घर लौट रहे लोग घंटों जाम में फंसे रहे और कई वाहन पानी के बीच बंद हो गए। मौसम विज्ञान केंद्र, अनीसाबाद ने पहले ही वज्रपात और आंधी को लेकर 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, प्री-मानसून गतिविधियों के कारण अगले 24 घंटों तक पटना और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। हालांकि, इस बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और लू से बड़ी राहत मिली है। प्रशासन ने लोगों को खराब मौसम में ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है।

# पटना में सनकी दामाद ने ससुराल में लगाई आग
## नहर में कूदकर परिवार ने बचाई जान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना अंतर्गत भुसौला दानापुर रोड पर सोमवार देर रात एक सिरफिरे दामाद द्वारा अपने ससुराल में आग लगाने का मामला सामने आया है। इस भीषण अग्निकांड में घर के बाहर खड़े वाहन जलकर राख हो गए। जान बचाने के लिए परिवार के सदस्यों को आधी रात नहर में कूदना पड़ा। जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार के घर के बाहर देर रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और वहां खड़ी सीएनजी ऑटो, मोटरसाइकिल और साइकिल धू-धू कर जलने लगीं। घर के भीतर सो रहे सदस्य जब तक कुछ समझ पाते, धुआं और लपटें घर के मुख्य दरवाजे तक पहुंच चुकी थीं। कोई रास्ता न देख पीड़ित परिवार ने घर के पिछले हिस्से से निकलकर नहर में कूदकर अपनी जान बचाई। पीड़िता सोनी देवी ने अपने दामाद आदित्य राज उर्फ अमन (निवासी चुल्हाईचक) के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सोनी देवी का आरोप है कि उनकी बेटी मुस्कान ने 2019 में प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद से ही दामाद नशे की हालत में परिवार को खत्म करने की धमकी देता था। आरोप है कि इसी रंजिश में उसने देर रात वारदात को अंजाम दिया।



थाना अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शाहबाज आलम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया है। आगजनी में वाहनों और घरेलू सामान का भारी नुकसान हुआ है। पुलिस आरोपी दामाद की भूमिका की गहनता से जांच कर रही है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# MLC उपचुनाव में सूर्य कुमार शर्मा को टिकट मिलने से पालीगंज के भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बिहार विधान परिषद उपचुनाव के लिए सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश का माहौल है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 28 अप्रैल 2026 को उनके नाम पर मुहर लगाई, जिसके बाद से ही पालीगंज क्षेत्र के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। विदित हो कि यह सीट पूर्व मंत्री मंगल पांडे के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। भाजपा ने अरविंद शर्मा को



उम्मीदवार बनाकर संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को सम्मान दिया है। उपचुनाव के लिए मतदान 12 मई 2026 को निर्धारित है, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। उम्मीदवार के नाम की घोषणा होते ही पालीगंज के नारायण शर्मा, इंद्रजीत कुमार, राघवेंद्र शाही, उत्तम कुमार, लवकुश कुमार, अभिमन्यु कुशवाहा और कुंदन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस फैसले का स्वागत किया। स्थानीय नेताओं का कहना है कि अरविंद शर्मा की उम्मीदवारी से न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है, बल्कि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि भाजपा इस सीट पर भारी मतों से जीत दर्ज कर राज्य में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगी।

# पटना के मित्र मंडल कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर के घर करोड़ों की चोरी, दहशत में लोग खुद दे रहे पहरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ प्रतिष्ठित मित्र मंडल कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर सुजीत कुमार के घर हुई करोड़ों की भीषण चोरी ने पुलिसिया सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश और असुरक्षा का भाव है। परिजनों के अनुसार, चोरों ने उस कमरे को निशाना बनाया जहाँ नकदी और जेवरात रखे थे। वारदात के समय परिवार घर में ही था, लेकिन किसी को भनक तक नहीं लगी। इससे संदेह जताया जा रहा है कि चोरों को घर की भौगोलिक स्थिति की सटीक जानकारी थी। पुलिस फिलहाल घर के घरेलू सहायकों और अन्य संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एफएसएल (FSL) टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। इलाके में दहशत का आलम यह है कि पुलिस गश्ती पर भरोसा न कर अब लोग खुद ही समूहों में रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले डेढ़ साल में चोरी और छिनतई की घटनाएं बढ़ी हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। थाना अध्यक्ष ने जल्द ही गिरोह का पदार्फाश करने का दावा किया है, लेकिन फिलहाल पूरी कॉलोनी में डर का माहौल बना हुआ है।

# पटना के बेउर स्थित तेज प्रताप नगर में छापा
## भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और शराब जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के बेउर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास स्थित तेज प्रताप नगर में पुलिस और ड्रग्स विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन और विदेशी शराब बरामद की गई है।ड्रग्स विभाग और बेउर थाना पुलिस ने जब तेज प्रताप नगर स्थित एक संदिग्ध मकान में दबिश दी, तो वहां का नजारा देख अधिकारी दंग रह गए। मौके से 175 पीस नशीले इंजेक्शन और भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुईं। आशंका जताई जा रही है कि इस घनी आबादी वाले इलाके से बड़े पैमाने पर नशे का अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था। बेउर थाना अध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही धंधेबाज मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस अब मकान मालिक की पहचान करने और यह पता लगाने में जुटी है कि किन लोगों ने इसे किराए पर ले रखा था। स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, हालांकि अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का मानना है कि यह एक संगठित गिरोह का काम है, जिसके तार शहर के अन्य हिस्सों से जुड़े हो सकते हैं। इस कार्रवाई के बाद से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# राहा महेशटिकरी ईदगाह के नए भवन की आधारशिला रखी गई, शिक्षा वह एकता पर दिया गया जोर

**समाज जागरण**

गोड्डा बसंत राय प्रखंड क्षेत्र के प्रतिष्ठित राहा महेश टिकरी ईदगाह के नए भवन एवं घेराबंदी कार्य की आधारशिला समारोह पूर्वक रखी गई। इस अवसर पर भागलपुर मुस्लिम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं ईदगाह के इमाम मौलाना रफीक आलम खाकी ने अपने कर कमलों के संग ए बुनियाद रखा ।कार्यक्रम में गोड्डा के मौलाना सिद्दीक रजा नूरी, महेश टिकरी मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल मजीद मिस्बाही, ईदगाह के सचिव अल्हाज मास्टर अजहर अली नवाज ,कोषाध्यक्ष परवेज खान ,मो जैनुल आबेदीन, राहा नूरी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शाहनवाज आलम अशरफी, कांग्रेस नेता मोहम्मद आलमगीर ,मो अकील अहमद, आजाद स्पोर्ट्स एंड यूथ क्लब के केंद्रीय कोषाध्यक्ष डॉ शम्स तबरेज, मो मुख्तार अहमद, झा मु मो नेता मो मुबारक हुसैन समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।समारोह को संबोधित करते हुए मौलाना रफीक आलम खाकी ने कहा कि ईदगाह के विस्तार से ईद उल फितर और बकर ईद के मौके पर नमाजियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए यहां एक आवासीय मदरसा की स्थापना बेहद जरूरी है जिससे गरीब ,अनाथ बच्चों के साथ-साथ महिलाओं को भी शिक्षा का लाभ मिल सके ।उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार को मजबूत और मोहज्जब समाज के निर्माण का आधारशिला बताया। अंत में मानवता के लिए अमन ,चैन और खुशहाली केलिए दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# पिपरा गांव में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ वेदी की परिक्रमा व श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड अंतर्गत सौरी चकला पंचायत के पिपरा गांव में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। संपूर्ण यज्ञ का कार्यक्रम आचार्य शिवकुमार पांडे के सानिध्य में कराया जा रहा है।प्रत्येक दिन यज्ञ दो पाली में क्रमशः सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक तथा अपराह्न तीन से संध्या छह बजे तक हो रहा है। यज्ञ वेदी की परिक्रमा, आरती, पुष्पांजलि के पश्चात प्रतिदिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम में श्रद्धालु पर चढ़कर भाग ले रहे हैं। यज्ञवेदी की परिक्रमा के पश्चात श्रद्धालु यज्ञ परिसर में स्थापित भगवान श्री राम, माता सीता, भगवान श्रीकृष्ण, भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, राजा हरिश्चंद्र, बजरंगबली सहित विभिन्न देवी देवताओं के प्रतिमाओं का दर्शन और पूजन कर रहे हैं। यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आचार्य शिवकुमार पांडे ने कहा कि यज्ञ हमारा सबसे प्राचीन और श्रेष्ठ पूजा पद्धति है। इससे सभी प्राणियों को लाभ होता है। यज्ञ से सभी देवी और देवता भी प्रसन्न होते हैं।कहा कि जितना लाभ यज्ञ करने से होता है,उतना ही लाभ यज्ञ वेदी की परिक्रमा से भी होता है। उन्होंने लोगों से प्रत्येक दिन यज्ञ वेदी की परिक्रमा करने का आह्वान किया। आचार्य ने कहा कि हवन कुंड में हम जितने भी सामग्री डालते हैं। अग्नि देव उसे सूक्ष्म कर वायुमंडल में फैला देती है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है और पर्यावरण शुद्ध होने से मेघ बनता है। मेघ से अच्छी बारिश होती है जिससे सभी प्राणियों को लाभ होता है।इस अवसर पर भव्य मेले का भी आयोजन किया गया है। जहां श्रद्धालु मेले का आनंद ले रहे हैं।



वृंदावन धाम से पधारीं कथावाचिका साध्वी श्रीकृष्ण दासी जी के मुखारविंद से कथा वाचन भी हो रहा है। यज्ञ के सफल संचालन में समिति अध्यक्ष सह मुखिया प्रियंका देवी, सचिव गंगा साह, उपाध्यक्ष बसंत एक्का, कोषाध्यक्ष हरिनंदन लकड़ा, उप कोषाध्यक्ष ऐतवारी साह, उपसचिव फुदेश्वर साह, संयोजक नंदलाल साह तथा महंत बाबा अनिरुद्ध कुमार अनुज की ओर से अहम भूमिका निभाई जा रही है।

# पटना में बालू माफियाओं पर नकेल
## बेउर में खनन विभाग का छापा, 17 ट्रैक्टर जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के बेउर थाना क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार के खिलाफ खनन विभाग ने अब तक की बड़ी कार्रवाई की है। पटना-गया न्यू बाईपास पर की गई इस छापेमारी में अवैध बालू लदे 17 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। खनन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यू बाईपास के किनारे अवैध रूप से बालू का भंडारण किया जा रहा है और वहां एक अस्थायी मंडी बनाकर बिना चालान के खरीद-बिक्री का खेल चल रहा है। सूचना के आधार पर विशेष टीम गठित कर जब पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई, तो मौके पर बालू लदे ट्रैक्टरों की कतार मिली। पुलिस को देखते ही सभी चालक अपने-अपने वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। जांच में पाया गया कि सड़क निर्माण क्षेत्र के आसपास अवैध भंडारण के कारण निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा था। बेउर थाना अध्यक्ष अफसर हुसैन ने बताया कि जब्त किए गए किसी भी वाहन के पास वैध कागजात या चालान नहीं मिला है। खनन विभाग के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर अवैध भंडारण और बिना अनुमति बालू की ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग ने आने वाले दिनों में इस तरह की छापेमारी और तेज करने के संकेत दिए हैं।

# रक्षा मंत्री नई दिल्ली में अपने इतालवी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

**समाज जागरण**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 30 अप्रैल, 2026 को नई दिल्ली में इटली के रक्षा मंत्री श्री गुइडो क्रोसेटो के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस बैठक में दोनों मंत्री दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। साथ ही, बदलते सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी वे अपने विचार साझा करेंगे। रक्षा मंत्री की अक्टूबर 2023 में रोम यात्रा के बाद भारत और इटली के बीच रक्षा सहयोग को और गति मिली। रक्षा मंत्री क्रोसेटो की भारत की पहली यात्रा से दोनों देशों की मौजूदा सहयोग को और विस्तार देने और विशेष रूप से औद्योगिक साझेदारी के क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने की इच्छा प्रतिबिंबित होती है।

जनवरी 2026 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच रक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर हुए समझौते से यह स्पष्ट होता है कि दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। यह समझौता रक्षा उद्योग में सहयोग को तेज करने के साथ-साथ साझा हितों वाले क्षेत्रों में नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करेगा।